# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• 11 मई 2025 रविवार • बोकारो संस्करण • वर्ष : 08 • अंक : 346 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1752 :** अमेरिका के फिलाडेल्फिया में पहली अग्नि बीमा पॉलिसी की शुरुआत हुई।

**1784 :** मैसूर और ब्रिटेन के शासक टीपू सुल्तान के बीच शांति संधि पर हस्ताक्षर हुए।

**1857 :** दिल्ली में सिपाही विद्रोह भड़का।

**1951 :** राष्ट्रपति राजेन्द्र प्रसाद ने नवनिर्मित सोमनाथ मंदिर का उद्घाटन किया।

**1965 :** बांग्लादेश में चक्रवाती तूफान से 17 हजार लोगों की मौत हुई।

**1998 :** भारत ने राजस्थान के पोखरण में तीन परमाणु परीक्षण किये।

# झारखंड के 74,500 चापानलों की मरम्मत के लिए 259 करोड़ जारी

## भीषण गर्मी को देखते हुए योजना एवं विकास विभाग ने राशि की स्वीकृति प्रदान की

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राज्य में पड़ रही गरमी को देखते हुए योजना एवं विकास विभाग ने खराब चापानलों की मरम्मत के लिए 259 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। विभाग को मिली सूचना के मुताबिक राज्य में कुल 74,500 चापानल खराब पड़े हैं। जारी की गयी राशि से चापानलों की मरम्मत सुनिश्चित की जायेगी। राज्य के वित्त और योजना एवं विकास मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने बताया कि सामान्य क्षेत्र व जनजातीय क्षेत्रीय उप योजना के तहत विभिन्न जिलों को राशि स्वीकृत कर दी गयी है। पेयजल की दृष्टि से अति संवेदनशील गिरिडीह जिले के लिए 15.70 करोड़ रुपये स्वीकृत किये गये हैं। वहीं, पलामू के लिए 14.7 करोड़ व गढ़वा के लिए 12.5 करोड़ रुपये की



मंजूरी प्रदान की गयी है। राशि से पूर्व से स्वीकृत योजनाओं में दायित्वों का भुगतान करने व शेष राशि जिलों की महत्वपूर्ण योजनाओं पर व्यय करने का निर्देश दिया गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिला योजना अनाबद्ध की राशि से ली जाने वाली योजनाओं की समीक्षा जिलों के उपायुक्त करेंगे। आवंटित राशि का 15 प्रतिशत शहरी क्षेत्रों में खर्च होगा। श्री किशोर ने कहा कि राज्य में व्याप्त पेयजल संकट को देखते हुए राज्य भर में खराब पड़े चापानलों की मरम्मत कराने के लिए पूर्व में विभागीय बैठक की गयी थी। बैठक में योजना सचिव मुकेश कुमार व अपर सचिव गरिमा सिंह समेत अन्य पदाधिकारियों को युद्धस्तर पर चापाकलों की मरम्मत कराने का निर्देश दिया गया था। उसी के आलोक में जिलों को आवंटित राशि का न्यूनतम 15 प्रतिशत का व्यय पेयजल आपूर्ति से संबंधित योजनाओं पर किया जा सकेगा। साथ ही जिलों को कुल आवंटित राशि का 15 प्रतिशत शहरी क्षेत्रों में किया जायेगा। श्री किशोर ने कहा कि पेयजल संकट दूर करने के लिए उपायुक्त राशि के उपयोग की समीक्षा कर विभाग को रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। गरमी के मौसम में जनता को जल संकट से बचाने के लिए युद्धस्तर पर राज्य में चापानल मरम्मत का कार्य किया जायेगा।

# केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने मास्को में प्रवासी भारतीयों के साथ किया संवाद



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** भारत के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ इन दिनों रूस की यात्रा पर हैं। अपनी यात्रा के दूसरे दिन रक्षा राज्यमंत्री ने मॉस्को के भारतीय दूतावास में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रवासी भारतीय लोगों के साथ संवाद किया। मास्को में रह रहे भारतीय समुदाय के लोगो के साथ मुलाकात और संवाद स्थापित करने के कार्यक्रम में रूसी संघ में भारत के राजदूत विनय कुमार ने भारतीय प्रवासियों और दूतावास की ओर से केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का स्वागत किया। इस कार्यक्रम में दूतावास के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रूस में भारतीय समुदाय के लगभग 120 प्रमुख सदस्यों ने भाग लिया।

संवाद के दौरान अपने संबोधन में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि भारत और रूस के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत और प्रगाढ़ बनाने में भारतीय प्रवासियों की उपलब्धियों और योगदान की अहम भूमिका है। रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने कहा कि उन्होंने भारतीय समुदाय से 2047 तक विकसित भारत के निर्माण की यात्रा में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया, जिसमें भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में प्रवासी भारतीयों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर होगा। रांची के सांसद और केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जहां भी रहते हैं अपने काम और कर्मों से जाने जाते हैं। उनका जन्म भले ही हिंदुस्तान में हो लेकिन उनकी कर्मभूमि जहां होती है, वहां वह निष्ठा से अपने कार्यों को करते हैं। यही हर भारतीय की पहचान है। रक्षा राज्य मंत्री ने सभी भारतीय प्रवासियों के साथ संवाद किया। कार्यक्रम का समापन भारत के विकास दृष्टिकोण के प्रति उपस्थित लोगों के बीच गर्व और प्रतिबद्धता की नई भावना के साथ हुआ।

## अमेरिका की मध्यस्थता के बाद भारत व पाकिस्तान सीजफायर के लिए राजी

# 'पाकिस्तान को भारत ने बहुत नुकसान पहुंचाया'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** अमेरिका की मध्यस्थता के बाद भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल प्रभाव से सीजफायर के लिए राजी हो गए। सीजफायर की घोषणा के बाद भारतीय सेना की ओर से प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि हमले पाकिस्तान को बहुत भारी नुकसान पहुंचाया है। कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा पाकिस्तान ने झूठी खबर फैलाई है कि भारतीय हमलों में धार्मिक स्थलों को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि ऐसा बिल्कुल नहीं है। भारतीय सेना ने बहुत संयम और निर्धारित टारगेट पर हमला किया। हमारी कार्रवाई बदले की नहीं थी। हमने सिर्फ हमलों का जवाब दिया है। सेना की पीसी में विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने कहा कि हमने पाकिस्तान को भारी नुकसान पहुंचाया है।



उन्होंने बताया कि जवाबी कार्रवाई में हमने पाकिस्तान के डिफेंस सिस्टम को खत्म कर दिया है। भारत की सेना सुरक्षा करने में पूरी तरह सक्षम है। पाकिस्तान के कई एयरबेस को नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की ओर से ब्रह्मोस बेस को नुकसान पहुंचाने की खबर पूरी तरह से गलत है। महत्वपूर्ण पाकिस्तानी हवाई ठिकानों स्कार्दू, जैकोबाबाद और भोलारी को भारी नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा इक हथियार प्रणाली और रडार के नुकसान ने पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र की रक्षा को असहनीय बना दिया है। विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने पीसी में कहा कि पिछले कुछ दिनों में, जैसा कि हमने देखा है, पाकिस्तान ने हमारे प्रतिष्ठानों पर बिना उकसावे के हमला किया है, जिसके बाद उसे बहुत भारी और असहनीय क्षति हुई है। उसे जमीन और हवा दोनों जगहों पर नुकसान उठाना पड़ा है। नियंत्रण रेखा के पार सैन्य बुनियादी ढांचे, कमांड कंट्रोल सेंटर और लॉजिस्टिक प्रतिष्ठानों को व्यापक और सटीक नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा दो सैन्य कर्मियों की मौत ने इसकी रक्षात्मक और आक्रामक क्षमता और पाकिस्तानी मनोबल को पूरी तरह से तोड़ दिया है। कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि पाकिस्तान ने दावा किया है कि उसने अपने जेएफ-17 से हमारे एस-400 और ब्रह्मोस मिसाइल बेस को नुकसान पहुंचाया है, जो पूरी तरह से गलत है। दूसरे, उसने यह भी गलत सूचना अभियान चलाया कि सिरसा, जम्मू, पठानकोट, भटिंडा, नलिया और भुज में हमारे हवाई अड्डों को नुकसान पहुंचाया गया है और उसकी यह गलत सूचना भी पूरी तरह से गलत है। तीसरे, पाकिस्तान के गलत सूचना अभियान के अनुसार, चंडीगढ़ और व्यास में हमारे गोला-बारूद डिपो को नुकसान पहुंचाया गया है, जो भी पूरी तरह से गलत है। पाकिस्तान ने झूठे आरोप लगाए कि भारतीय सेना ने मस्जिदों को नुकसान पहुंचाया। मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है और हमारी सेना भारत के संवैधानिक मूल्यों का एक बहुत ही सुंदर प्रतिबिंब है। भारतीय सैन्य अधिकारी कमोडोर रघु आर नायर ने कहा कि हम भारतीय सेना, भारतीय नौसेना और भारतीय वायु सेना के बीच बनी सहमति का पालन करेंगे, लेकिन हम मातृभूमि की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के लिए पूरी तरह तैयार, सतर्क और प्रतिबद्ध हैं। पाकिस्तान के हर दुस्साहस का जवाब ताकत से दिया गया है। भविष्य में हर बार तनाव बढ़ने पर निर्णायक जवाब दिया जाएगा। हम राष्ट्र की रक्षा के लिए जो भी ऑपरेशन आवश्यक हो, उसे शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

# बस और हाइवा की टक्कर में तीन बारातियों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले के कड़ौना थाना क्षेत्र के लोदीपुर गांव के पास गया-पटना एनएच-22 पर शनिवार सुबह बारातियों से भरी बस और हाइवा की आमने-सामने टक्कर हुई है। हादसे में एक बच्चे समेत 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है जबकि 20 से ज्यादा लोग घायल हैं। बस में 28 बाराती सवार थे। घायलों में 12 को गंभीर चोटें आई है। इसमें एक को पटना रेफर किया गया है। मृतक की पहचान दुल्हिन बाजार के लाल भासरा गांव निवासी प्रिंस कुमार (14) और अयोध्या यादव (47) और कोयरी बिगहा गांव निवासी चिंतामणि प्रसाद (37) के रूप में हुई है। बारात मसौढ़ी के कादिरगंज थाना क्षेत्र के दतमई गांव से लौट रही थी। इसी दौरान लोदीपुर गांव के पास सामने से आ रही हाइवा ने टक्कर मार दिया। हादसा इतना भयानक था कि बस के सामने का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। इस हादसे के बाद घायलों को सदर अस्पताल जहानाबाद में भर्ती कराया गया है। इसमें सूरज कुमार, धर्मेंद्र कुमार, सत्येंद्र कुमार, अमन कुमार, सदेव पासवान, अभिषेक कुमार, योगिंदर कुमार, गुड्डू कुमार, अमित कुमार, ऋषिकेश कुमार, आयुष कुमार शामिल हैं। वहीं, एक घायल सोहन पंडित की हालत गंभीर होने की वजह से पीएमसीएच रेफर किया गया है। बाराती भोनू ने कहा कि शुक्रवार रात बारात लग गई थी। द्वार पूजन के बाद खाना खाने के बाद सभी बस से निकले थे। आधे घंटे बाद ही हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद कड़ौना थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस घटना की जांच कर रही है। वहीं, स्थानीय लोगों ने बताया कि बाइपास बनने के बाद जिले में सड़क दुर्घटनाएं बढ़ रही है।

# पाकिस्तान के खिलाफ रांची के युवा उतरे सड़क पर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** पहलगाम में 22 अप्रैल को पर्यटकों पर कायराना हमले के जवाब में 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। भारतीय सेना द्वारा 6 मई की मध्य रात्रि के दौरान पाकिस्तान और पीओके के 9 आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक के बाद से पाकिस्तान नफरत की आग में झुलस रहा है। पाकिस्तान पिछले 7 मई से लगातार कायराना हरकत कर रहा है। रिहायशी इलाकों के साथ-साथ स्कूल और अस्पताल तक पर बम से हमला कर रहा है। भारतीय सेना इसका मुकम्मल तरीके से जवाब दे रही है। इधर, पाकिस्तान के कायराना हरकत के खिलाफ झारखंड के युवा अपने-अपने




तरीके से गुस्से का इजहार कर रहे हैं। शनिवार को डीएसपीएम यूनिवर्सिटी के छात्रों ने पाकिस्तान के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। भारतीय फौज के शौर्य की सराहना करते हुए युवाओं ने कहा कि पाकिस्तान के पास भारत से लड़ने की औकात नहीं है। उसको माकूल जवाब दिया जा रहा है। पहलगाम में आतंकियों द्वारा धर्म पूछकर महिलाओं के सामने पुरुषों की हत्या किए जाने की घटना को याद कर छात्र बेहद आक्रोशित दिखे। इस दौरान छात्रों ने जमीन पर पाकिस्तान के झंडा को पेंट किया और बाद में उसको मिट्टी से पोत डाली। साथ ही पाकिस्तान के झंडे को आग के हवाले किया।

# सशक्तिकरण पर ऑनलाइन इंटरेक्टिव सत्र का हुआ आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोकारो।** शनिवार को गुरु गोविंद सिंह एडुकेशनल सोसाइटी में सेल अध्यक्ष अम्लेन्दु प्रकाश और जी.जी.जी.एस.ई.एस.टी. सी., बोकारो के शिक्षकेतर और छात्रों के साथ में सशक्तिकरण पर ऑनलाइन इंटरैकटीव सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र के दौरान उन्होंने कहा की अपने लोगों और कर्मचारियों से जुड़ना, उनका सुझाव लेना और उनका जुनून तथा सब मे कुछ कुछ और कुछ मे सब कुछ का ज्ञान आवशयक है। संस्थान के निदेशक डॉ.(प्रो.) प्रियदर्शी जरूहार के प्रश्न पूछने पर, कि हमारे भारतीय इंजीनियर और विदेशी विकसित देशों के इंजीनियर में आप क्या विशेष फर्क



महसूस करते हैं, तब उन्होंने बताया की उनके मतानुसार भारतीय इंजीनियर काफी मेधावी और कुशल है और अपने संगठन के प्रति काफी समर्पित हैं। वही विदेशी इंजीनियरो की कुछ विषयों पर गहरी और समझ काफी अच्छी है तथा तय किये गये समय कार्यो के दौरान प्रदर्शन अच्छा रहता है। बी.आई.टी. सिंदरी, जे.यू.टी. रांची और जी.जी.एस.ई.एस.टी.सी. के छात्र- छात्राओ के साथ मुखातिब होते हुए, उन्होंने भावी उद्यमी इंजीनियरिंग के छात्र- छात्राओ से संवाद साधा और अपने विचार साझा किये। इस सत्र के दौरान मेकेनिकल इंजीनियरिंग संकाय के प्रो. महमूद आलम और बी. बी. ए. की विभागाध्यक्ष प्रो. कृतिका चौधरी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अंत मे निदेशक जी.जी.एस.ई.एस.टी.सी., बोकारो ने जे.यू.टी., राँची के वी.सी. प्रो. (डॉ.) डी.के. सिंह जी के बाबत धन्यवाद ज्ञापन किये। संस्थान के अध्यक्ष तरसेम सिंह जी और सचिव सुरेंद्र पाल सिंह जी ने इस सत्र के लिए सबों को शुभकामनाएं दिये।

# बरसात से पहले गड्ढा मुक्त होंगी बिहार की ग्रामीण सड़कें

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बरसात के मौसम में आम लोगों को सड़क संबंधी परेशानियों से निजात दिलाने के लिए ग्रामीण कार्य विभाग ने समय रहते ही कमर कस ली है। आज अधिवेशन भवन सभागार में मंत्री अशोक चौधरी की अध्यक्षता में ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम के तहत एक महत्वपूर्ण संवाद सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें राज्य भर के संवेदक और जिला स्तरीय विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर मंत्री श्री चौधरी ने साफ शब्दों में निर्देश दिया कि जून से पहले राज्य की सभी ग्रामीण सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जाना अनिवार्य है ताकि मानसून के दौरान आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने सड़क निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष बल देते हुए स्पष्ट किया कि लापरवाही या समय



सीमा का उल्लंघन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संवेदकों के भुगतान को और अधिक पारदर्शी और समयबद्ध बनाने पर भी मंत्री ने जोर दिया। ग्रामीण कार्य विभाग के अपर मुख्य सचिव ने इस मौके पर स्पष्ट कहा कि गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और सभी कार्य समय पर पूरे हों, यह सुनिश्चित करना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी जिलों में अधिकारियों और संवेदकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्यों को प्रभावी ढंग से संपन्न करने का आह्वान किया। वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 14087 पथ, जिनकी कुल लंबाई 24482 किलोमीटर है, की स्वीकृति प्रदान की गई है। इनमें से 6374 पथों पर कार्य आवंटित कर दिया गया है। संवाद सत्र के दौरान अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त भगवत राम ने विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम के तहत, उन सभी ग्रामीण पथों को आगामी सात वर्षों तक मानक अनुरूप सेवा स्तर पर बनाए रखने की व्यवस्था की गई है, जो अपनी पंचवर्षीय अनुरक्षण / त्रुटि निवारण अवधि पूर्ण कर चुके हैं। इस अवधि के भीतर इन पथों के कालीकृत हिस्सों पर दो बार कालीकरण (री-सर्फेसिंग) करना है। संवाद सत्र में विशेष सचिव उज्ज्वल कुमार सिंह, अभियंता प्रमुख निर्मल कुमार एवं विभाग के अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।


FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT

DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY

GLOBAL VISION

(A Complete Solution in Professional Services)

: Regd. Office/ Head Office :

Manaitand, Near Water Tank

Dhanbad, Jharkhand- 826001

Command Office : Jagat Trade Centre, Patna

Contact No.- 9835333441, 8210823092

E-Mail : globalvision96@yahoo.in

संक्षिप्त समाचार

## गोशाला ईदगाह में शुरू हुई लीची की तुड़ाई

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** गोशाला ईदगाह के बगान में शुक्रवार को शाही लीची की तुड़ाई की गई। शनिवार की सुबह इसे बिहार संपर्क क्रांति से दिल्ली भेजा जाएगा। रविवार की सुबह दिल्ली की आजादपुर मंडी पहुंचेगी। लीची व्यापारी मो. निजाम ने बताया कि जिले में सबसे पहले गोशाला ईदगाह की लीची पकती है। इसलिए सबसे पहले यहां से तुड़ाई शुरू होती है। बताया कि यह यह लीची आजादपुर मंडी में 125-150 रुपये किलो के बीच बिकने का अनुमान है। इधर कुछ अन्य बगानों में भी लीची लाल हुई है, जो 15 मई तक पक जाएगी। 20 मई के बाद बगानों से शाही लीची की तुड़ाई शुरू हो जाएगी।

## जलसंकट व आवास योजना की समस्या का हो समाधान

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** निगम द्वारा शुक्रवार को आयोजित 'आपका शहर आपकी बात कार्यक्रम में लोगों ने जलसंकट व आवास योजना से जुड़ी समस्याओं के समाधान की मांग की। वार्ड संख्या सात में आवास योजना से जुड़ी समस्या अहम रही। लोगों ने जलसंकट, सफाई में गड़बड़ी, स्ट्रीट लाइट की खराबी और सड़क-नाला के निर्माण की मांग भी की। भूमि सुधार उप समाहर्ता (पश्चिमी) धीरेंद्र कुमार ने समस्याओं के जल्द समाधान की बात कही। मौके पर स्थानीय वार्ड पार्षद सुषमा देवी व निगम के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। वार्ड 47 में आयोजित कार्यक्रम में लोगों ने बताया कि विशेषकर गर्मी के मौसम में पानी की उपलब्धता बहुत कम हो जाती है। सड़क, नाला की समस्याएं भी बताई। अधिकारियों ने सभी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## रेलवे गुमटियों की सीसीटीवी कैमरे से निगरानी शुरू

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** रेलवे गुमटियों पर सीसीटीवी कैमरा स्थापित करने का काम शुरू हो गया है। मिठनपुरा स्थित 100 स्पेशल रेलवे गुमटी पर 360 डिग्री एआइ युक्त कैमरा स्थापित किया गया है। रेल अधिकारियों ने बताया कि इस कैमरे से रेलवे गुमटी की सुरक्षा बढ़ेगी। कैमरे की मॉनिटरिंग रेल मंडल मुख्यालय स्थित कंट्रोल रूम से की जाएगी। रेलवे बोर्ड ने रेलवे गुमटियों पर एआइ बेस्ड सीसीटीवी कैमरा लगाने को लेकर निर्देश जारी किया था। इसी के तहत यह पहल की गई है।

## रामायण कथा समाज को भाईचारा निभाना की शिक्षा देती है : साध्वी प्रियंका शास्त्री

**भागलपुर, एजेंसी।** शाहकुंड के दीनदयालपुर गांव में चल रहे श्री राम कथा के अंतिम दिवस में साध्वी प्रियंका शास्त्री ने हिंदुस्तान पाकिस्तान का ऑपरेशन सिंदूर को कथा से जोड़ते हुए कहा कि हम सबको एक होना है। रावण ने भी अंतिम शिक्षा दिवस में यही कहा कि हम सबको एक रहना चाहिए अगर विभीषण मेरे खिलाफ ना होता तो राम जी मुझे नहीं मार ना पाते। राम जी इसीलिए जीते क्योंकि उनके भाई लक्ष्मण उनके साथ थे और रावण इसलिए हारा क्योंकि उसका भाई विभीषण उसके खिलाफ था। दीदी ने कहा इसी प्रकार से अगर जात-पात बुलाकर के हम सब सनातनी एक हो जाएं तो पूरा विश्व ही क्यों न मिल जाए लेकिन भारत को कोई परास्त नहीं कर सकता। दीदी ने कहा कि कंधों से ऊंची छाती नहीं होती और धर्म से बड़ी कोई जाति नहीं होती। दीपक ही नहीं बचेगा तो बाती का क्या करोगे और धर्म ही नहीं बचा तो जाति का क्या करोगे। रामायण कथा समाज को भाईचारा निभाने की शिक्षा देती है। समाज को सही राह दिखाने की शिक्षा देती है और जीवन को जीने की शैली सिखाती है। इसलिए हर घर में रामायण होना चाहिए और सबको रामायण जरूर पढ़ना चाहिए।

# बैंक लूटकांड में वैशाली, मुजफ्फरपुर से 6 संदिग्ध को उठाया: समस्तीपुर में 50 से अधिक सीसीटीवी खंगाला



**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर में बुधवार की सुबह बैंक ऑफ महाराष्ट्र की शाखा में 5 करोड़ की डकैती हुई। बदमाश 15 लाख कैश भी लेकर फरार हो गए। 9 की संख्या में हथियारबंद अपराधी ग्राहक के वेश में बैंक में घुसे थे। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए एसटीएफ और पुलिस टीम लगातार छापेमारी कर रही है। मुजफ्फरपुर और वैशाली से 6 संदिग्ध को उठाया है। शुक्रवार को पुलिस टीम बैंक पहुंची। लूट की घटना का सीन ऑफ रिक्रिएशन कराया गया।

## रिलायंस ज्वेलर्स शोरूम लूट में शामिल अपराधियों पर शक

### 9 बदमाश हथियार के साथ बैंक में घुसे थे

बैंक में 2 साल से गार्ड की तैनाती नहीं है, इसलिए वारदात को अपराधियों ने बड़ी आसानी से अंजाम दिया। बुधवार सुबह बैंक के खुले डेढ़ घंटे ही हुए थे। 5 कर्मियों के अलावा डिप्टी मैनेजर ब्रांच में मौजूद थे। ग्राहकों में एक दंपती समेत 2 ग्राहक थे, तभी करीब 11.30 बजे 9 डकैत बैंक में घुसे। अपराधी 32 मिनट बैंक में रुके। सारा सोना और कैश हरे रंग के बड़े झोले में ले गए। एक ने हेलमेट लगाया था, बाकी के चेहरे दिख रहे थे। ये सोना गोल्ड गिरवी रखकर लोन लेने वाले ग्राहकों का था। तिजोरी में 60 से अधिक ग्राहकों का सोना था। ये किन-किन लोगों के थे, अभी क्लियर नहीं है। इसके अलावा 15 लाख कैश भी थे। अपराधियों की उम्र 20 से 25 के बीच बताई जा रही है। बदमाश वैशाली और मुजफ्फरपुर में बोली जाने वाली भाषा (बजिका) में बात कर रहे थे। इन लोगों ने सोना और कैश के साथ बैंक कर्मियों और ग्राहकों के करीब 8 मोबाइल भी लूट लिए। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट भी की गई।

पुलिस को शक है कि 2 साल पहले शहर के रिलायंस ज्वेलर्स में हुई लूट में शामिल गिरोह ने इस घटना को अंजाम दिया है। गिरोह का सरगना कर्मवीर उर्फ धर्मवीर अभी तक पुलिस की पकड़ में नहीं आया है।

हालांकि आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं हुई है। टीम में अपराधियों के भागने की दिशा में करीब 50 से अधिक जगहों पर सीसीटीवी फुटेज खंगाला है। गंगापुर रोड पर एक शोरूम में लगे सीसीटीवी में बाइक पर हरे रंग का झोला लेकर भागते हुए बदमाश की तस्वीर कैद हुई है।

### पुलिस को मिले अहम सुराग

एसपी अशोक मिश्रा ने बताया कि इस मामले में जिला एसटीएफ टीम के साथ ही एसटीएफ लगातार छापेमारी कर रही है। कुछ अहम सुराग भी मिले हैं। जिसके आधार पर गिरोह के करीब पहुंचने की कोशिश की जा रही है।

### वाहन के मॉडल से अपराधियों के करीब पहुंचेगी पुलिस

अपराधी जिस बाइक से बैंक पहुंचे थे। उसकी भी जांच की जा रही है। मॉडल के आधार पर पता लगाया जा रहा है, ये किस जिला में रजिस्टर्ड है। इसके बाद पुलिस को बदमाशों के करीब पहुंचने में आसानी होगी। वारदात में शामिल एक बदमाश को छोड़कर सभी का चेहरा ओपन था।

### पटना और समस्तीपुर जेल में बंद बदमाशों से पूछताछ

पुलिस सूत्रों के मुताबिक सोना लूटकांड में पटना और समस्तीपुर जेल में बंद मास्टरमाइंड से भी पूछताछ हुई है। कई अहम सुराग भी मिले हैं। जिस आधार पर पुलिस इस मामले में आगे बढ़ रही है।

## जहानाबाद में ट्रेन का इतंजार कर रहे यात्रियों पर गिरा लिंडो शेड, हादसे में 4 लोग घायल

### मची अफरा-तफरी



**जहानाबाद, एजेंसी।** पटना - गया रेलखंड के जहानाबाद कोर्ट हॉल्ट के प्लेटफार्म नंबर दो पर शुक्रवार की शाम करीब छह बजे एक सीमेंट लिंडो शेड (छोटा यात्री शेड) के अचानक गिर जाने से वहां बैठे चार लोग घायल हो गए। घायलों में टेहटा के सेरथुआ गांव के निवासी बूंदीलाल यादव, कोर्ट एरिया के निवासी नरेंद्र कुमार, मखदुमपुर के दाउदपुर निवासी नीतीश कुमार और महादेव विगहा गांव के निवासी सुबोध कुमार शामिल हैं। इन चारों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को पटना रेफर किया गया है।

एक की हालत ज्यादा गंभीर बताई गई है। इस घटना की सूचना पाकर एसडीएम राजीव रंजन सिन्हा, एसडीपीओ राजीव कुमार सिंह , नगर थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर दिवाकर कुमार विश्वकर्मा के अलावा जहानाबाद रेल थाने की पुलिस घटनास्थल और सदर अस्पताल में पहुंचकर मामले की तहकीकात की। पुलिस पदाधिकारियों ने घायलों का इलाज कराया जहां सदर अस्पताल के डॉक्टर ने उनकी स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद पीएमसीएच रेफर कर दिया। एसडीपीओ ने बताया कि सभी घायलों के परिजनों को सूचना दी गई। वे यहां पहुंचे।

घटना के संबंध में बताया गया है कि जहानाबाद कोर्ट हॉल्ट के प्लेटफार्म नंबर -2 पर यात्रियों के बैठने के लिए पूर्व के वर्षों में छोटे-छोटे सिमेन्टेड शेड बनाए गए थे। चारों तरफ से खुला रहने वाला लिंडो शेड के नीचे ऊक्त चारों लोग बैठे हुए थे। ट्रेन का इंतजार कर रहे थे, तभी अचानक शेड गिर गया। ऊक्त चारो लोग उसके नीचे दब गए। चीख - पुकार सुनकर प्लेटफार्म पर और उसके आसपास के लोग दौड़कर वहां पहुंचे। शेड के मलबे हटाकर ऊक्त चारों लोगों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भेजा। सूचना पाकर प्रशासन के अधिकारी भी वहां गए। बड़ी संख्या में अस्पताल में लोगों की भीड़ लग गई। सदर अस्पताल में ड्यूटी पर कार्यरत चिकित्सक ए. के .नंदा का कहना है कि छज्जा के मलबे से चारों यात्री घायल हुए हैं। एक व्यक्ति का दोनो पैर फ्रैक्चर कर गया है। अन्य तीन भी घायल हुए हैं। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को पटना रेफर किया गया है।

बिहार में दर्दनाक हादसा

## धू-धू कर जला हाईवा ट्रक केबिन में बंद ड्राइवर की मौत



**कटिहार, एजेंसी।** बिहार के कटिहार में एक ट्रक ड्राइवर अपनी गाड़ी में लगी आग में जलकर छटपटाते हुए मर गया। लोगों ने आग बुझाकर उसे निकालने की पूरी कोशिश की लेकिन केबिन का लॉक फंस जाने के कारण उसे नहीं निकाला जा सका। घटना पोठिया थाना क्षेत्र अंतर्गत रिलायंस पेट्रोल पंप खोटा चौक के समीप मध्य रात्रि की की है। ड्राइवर चिल्ला चिल्लाकर जान बचाने की गुहार लगाता रह गया पर कोई कुछ नहीं कर सका। बाद में ट्रक की आग बुझाकर उसकी लाश को निकाला गया जिसे पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

घटना के वक्त हाईवा ट्रक का ड्राइवर गाड़ी में ही सो रहा था।।बताया जाता है कि बीते शुक्रवार की रात्रि करीब 1:00 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग 31 पर पेट्रोल पंप के सामने सड़क के किनारे हाइवा खड़ी थी। तभी पीछे से अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया। ठोकर लगने के बाद ट्रक में आग लग गई और ट्रक में सो रहे चालक की जलकर मौत होगी। घटना का वीडियो भी वायरल हो रहा है जिसमें गाड़ी धू-धू कर जल रही है और ड्राइवर केबिन में छटपटा रहा है। स्थानीय पेट्रोल पंप के कर्मचारियों ने बीच-बचाव में काफी जद्दोजहद किया लेकिन ट्रक के अंदर बंद चालक को जलता देखते रह गये। उसे निकालने में सफलता नहीं मिली। घटना से इलाके में शोक की लहर उत्पन्न हो गई। आग की लपटे इस कदर उठ रही थी कि बीच-बचाव में लोग कुछ नहीं कर सके। पास में स्थित एक पेट्रोल पंप के कर्मचारी अग्निशमन टैंक से ट्रक की आग बुझाने की काफी कोशिश कर रहे थे। लेकिन आग की भयावहता इतनी बड़ी थी कि उधर ट्रक में फंसे चालक जान बचाने के लिए चिल्लाते रह गए। आग की लपटे में चालक जलकर राख हो गया। पुलिस मामले में आवश्यक कार्रवाई कर रही है। मृत चालक के परिजनों के लिए मुआवजे की मांग की जा रही है।

## आरा में सड़क हादसे में मां की मौत तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने कुचला

### बेटे की हालत गंभीर, बाइक से दवा लेने जा रही थी



**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** आरा-अरवल मार्ग पर तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने सड़क किनारे खड़े मां-बेटे को रौंद दिया। हादसे में मां की मौत हो गई, जबकि बेटे की हालत गंभीर बनी हुई है। इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ड्राइवर गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। घटना पवना थाना क्षेत्र के पवना बाजार की है। मृतका की पहचान नारायणपुर थाना क्षेत्र के बनौली निवासी जितेंद्र राय की पत्नी रंजू देवी(46) के तौर पर हुई है। परिजनों ने बताया कि बेटे अनीश कुमार के साथ बाइक से दवा लेने के लिए आरा जा रही थी। रास्ते में अनीश टॉयलेट करने रूका। इस दौरान अनियंत्रित गाड़ी ने टक्कर मार दी। मौके पर मौजूद लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहां रंजू देवी की मौत हो गई।

### जांच में जुटी पुलिस

मामले की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आरोपी ड्राइवर की तलाश की जा रही है। मौत की खबर सुनते ही परिजनों के बीच कोहराम मच गया। बेटी निधि देवी और रोशनी कुमारी का रो-रोकर बुरा हाल है।

## बारातियों से भरी बस हाईवा से टकराई, 3 की मौत

### टक्कर के बाद बस का ऊपरी हिस्सा उड़ा, मृतकों में एक बच्चा, 20 से ज्यादा घायल



**जहानाबाद, एजेंसी।** जहानाबाद में शनिवार की सुबह बारातियों से भरी बस और हाईवा की आमने-सामने टक्कर हुई है। इस हादसे में एक बच्चे समेत 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। इसके साथ ही 20 से ज्यादा लोग घायल हैं। घायलों में 12 को गंभीर चोट आई है, एक को पटना रेफर किया गया है। घटना गया-पटना एनएच22 की है। हादसा कडौना थाना क्षेत्र के लोदीपुर गांव के पास हुआ है। मृतक की पहचान दुल्हिन बाजार के लाल भासरा गांव निवासी प्रिंस कुमार (14) और अयोध्या यादव (47) और कोयरी बिगहा गांव निवासी चिंतामणि प्रसाद (37) के रूप में हुई है।

### बारातियों के निकलने के आधे घंटे बाद हुआ हादसा

बस में 28 बाराती सवार थे। बारात मसौढ़ी के कादिरगंज थाना क्षेत्र के दतमई गांव से लौट रही थी। इसी दौरान लोदीपुर गांव के पास सामने से आ रही हाईवा ने टक्कर मार दिया। हादसा इतना भयानक था कि बस के सामने का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। इस हादसे के बाद घायलों को सदर अस्पताल जहानाबाद में भर्ती कराया गया है। एक घायल सोहन पंडित की हालत गंभीर होने की वजह से पीएमसीएच रेफर किया गया है। बाराती भोनू ने कहा- शुक्रवार रात बारात लग गई थी। द्वार पूजन के बाद खाना खाने के बाद सभी बस से निकले थे। आधे घंटे बाद ही हादसा हो गया। 25 लोग घायल हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद कडौना थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस घटना की जांच कर रही है। वहीं, स्थानीय लोगों ने बताया कि बाइपास बनने के बाद जिले में सड़क दुर्घटनाएं बढ़ रही है।

### 10 मीटर एयर राइफल मिक्सड टीम यूथ कैटेगरी में बिहार को मिला पहला मेडल

## बिहार की शूटर्स जोड़ी ने जीता ब्रॉन्ज मेडल



**पटना, एजेंसी।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में बिहार की शूटर्स जोड़ी ने आज ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। 10 मीटर एयर राइफल मिक्सड टीम यूथ कैटेगरी में दिव्या श्री और रुद्र प्रताप सिंह की जोड़ी ने 16-14 के बेहद रोमांचक मुकाबले में उत्तर प्रदेश को हराया। पहले चार राउंड तक बिहार ने बढ़त बना ली थी। वहीं, बिहार ने आज दो गोल्ड मेडल भी जीता है। बिहार की रग्बी टीम ने पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गए खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के दौरान ओडिशा को हराकर दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। बिहार की ओर से दिव्या श्री का प्रदर्शन शुरू से ही बेहद स्थिर और प्रभावशाली रहा। पहले राउंड में उन्होंने 20.8 और फिर 20.3 और 20.5 का स्कोर दर्ज किया। उनकी निरंतरता ने टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। रुद्र प्रताप ने चौथे राउंड से लय पकड़ी और 5वें से 15वें राउंड तक टीम को मजबूती से बनाए रखा।

बिहार की लड़कियों ने ओडिशा की टीम को 22-0 से हराते हुए एकतरफा जीत दर्ज की जबकि लड़कों ने रोमांचक मुकाबले में 14-12 से जीत हासिल की। अब बिहार के पास तीन स्वर्ण, पांच रजत और आठ कांस्य पदक हैं और वह अंक तालिका में 13वें स्थान पर है।

**अंतिम राउंड में रचा गया इतिहास :** एक समय स्कोर 13-13 पर बराबरी पर था लेकिन 14वें राउंड में बिहार ने बढ़त बना ली। यूपी टीम ने 14वें राउंड में 20.9 का स्कोर किया जबकि बिहार टीम का स्कोर 21.0 रहा। इस प्रकार बिहार टीम को 2 अंक मिले और स्कोर 15-13 हो गया। 15वें और आखिरी राउंड में यूपी को बराबरी के लिए 2 अंकों की जरूरत थी, लेकिन दोनों टीमों ने 20.6-20.6 का बराबर स्कोर किया। इस वजह से दोनों टीमों को 1-1 अंक प्राप्त हुआ। इस प्रकार बिहार टीम ने 16-14 से ब्रॉन्ज मेडल मुकाबला जीत लिया।

**दिहाड़ी मजदूर की बेटी ने एक ही दिन में जीता तीन पदक:** वहीं, झारखंड के चतरा जिले की सबीना ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में तीन पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। दिहाड़ी मजदूर की बेटी सबीना ने लड़कियों की कीरिन और टीम स्प्रिंट में दो स्वर्ण पदक, तथा 200 मीटर स्प्रिंट में कांस्य पदक हासिल किया। सबीना ने कहा कि यह मेरा पहला खेलो इंडिया यूथ गेम्स था और मैं अपनी परफॉर्मेंस और तीनों पदकों से बहुत खुश हूं। इनमें से व्यक्तिगत कीरिन मेरा सर्वश्रेष्ठ था।

**मुख्यमंत्री ने बेगूसराय स्थित खेल परिसर का किया मुआयना :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज बेगूसराय जिले के यमुना भगत स्टेडियम में खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के खेल परिसर का मुआयना करने पहुंचे थें। उन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात भी की। इस बीच उन्होंने आंध्र प्रदेश और हरियाणा की महिला खिलाड़ियों के बीच हुए फुटबॉल मैच का अवलोकन भी किया।

## मुख्यमंत्री आवास के सामने कार का एक्सीडेंट :पटना में वाहन ने पोल में मारी टक्कर, एयर बैग से बाल-बाल बचा चालक



**पटना, एजेंसी।** पटना में शनिवार की सुबह मुख्यमंत्री आवास के ठीक सामने सर्कुलर रोड में फोर व्हीलर की पोल से टक्कर हो गई है। जिसकी वजह से गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। मुख्यमंत्री आवास का पिछला द्वार और राबड़ी आवास के बीच ठीक सामने सुबह-सुबह तेज रफ्तार कार ने इलेक्ट्रिक पोल में जबरदस्त टक्कर मारी थी, जिसके बाद गाड़ी का इंजन पूरी तरह से धंस गया और मुख्यमंत्री आवास के सामने हड़कंप मच गया।

**एयर बैग खुलने से बचा चालक :** गाड़ी बहुत तेज रफ्तार में आ रही थी जबकि मुख्यमंत्री आवास के पास गाड़ियों के स्पीड लिमिट तय किए गए हैं। वाहन चला रहे व्यक्ति की बाल बाल जान बची है। क्योंकि एक्सीडेंट होते ही गाड़ी का सुरक्षा बैलून निकल गया और व्यक्ति की जान बच पाई। फिलहाल गाड़ी चालक गाड़ी को छोड़कर निकल गया है। सचिवालय थाना पुलिस वहां पहुंची है और जांच शुरू किया है। पुलिस कर्मियों के मुताबिक गाड़ी को ट्रैफिक पुलिस के हवाले किया जाएगा और गाड़ी को उठाकर ले जाया जाएगा।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 52 हजार 262 मामले का निस्तारण

## 30 करोड़ नौ लाख 60 हजार 813 रुपए का मामला सेटल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** झालसा के दिशा निर्देश व पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष दिवाकर पाण्डेय की देखरेख में शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में 52 हजार 262 मामले का निस्तारण किया गया वहीं 30 करोड़ नौ लाख 60 हजार 813 रुपए का मामला सेटल हुआ। राष्ट्रीय लोक अदालत में मामले निस्तारण को ले 15 पीठों का गठन किया गया था। इसमें 13 पीठ सिविल कोर्ट पलामू में बना था। पीठ संख्या 14 हुसैनाबाद अनुमंडलीय कोर्ट के मामले का निस्तारण किया गया। मामले का निस्तारण एसडीएम गौरांग महतो व अधिवक्ता रामचन्द्र सिंह कर रहे थे। पीठ संख्या 15 में छतरपुर अनुमंडलीय न्यायालय से संबंधित मामले का निस्तारण अनुमंडल पदाधिकारी आशीष कुमार गंगवार व अधिवक्ता राकेश कुमार मिश्र कर रहे थे। राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री- लिटीटिगेशन के 47 हजार 398 मामले का निस्तारण किया गया। कोर्ट में लंबित 4864 मामले का निस्तारण किया गया ।मामले निस्तारण के लिए रिजर्व पीठ में जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश नवम आभाष कुमार व एसीजेएम सुशीला सोरेंग को रिजर्व में को रखा गया था। रिजर्व अधिवक्ता में अजय कुमार पांडेय व संजीव कुमार सिंह को रखा गया था। एक हेल्प डेस्क बनाया गया था। इसमें लोगों को मदद के लिए विक्रम सहाय अधिवक्ता व मुनेश्वर राम पीएलभी को लगाया गया था। मौके पर कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संजीव कुमार दास, जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रथम अखिलेश कुमार , पंचम स्वेता ढींगरा, तृतीय शंकर महाराज, सीजेएम मनोरंजन कुमार, रविशंकर पांडेय, सिविल जज सीनियर डिवीजन, जेएम निशिकांत, रेलवे जेएम प्रागेश निगम ,जेएम रोजलिना बारा, उपभोक्ता फॉर्म के अध्यक्ष मोहम्मद नसरुद्दीन, स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता, सदर एसडीएम सुलोचना मीणा, हुसैनाबाद एसडीएम गौरांग महतो, छतरपुर एसडीएम आशीष गंगवार, अधिवक्ता वीणा मिश्रा , ज्ञान रंजन, हुसैन बारिश, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चन्द्र सिंह , अधिवक्ता संतोष कुमार तिवारी, एलएड्रीसी के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय, अधिवक्ता सुधा कुमारी, एलएडीसी के असिस्टेंट वीर विक्रम वक्स राय, अधिवक्ता संजय कुमार सिन्हा, उपभोक्ता फोरम के सदस्य राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, स्थाई लोक अदालत की सदस्य महिमा श्रीवास्तव, एलएडीसी के असिस्टेंट कुमारी नीतू सिंह, अधिवक्ता रामचंद्र सिंह, राकेश कुमार मिश्र, इन्सुरेंस कम्पनी के अलावे बिभिन्न बैंक, वन विभाग, उत्पाद विभाग, बीएसएनएल के अलावे दर्जनों विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

## 20 सूत्री समिति की बैठक 16 को

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** राज्यपाल के आदेश के बाद नए 20 सूत्री कमिटी के गठन के बाद पहली बार कौआकोल प्रखण्ड मुख्यालय में 20 सूत्री सह प्रखण्ड स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक 16 मई को प्रखण्ड कार्यालय भवन के सभागार कक्ष में आयोजित की जाएगी। उक्त आशय की जानकारी देते हुए प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह 20 सूत्री सचिव डॉ0 अखिलेश कुमार ने बताया कि प्रखण्ड 20 सूत्री अध्यक्ष दिलीप कुमार से प्राप्त निर्देश के आलोक में सामान्य बैठक 16 मई को 11 बजे दिन से शुरू होगी। बैठक में परिचय सत्र के बाद सभी सम्बंधित विभागों व योजनाओं की अद्यतन स्थिति पर चर्चा, महिला संवाद तथा डॉ. भीमराव अंबेदकर समग्र सेवा अभियान बैठक का मुख्य एजेंडा रहेगा।

# डालसा सचिव अर्पित श्रीवास्तव को स्थानांतरण उपरांत दी गई विदाई



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) के सचिव सह वरीय सिविल जज (सीनियर डिवीजन) अर्पित श्रीवास्तव को स्थानांतरण उपरांत शनिवार को उनके वेश्म में भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल (एलएडीसी) से जुड़े अधिवक्ताओं ने पुष्पगुच्छ और मोमेंटो भेंट कर उनके कार्यों की सराहना की। ज्ञात हो कि अर्पित श्रीवास्तव का स्थानांतरण झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, रांची में प्रधान डिप्टी सेक्रेटरी के पद पर किया गया है। एलएडीसी के चीफ अमिताभ चंद सिंह ने कहा कि उनके मार्गदर्शन में पूरी टीम ने एकजुट होकर कार्य किया और कई निरीह व कमजोर वर्गों को सुलभ न्याय दिलाया गया। उन्होंने यह भी कहा कि सरकारी सेवा में स्थानांतरण सामान्य प्रक्रिया है, लेकिन उनकी कार्यशैली और सरलता की कमी हमेशा महसूस होगी। डालसा के माध्यम से न केवल विधिक सहायता बल्कि मुआवजा दिलाने के कार्य में भी उल्लेखनीय सफलता मिली। एलएडीसी के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि अर्पित श्रीवास्तव अपने पीछे एक अमिट छाप छोड़कर जा रहे हैं, जिसका स्मरण पलामू के लोग लंबे समय तक करते रहेंगे। उनके कार्यकाल को शब्दों में समेटना कठिन है। विशेष रूप से न्यायिक प्रक्रिया के प्रति उनकी संवेदनशीलता, जेल में बंद कैदियों और गरीब वर्ग के हित में किए गए प्रयास प्रेरणादायक हैं।


उनकी सहजता, संवाद की कुशलता और समानता से व्यवहार करने की शैली ने अधिवक्ताओं, पीएलभी, आमजन और पीड़ित परिवारों को अपनापन का एहसास कराया।

कार्यक्रम में एलएडीसी के असिस्टेंट वीर विक्रम वक्स रॉय, कुमारी नीतू सिंह, एलएडीसीएस के असिस्टेंट अमित विश्वकर्मा, पीएलभी मुनेश्वर राम समेत कई लोग उपस्थित रहे।

# बी.एड/एम.एड/बी.पी.एड संयुक्त प्रवेश परीक्षा 11 मई को, निषेधाज्ञा घोषित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** बी.एड/एम.एड/बी.पी.एड संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2025 परीक्षा 11 मई 2025 (रविवार) को पूर्वाहन10:30 बजे से अपराह्न12:30 बजे तक होगी। परीक्षा को लेकर मेदिनीनगर सदर क्षेत्र में सात परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इन परीक्षा केन्द्रों में एम.के. डीएभी पब्लिक स्कूल, राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय जिला स्कूल, विमला पांडेय मेमोरियल ज्ञान निकेतन, आर.के. गिरीवर प्लस टू उच्च विद्यालय, ब्राइट लैंड स्कूल, बी.सी.सी. मिशन बालिका उच्च विद्यालय एवं आर.के. ब्राह्मण प्लस टू उच्च विद्यालय शामिल हैं।




परीक्षा आयोजन को लेकर परीक्षा केन्द्रों पर निषेधाज्ञा घोषित किया गया है। सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत प्रदत शक्तियों का उपयोग करते हुए परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर की परिधि में परीक्षा की तिथि को परीक्षा के दौरान बी.एन.एस.एस. के अंतर्गत निषेधाज्ञा घोषित की है। यह निषेधाज्ञा परीक्षा केन्द्रों पर निर्धारित तिथि को ही लागू होगा।

निषेधाज्ञा घोषित होने से परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर की परिधि के अंदर कोई भी व्यक्ति घातक हथियार लाठी (बूढ़ा एवं अपंग) को छोड़कर भाला, गड़ासा, छूरा, अग्नेयास्त्र लेकर नहीं चलेगा। वहीं दाह-संस्कार, धार्मिक एवं शादी-विवाह के जुलूस को छोड़कर पांच अथवा पांच से अधिक व्यक्ति एक साथ मजमा बनाकर नहीं चलेगा। कोई भी संस्था/व्यक्ति द्वारा बिना अनुमति के लाउडस्पीकर का प्रयोग वर्जित होगा। परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्रों पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारी/वीक्षक/परीक्षार्थी/पुलिस बल को छोड़कर कोई भी व्यक्ति परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर की परिधि में नहीं जायेगा। कोई भी व्यक्ति मटरगश्ती नहीं करेगा या चिट-पुर्ज़ा, प्रश्नपत्र वितरित नहीं करेगा। परीक्षा केन्द्र के 100 मीटर की परिधि के अंदर सभी फोटो स्टेट (फोटो कॉपी) के दुकान में परीक्षा संबंधी कोई भी अनुचित कार्य नहीं होंगे।

# नर्सरी तैयार कर अच्छी किस्मों के पौधे लगाएं किसान : उप विकास आयुक्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद की अध्यक्षता में आज समाहरणालय के विकास शाखा स्थित सभागार में मनरेगा अंतर्गत पौधरोपण से जुड़े किसानों को फलदार पौधों की नर्सरी तैयार करने का प्रशिक्षण दिया गया। उप विकास आयुक्त ने किसानों को नर्सरी तैयार कर गुणवत्ता पूर्ण व अच्छी किस्मों का पौधरोपण करने की सलाह दी।

मनरेगा अंतर्गत फलदार नर्सरी बनाने के लिए प्रत्येक प्रखंड से पांच-पांच मनरेगा के बागवानी के लाभुकों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। क्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केन्द्र के वैज्ञानिक प्रमोद कुमार, प्रदान




सीएसओ लंकेश कुमार ने किसानों को प्रशिक्षण दिया। इस दौरान किसानों को फलदार पौधों की नर्सरी तैयार करने की तकनीकी जानकारी दी गई। उन्हें पौधा से ग्राफ्टिंग कर नया पौधा तैयार करने की विधि बताई गई। प्रशिक्षण में पूर्व से मनरेगा के बागवानी योजना से जुड़े 105 किसानों ने भाग लिया। प्रत्येक प्रखंड से पांच-पांच मनरेगा के बागवानी के लाभुक प्रशिक्षक शामिल हुए। प्रशिक्षकों के अलावा मनरेगा के परियोजना पदाधिकारी उपेंद्र राम, तकनीकी सहायक संजीत कुमार, जेएसएलपीएस की डीपीएम अनिता केरकेट्टा सहित प्रखंडों के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मंडल डैम को लेकर बढ़ी उम्मीद चीफ सेक्रेटरी ने लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पलामू।** उत्तर कोयल नहर परियोजना मंडल डैम का शनिवार को झारखंड के चीफ सेक्रेटरी अलका तिवारी ने जायजा लिया। इस दौरान झारखंड सरकार के कई टॉप अधिकारी मौजूद रहे. दरअसल, मंडल डैम परियोजना 70 की दशक से अधूरी है। 5 जनवरी 2019 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंडल डैम के अधूरे कार्य को पूरा करने के लिए ने आधारशिला रखी थी। मंडल डैम परियोजना का कार्य 2022 तक पूरा होना था लेकिन 2025 तक पूरा नहीं हो पाया है क्योंकि डैम क्षेत्र के विस्थापितों के साथ मुआवजा का विवाद है। चीफ सेक्रेटरी अलका तिवारी ने मुआवजा और अन्य बिंदुओं को लेकर समीक्षा की है। इस दौरान कृषि एवं वन विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दीकी, जल संसाधन विभाग के सचिव प्रशांत कुमार, पलामू, गढ़वा और लातेहार के डीसी एसपी मौके पर मौजूद थे।



**नक्सलियों के गढ़ से रिलोकेट होने वाले परिवारों से की मुलाकात**

इससे पहले चीफ सेक्रेटरी अलका तिवारी ने पलामू टाइगर रिजर्व के कोर एरिया से विस्थापित होने वाले परिवारों से मुलाकात की। पलामू टाइगर रिजर्व के कोर एरिया नक्सलियों का गढ़ रहा है। उस इलाके से 79 परिवारों को पलामू के सतबरवा के पोलपोल में बसाया गया है। पोलपोल में बसने वाले सभी ग्रामीणों के साथ चीफ सेक्रेटरी और अन्य अधिकारियों ने मुलाकात की। इसके साथ ही इलाके में रह रहे विस्थापितों के समस्याओं का भी जानकारी ली। पोलपोल में कुजरूम के 57 और जयगिर के 22 परिवारों को बसाया गया है। चीफ सेक्रेटरी ने अधिकारियों से इलाके को मॉडल गांव के रूप में विकसित करने का निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही ग्रामीणों के जमीन संबंधी समस्या और बच्चों के नामांकन को लेकर भी निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान पलामू टाइगर रिजर्व के टॉप अधिकारी भी मौके पर मौजूद थे।

# 33 लाभुकों के बीच मंत्री ने बांटे परचे



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** मंत्री श्रवण कुमार आज नालंदा जिले के बिहारशरीफ प्रखंड में आयोजित अभियान बसेरा पर्चा वितरण समारोह में शामिल हुए। उन्होंने 33 लाभुकों को भूमि संबंधी पर्चा (कागजात) वितरित किए। उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि कोई भी गरीब व्यक्ति बेघर न रहे, और सभी पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का सीधा लाभ मिले। मंत्री श्री कुमार ने आज दो पीड़ित परिवार को आपदा अनुग्रह योजना और पारिवारिक लाभ योजना के तहत चेक प्रदान किया। मंत्री के द्वारा दोनों परिवार को 4 लाख 20 हजार रुपये का चेक प्रदान किया। भारतीय सेना की वीरता और समर्पण को देखते हुए हर नागरिक का फर्ज है कि वह सेना का मनोबल बढ़ाए और देशहित में सहयोग करे। इस अवसर पर नालंदा के सांसद कौशलेन्द्र कुमार, राजगीर विधायक कौशल किशोर, जनता दलयू महानगर अध्यक्ष नदीम जफर, गुलरेज अंसारी, डॉ. धनंजय कुमार देव, मनीष कुमार, प्रभात रंजन, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी रत्ना दूबे, अंचल मनोज, बिट्टू कुशवाहा, मंटू कुशवाहा, इंदू चैहान, धर्मेन्द्र मुखिया, अधिकारी सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

# बंगाली समाज ने मनाई कविगुरु रविंद्रनाथ टैगोर की जयंती

## संगीत के क्षेत्र में ज्योत्सना बनर्जी को किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू के बंगाली समाज की संचालित दो संस्था बंगीय दुर्गा बाड़ी व बंगाली समिति के तत्वावधान में शुक्रवार की रात कविगुरु रविंद्रनाथ टैगोर की जयंती मनाई गई। दुर्गा बाड़ी के प्रशाल में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत टैगोर की तस्वीर पर माल्यार्पण के साथ किया गया। डॉ कौशिक मल्लिक, ज्योत्सना बनर्जी, शौभिक दत्ता, सैकत चटर्जी, देवाशीष सेनगुप्ता व सूजन राय आदि ने संयुक्त रूप से माल्यार्पण किया। इस अवसर पर डॉ कौशिक मल्लिक ने कहा कि कविगुरु रविंद्रनाथ टैगोर की जिंदगी संस्कृति व साहित्य के लिए समर्पित थी। उन्होंने देश को न सिर साहित्य दिया बल्कि शिक्षा के लिए शांति निकेतन जैसे प्रतिष्ठान भी दिए। उन्होंने कहा कि आज जब देश युद्ध की स्थिति का सामना कर रहा है तो टैगोर और भी प्रासंगिक हो जाते है। हमारा राष्ट्रगान के रचयिता भी वही थे। उन्होंने जलियांवाला बाग हत्याकांड के विरोध में नाईटहुड की उपाधि त्याग दी थी। महात्मा गांधी से भी उनके काफी नजदीकियां थी। उन्होंने घोषणा की कि आज का यह कार्यक्रम सरहद पर युद्ध में शामिल देश के जवानों के जज्बात, समर्पण व बलिदान को समर्पित है। मौके पर बंगाली समिति की ओर से ज्योत्सना बनर्जी को संगीत के क्षेत्र में उनके समर्पण के लिए स्वर्गीय चित्तरंजन दास स्मृति सुरश्री सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का पहला रविंद्र संगीत आनोंदो धारा बोहिछे भूबोने... भी श्रीमती बनर्जी ने ही प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सूजन राय ने दो रविन्द्र संगीत एकतुकू छोया लागे.... व आमार बेला जे जाय... प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। शोंपा बनर्जी ने कविता पाठ किया। तमन्ना मल्लिक, सौंपा बनर्जी व सोनाली पॉल ने नृत्य नाटिका चित्रांगदा प्रस्तुत किया। अरुणिमा सान्याल, संजना मोइत्रा, सृजित दास व सृष्टि पाल ने रविंद्र नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन सैकत चटर्जी व अर्पिता दास गुप्त ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गौतम बोस, गौतम घोष, शैबाल बोराल, गौरांग सेनगुप्ता, शिवेश मोइत्रा व अमर भांजा का सराहनीय योगदान रहा।



# शिक्षा विभाग के नियमों के खेल से शिक्षकों को पांच माह से नहीं मिला वेतन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र के सक्षमता में उत्तीर्ण शिक्षकों को विभाग द्वारा एक लंबे समय से वेतन नहीं दिया गया है।इससे शिक्षकों एवं उनके परिजनों को राशन से लेकर स्वास्थ्य संबंधी कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।रजौली प्रखंड के वरिष्ठ शिक्षक सह शिक्षक नेता अजित कुमार ने बताया कि सक्षमता-1 परीक्षा में उत्तीर्ण शिक्षक 1 जनवरी 2025 को एवं सक्षमता-2 परीक्षा में उत्तीर्ण शिक्षक 1 मार्च 2025 को पुनः विद्यालय में योगदान दिए। परन्तु टेक्निकल कारणों से सक्षमता-1 के शिक्षकों का वेतन विगत पांच माह से एवं सक्षमता-2 के शिक्षकों का




वेतन विगत दो माह से भुगतान नहीं किया गया है साथ ही कहा कि शिक्षा विभाग हमेशा नया-नया कानून बनाकर प्रयोग कर रहें हैं। सभी शिक्षक विभाग के निर्देशों का अक्षरशः पालन करने में पूर्णरूपेण लगे हुए हैं।शिक्षा विभाग शिक्षकों के समस्याओं के प्रति संवेदनहीन बनकर सोई हुई है। जिस शिक्षक को 5 माह तक वेतन प्राप्त नहीं होगातो उसका प्रभाव उनके परिवार में सबसे अधिक उनके बच्चे की पढ़ाई और उनके बुजुर्ग माता-पिता के स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है।इससे शिक्षकों की काफी दयनीय स्थिति समाज में परिलक्षित हो रहा है। इसके प्रति यथाशीघ्र संवेदनशील होकर वेतन भुगतान होना चाहिए। आज दबे जुबां से शिक्षक बोलते हैं कि यदि हमलोग जानते की शिक्षा विभाग द्वारा सक्ष्मत्ता परीक्षा देने के बाद ऐसी परेशानी होगी, तो हमसभी भी परीक्षा नहीं देते। शिक्षक नेता ने बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री, एसीएस सिद्धार्थ सर एवं निर्देशक प्राथमिक शिक्षा बिहार से प्रार्थना किये कि यथाशीघ्र ऐसे विशिष्ट शिक्षकों का वेतन भुगतान प्रक्रिया में होने वाले समस्या का समाधान करने की कृपा करें। जिससे विद्यालय में शिक्षण कार्य प्रभावित न हो। समस्यारहित शिक्षक ही अपने शिक्षकत्व को विद्यालय में प्रदर्शित कर पाएंगे। एक परेशान शिक्षक का हाव-भाव एवं वेश-भूषा अपने वर्ग में छात्रों के समक्ष नहीं चाहते हुए भी शिक्षकत्व प्रभावित होने की प्रबल संभावना रहती है। शिक्षा विभाग को शिक्षक के समस्या को दूर करना सर्वोपरि होना चाहिए। हम शिक्षक ही सरकार के ऐसे कर्मचारी है, जो शिक्षा विभाग के निर्देशों के साथ ही सरकार के सभी बहुमूल्य योजना को भी पूरा करवाते हैं, फिर भी उपेक्षित महसूस करते हैं।

# परिवहन विभाग ने दो दिनों में दो लाख रुपए का लगाया जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** थाना क्षेत्र के चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर शुक्रवार एवं शनिवार को परिवहन विभाग द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहनों से दो लाख रुपए जुर्माना लगाया गया। इस दौरान परिवहन विभाग के ईएसआई संदीप कुमार के अलावे अन्य कर्मी मौजूद रहे।बिहार में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और यातायात नियमों को कड़ाई से लागू करने के लिए परिवहन विभाग ने कड़े कदम उठाए है। अब वाहन मालिकों को अनिवार्य रूप से हाई-सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवानी होगी,अन्यथा उन्हें भारी जुर्माना देना पड़ रहा है। यह




नियम बीते 1 अप्रैल 2025 से राज्यभर में सख्ती से पालन कराया जा रहा है। हाई-सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट एक विशेष प्रकार की एल्यूमीनियम नंबर प्लेट होती है, जिसमें होलोग्राम और यूनिक कोड शामिल होता है। यह वाहन की सुरक्षा को बढ़ाने और यातायात प्रबंधन को आसान बनाने के उद्देश्य से डिजाइन की गई है। इससे वाहन चोरी और नंबर प्लेट की जालसाजी को रोकने में भी मदद मिलती है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर 2,500 रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है वहीं ईएसआई ने बताया कि फर्जी नंबर प्लेट के कारण ई-चालान प्रक्रिया में कठिनाई आ रही है,जिससे वाहन पंजीकरण में अनियमितताएं सामने आ रही हैं। इसे रोकने के लिए परिवहन विभाग ने पुलिस के साथ मिलकर अवैध नंबर प्लेट बनाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई शुरू कर दी है। परिवहन विभाग ने वाहन मालिकों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द हाई-सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवाएं ताकि अनावश्यक जुर्माने से बचा जा सके और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन हो सके साथ ही बताया कि यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले बाइक एवं कार सवारों से कुल 2 लाख रुपए का जुर्माना किया गया है। परिवहन विभाग के इस कार्रवाई से लोग यातायात नियमों के पालन करने में जुट गए हैं।

# आठ पंचायतों के महादलित टोलों में लगा विकास शिविर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** बिहार महादलित विकास मिशन के अंतर्गत व डॉ. अम्बेदकर समग्र सेवा अभियान के तहत नवादा डीएम रवि प्रकाश के निर्देश पर शनिवार को कौआकोल प्रखंड के विभिन्न आठ पंचायतों में विशेष विकास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। इस दरम्यान विभिन्न विभागों के कर्मियों द्वारा लाभुकों को आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड,जन्म प्रमाण पत्र,आवास हेतु सर्वे,जॉब कार्ड सहित कई जरूरी सेवाएं मौके पर ही प्रदान की गईं।



कौआकोल बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार ने बताया कि प्रखण्ड के सोखोदेवरा, कौआकोल, सरौनी, देवनगढ़, लालपुर, पाली सहित आठ विभिन्न पंचायतों के अलग अलग महादलित टोला ने शिविर लगाकर लाभुकों को जरुरी सेवाओं का लाभ प्रदान किया गया। मौके पर सभी सम्बंधित पंचायत में नियुक्त पर्यवेक्षकों के अलावे प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी लोकेशनाथ चौधरी, विकासमित्र जितेंद्र मांझी आदि मौजूद थे वहीं दूसरी ओर विभाग के निर्देश पर महादलित विकास मिशन पटना की टीम ने प्रखण्ड में चल रहे विकास शिविर का निरीक्षण कर कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जांच टीम का नेतृत्व अधिकारी व कौआकोल के पूर्व प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी साजन स्नेही ने किया। उन्होंने सोखोदेवरा एवं कौआकोल में चल रहे शिविर में पहुंचकर लोगों को शिविर से होने वाले फायदा के बारे में अवगत कराया।

# शिक्षिका का आकस्मिक निधन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** कौआकोल प्रखण्ड के देवनगढ़ पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बन्दैली खुर्द में पदस्थापित विशिष्ट शिक्षिका नुसरत प्रवीण का शुक्रवार को उनके आवास अंसारनगर,नवादा में निधन हो गया। वे लगभग 45 वर्ष की थी। शिक्षक संघ के अध्यक्ष व पूर्व बीआरपी प्रीतम कुमार ने बताया कि शिक्षिका के पारिवारिक सदस्यों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिक्षिका का निधन लू लगने से हो गई थी। शुक्रवार को विद्यालय से लौटने के बाद अचानक उन्हें डिहाइड्रेशन की शिकायत हो गई। जिसके बाद उन्हें स्थानीय स्तर पर निजी चिकित्सकों द्वारा इलाज करवाया गया परन्तु इलाज के क्रम में आकस्मिक निधन हो गया।

# सोखोदेवरा पंचायत में पूर्व विधायक कौशल यादव ने किया जनसम्पर्क

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पूर्व विधायक पूर्णिमा यादव के पक्ष में चुनावी मैदान में उतरे उनके पति व पूर्व विधायक कौशल यादव ने शनिवार को कौआकोल प्रखण्ड के सोखोदेवरा पंचायत में जनसम्पर्क अभियान चलाकर लोगों से समर्थन मांगा। इस दौरान उन्होंने पचंबा, पावापुरी गोवरैया, सोखोदेवरा, जोरावरडीह, तुरियाडीह आदि गांवों का दौरा कर डोर टू डोर लोगों से सम्पर्क साधा वहीं इस दरम्यान बड़ी संख्या में पूर्व विधायक कौशल



यादव के समर्थकों ने उन्हें समर्थन देने का आश्वासन दिया। पूर्व विधायक श्री यादव ने पूर्व में की गई गलतियों को क्षमा करते हुए लोगों से एक बार फिर मौका देने की अपील की। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में ब्लॉक, थाना आदि जगहों पर आसानी से लोगों के काम होते थें। परन्तु आज लोगों को छोटे-छोटे कामों में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने लोगों से कहा कि गोविंदपुर विधानसभा के लोगों ने उन्हें एवं उनके परिवार को सदैव घर के बेटा की तरह मान आदर देकर स्नेह किया है। यही कारण है कि वे सदैव यहां के लोगों के साथ जाति एवं धर्म से ऊपर उठकर विकास करने का काम किया है। मौका मिलने पर अनवरत यह कार्य आगे भी जारी रहेगा। मौके पर पूर्व जिला पार्षद नारायण स्वामी मोहन, पैक्स अध्यक्ष सह प्रमुख प्रतिनिधि संजय यादव,पैक्स अध्यक्ष रामाश्रय सिंह, मुखिया प्रतिनिधि मंटू यादव पूर्व मुखिया लीला देवी, उप प्रमुख नवीन यादव समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

12_16.12..2018 PAGE-04.qxd 10-05-2025 22:23 Page 1



# फर्जी आधार कार्ड पर देश में भारी संख्या में घुसे विदेशी

## केंद्रीय गृह और विदेश मंत्रालय ने जारी किया अलर्ट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** फर्जी आधार कार्ड पर देश में बड़ी संख्या में विदेशी नागरिक अवैध रूप से प्रवेश कर गए हैं। यही नहीं, फर्जी आधार कार्ड बनाए जाने का बड़ा रैकेट काम कर रहा है। इस रैकेट के सीमा पार आपराधिक तत्वों से साठगांठ के बाद स्थिति गंभीर हो गई है।

इस संबंध में केंद्रीय गृह और विदेश मंत्रालय ने अलर्ट जारी किया है। इसके बाद बिहार के सभी डीएम, एसएसपी और एसपी को आधार कार्ड के आफलाइन सत्यापन का राज्य के गृह विभाग ने निर्देश दिया है। आधार के सत्यापन को लेकर एसओपी भी जारी किया गया है।

गृह एवं विदेश मंत्रालय के अलर्ट में कहा गया है कि फर्जी आधार बनाने का नेटवर्क आपराधिक तत्वों के साथ मिलकर काम कर रहा है। बड़ी संख्या में फर्जी आधार पर विदेशी सीमा से भारत में प्रवेश भी कर चुके हैं। वे अवैध तरीके से योजनाओं का लाभ भी ले रहे हैं।

सीमावर्ती क्षेत्र और आसपास के जिलों में कई बदमाशों के आपराधिक तत्वों से मिलकर खुद को सरगना के रूप में संगठित कर रहे हैं। इसे देखते हुए इन बिचौलियों और सरगनाओं की पहचान कराने को भी कहा गया है।

एसडीपीओ, एसपी, एसएसपी और डीआइजी स्तर से डाटा और विश्वसनीय सूचनाओं के आधार पर रणनीति तैयार कराने को कहा गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से जारी पत्र के अनुसार अवैध विदेशी नागरिक फर्जी आधार के सहारे देश में प्रवेश कर सरकारी योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। इसके अलावा आधार के सहारे अन्य भारतीय पहचान पत्र प्राप्त कर रहे हैं। यह काफी गंभीर मामला है। फर्जी पहचान पत्र के आधार पर देश में देश विरोधी गतिविधियों को भी अंजाम दिया जा सकता है।

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने फर्जी आधार की जांच के लिए एमआधार ऐप विकसित किया है। गृह मंत्रालय के उप सचिव के पत्र के अनुसार इस ऐप से आफलाइन मोड में आधार पर प्रिंट क्यूआर कोड की स्कैनिंग की जाएगी।

इससे आधार कार्डधारी का डेमोग्राफी डेटा सामने आ जाएगा।

इसमें नाम, पता के साथ तस्वीर भी सामने आ जाएगा। अधिकारी चेहरे से भी मिलान कर फर्जी की पहचान कर सकेंगे।

मंत्रालय ने इस ऐप को सभी पुलिसकर्मियों के लिए अनिवार्य करने को कहा है, खासकर सीमावर्ती क्षेत्र में। पदाधिकारियों के स्तर से भी इस ऐप को मोबाइल में डाउनलोड करने को कहा गया है।

### छापेमारी में भारी मात्रा में शराब जब्त

**बक्सर।** बक्सर के रामदास राय के डेरा थाना अंतर्गत गंगौली संबत स्थान से पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में एक एक्सयूवी कार से कुल 304.920 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई है।

इस कार्रवाई के दौरान वाहन चालक को भी गिरफ्तार किया गया है, जिसकी पहचान मिथिलेश पासवान पिता तारकेश्वर पासवान, निवासी भवनगामा थाना कृष्णागढ़, जिला भोजपुर के रूप में की गई है। पुलिस का कहना है कि विगत कुछ दिनों से इलाके में अवैध शराब के तस्करी की सूचना मिल रही थी। इसके मद्देनजर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। किए जा रहे वाहन जांच के दौरान बलिया की ओर से आ रही एक संदिग्ध एक्सयूवी कार को रोका गया, तो पुलिस ने तलाशी के क्रम में कार से भारी मात्रा में विदेशी शराब की खेप बरामद हुई। कार से बरामद शराब की मात्रा कुल 304.920 लीटर आंकी गई है, जो कि बिहार में लागू पूर्ण शराबबंदी कानून के तहत एक गंभीर अपराध है।

# हाईवा- ई-रिक्शा की टक्कर में तीन की गयी जानें



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सोनबरसा।** भूतही थाना क्षेत्र अंतर्गत दोस्तिया बाईपास सड़क उस वक्त खून से रक्त रंजित हो गया जब एक हाईवा, ई-रिक्शा को लपेटे में लेकर कुचलते हुए सड़क के नीचे चला गया।

घटनास्थल पर ही क्षत-विक्षत तीन शव और खून से सनी सड़क को देखने की हिम्मत लोग ठीक से नहीं कर पा रहे थे। घटना में तीन लोगों के मारे जाने और एक के घायल होने की जानकारी है।

मृतकों की पहचान, सहियारा थाना क्षेत्र के मैबी निवासी राज किशोर प्रसाद का इंजीनियर पुत्र चंदन कुमार, उनकी मां बिना देवी और ई-रिक्शा का चालक राजेंद्र महतो के रूप में की गई है।

जबकि इंजीनियर की चाची और भविछन प्रसाद सिंह की पत्नी उर्मिला देवी का पैर कटने की सूचना है, उनके शरीर पर अन्य जगह भी चोट है, उनकी स्थिति भी नाजुक है, फिलहाल रेफर के बाद उनका इलाज मुजफ्फरपुर में जारी है।

सभी लोग बथनाहा के मैबी से नेपाल एक शादी समारोह में जा रहे थे। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने वैशाली जिला निवासी हाईवा के चालक और वाहन के उप चालक को पकड़ कर भूतही थाना के हवाले कर दिया है।

चालक ने बताया कि हाईवा से कन्हौली सड़क निर्माण के लिए गिट्टी लेकर गए थे, लौटने के दौरान यह घटना घटी है। भूतही थानाध्यक्ष देवेंद्र चौधरी ने दल बल के साथ सभी मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सीतामढ़ी सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं, आगे की कारवाई जारी है ।

भूतही थानाध्यक्ष देवेंद्र चौधरी, पूर्व उप प्रमुख जय किशोर साह ललित, राजद कार्यकर्ता राकेश कुमार और अन्य कई लोग, पुलिस के कई जवानों ने शव को वाहन में खुद से लादा और सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं, जख्मी महिला को तत्काल ही इलाज के लिए सीतामढ़ी भेज दिया। लोगों ने चालक और उप चालक को पकड़ा और संयम बरतते हुए दोनों को भूतही थाना के हवाले कर दिया। सड़क पर पुनः आवागमन चालू कराने के लिए स्थानीय लोगों ने पुलिस की भरपूर मदद की।

# चोरी के संदेह में पीट-पीटकर युवक की हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** जिले के नया भोजपुर थाना क्षेत्र के हथेलीपुर गांव में शुक्रवार को एक हृदयविदारक घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। दिनदहाड़े एक युवक की चोरी के संदेह में पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक की मां जीरा खातून के बयान के आधार पर पुलिस ने दो नामजद आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपित को गिरफ्तार की है। मृतक और हथेलीपुर निवासी मो. बिल्डर खां जो अपने सात भाइयों में सबसे छोटा था। जीरा खातून ने अपने आवेदन में बताया कि शुक्रवार की दोपहर नया भोजपुर गांव के झींगन यादव और प्रमोद कुमार उर्फ बूढ़ा यादव उनके बेटे को पूछताछ के बहाने पिकअप गाड़ी में बैठाकर ले गए। जब जीरा खातून ने उन्हें रोका, तो दोनों ने कहा कि बस कुछ पूछताछ करनी है और फिर छोड़ देंगे।

घटना के कुछ घंटों बाद मोहल्ले के एक लड़के चांद साह ने बताया कि बिल्डर खां को गांव के ही पसिया बाग में बोरिंग के पास नीम के पेड़ से बांधकर बुरी तरह पीटा जा रहा है। जीरा खातून जब मौके पर पहुंचीं, तो उनका बेटा अधमरी हालत में पड़ा था। मां के पूछने पर बेटे ने टूटती सांसों में कहा, मुझे झींगन यादव और बूढ़ा यादव सहित कुछ अन्य लोग मिलकर बहुत मारे हैं, अब हम नहीं बचेंगे। इतना कहकर वह दुनिया छोड़ गया। हत्या की घटना के बाद हथेलीपुर गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। मृतक के स्वजनों और ग्रामीणों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, ताकि इस तरह की दरिंदगी दोबारा न हो सके।

मो. बिल्डर खां की मौत ने सिर्फ एक मां की गोद नहीं उजाड़ी, बल्कि पूरे गांव को झकझोर दिया है। गांव के लोग अब प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि दोषियों को ऐसी सजा मिले, जिससे भविष्य में कोई और मां अपने बेटे को इस तरह न गंवाए।

# गांव पहुंचा शहीद का पार्थिव शरीर

## अमर रहे के नारों से गूंजा इलाका | लोगों की जुटी भीड़, दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**बेगूसराय।** जिले में छतौना के दिवंगत आर्मी के जवान पवन पंडित का पार्थिव शरीर शनिवार दोपहर के बाद गांव आया। राजनीतिक कार्यकर्ता, सामाजिक कार्यकर्ता और सैकड़ों नर-नारी का हुजूम सबेरे से ही उनके आवास तथा इर्द-गिर्द जमे हुए थे। वे सभी अपने वीर सपूत के अंतिम दर्शन के लिए इंतजार कर रहे थे। दिन के तीन बजकर 20 मिनट पर इनका पार्थिव शरीर गांव आया। इनके साथ लगभग डेढ़ किलोमीटर का सैकड़ों बाइक सवार के हाथों में तिरंगा लिए काफिला था। यह काफिला आरसीएस कॉलेज मंझौल से ही साथ हो गया। वहां अपने प्रिय जवान के लिए घंटों इंतजार किया। शहीद पवन अमर रहे, भारत माता की जय के गगनभेदी नारों से वातावरण गूंजायमान हो रहा था। इसका नेतृत्व अभाविप नेता कन्हैया कुमार कर रहे थे। सर्वप्रथम बंद बक्सा में इनका पार्थिव शरीर इनके पैतृक आवास पर कुछ क्षणों के लिए रखा गया। इनके पार्थिव शरीर के रखने के साथ ही स्वजनों की करूण चीत्कार से वातावरण गमगीन हो गया। उसके बाद इनका पार्थिव शरीर पंचायत भवन परिसर लाया गया। यहां सर्वप्रथम जबलपुर से साथ आये सेना के जवान हवलदार एन के वर्मा, हवलदार विकास बेन ने राष्ट्रीय ध्वज पार्थिव शरीर पर प्रदान कर श्रद्धांजलि दी।

उसके उपरांत स्थानीय विधायक सूर्यकांत पासवान, पूर्व विधायक रामविनोद पासवान, प्रजापति समन्वय समिति के सदस्यों ने विधायक प्रत्याशी रामशंकर पासवान, मुखिया प्रतिनिधि ई रंजीत कुमार पमपम, जिप प्रतिनिधि डॉ. राजेन्द्र शर्मा, सरपंच शांति देवी, पूर्व मुखिया महेन्द्र महतो, जय जय राम महतो, सहित कई अन्य ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सिमरिया घाट पर सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया।

### उत्पाद विभाग की गाड़ी पलटी

**आरा।** जिले के गजराजगंज ओपी क्षेत्र अन्तर्गत कटेयां मोड़ के समीप शनिवार की शाम उत्पाद विभाग की बोलेरो गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमें एक जवान की मौत हो गई। जबकि, दारोगा समेत चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। घायलों का सदर अस्पताल आरा में इलाज चल रहा है। टीम शराब तस्करों को पकड़ने निकली थी। इस दौरान पीछा करने के क्रम में गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

### बारात से भरी बस दुर्घटनाग्रस्त

**जहानाबाद।** कड़ौना थाना क्षेत्र में पटना-गया एनएच-83 पर लोदीपुर गांव के समीप यू-टर्न पर शुक्रवार की रात हाइवा व बारातियों से भरी बस के बीच भीषण टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, इस भीषण हादसे में दो दर्जन से ज्यादा बराती जख्मी हो गए। सभी घायलों को पुलिस व ग्रामीणों के सहयोग से सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

मृतकों में पटना के दुल्हिन बाजार थाना क्षेत्र के लाला भसारा गांव के प्रिंस कुमार, अयोध्या यादव व गया जिले के मेन थाना क्षेत्र के कोयरी बिगहा के चिंतामणि प्रसाद शामिल हैं।

# चूल्हे की चिंगारी ने 35 घरों को किया राख

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** जिले के पीरपैंती थाना क्षेत्र के गोविंदपुर पंचायत स्थित रामनगर अठनिया दियारा में शनिवार दोपहर को भीषण आग लग गई। इस घटना में करीब 35 घर जलकर पूरी तरह से नष्ट हो गए। इससे दर्जनों परिवार बेघर हो गए हैं। आग लगने के कारण घरों में रखा अनाज, कपड़े, बर्तन, खाद्य सामग्री और नकदी भी स्वाहा हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह आगजनी चूल्हे की बची राख से उड़ी एक छोटी सी चिंगारी के कारण हुई। खाना बनाने के बाद घरों के बाहर फेंकी गई राख से उठी चिंगारी ने सूखे फूस के घरों को तुरंत अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते आग तेजी से फैली और एक के बाद एक लगभग 35 घरों को जलाकर राख कर दिया। हालांकि, इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है, लेकिन ग्रामीणों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। कई ग्रामीणों ने बताया कि उनके घरों में रखी जीवन भर की जमा पूंजी और दैनिक उपयोग की वस्तुएं जल गईं।

इस अग्निकांड में सिर्फ घरों का ही नुकसान नहीं हुआ, बल्कि कुछ मवेशी भी आग की चपेट में आ गए। ग्रामीणों ने बताया कि इस घटना में चार गाय, दो बछड़े और पांच बकरियां जिंदा जल गईं, जिससे पशुपालकों को नुक्सान हुआ। घटना की सूचना मिलते ही गोविंदपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि कुंदन यादव ने तत्काल कहलगांव स्थित अग्निशमन विभाग को सूचित किया। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अग्निशमन विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। अग्निशमन पदाधिकारी विजेन्द्र कुमार ने बताया कि प्रधान अग्निरक्षक रामबाबू और सात अन्य कर्मियों ने लगभग ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पीरपैंती के अंचलाधिकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी और पीरपैंती थाने की पुलिस भी घटनास्थल पर तुरंत पहुंच गई और स्थिति का जायजा लिया।

# ईस्ट इंडिया स्ट्रेंथ लिफ्टिंग में कांस्य पदक से बढाया मान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बाराचट्टी।** गया जिले के बाराचट्टी प्रखंड अंतर्गत बजरकर पंचायत के भगवती गांव के शिक्षक अनिल कुमार का पुत्र शुभम कुमार ईस्ट इंडिया स्ट्रेंथ लिफ्टिंग में 197.5 किलो वजन का लिफ्टिंग कर कांस्य पदक जीतकर बाराचट्टी ही नहीं बल्कि गया जिला के साथ-साथ समस्त बिहार का नाम रोशन किया है।

18 वर्ष की उम्र मे शुभम ने हरियाणा के लोहारू में 1 जनवरी 2025 मे आयोजित नेशनल स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप में 192.5 किलो का लिफ्टिंग उठाकर सिल्वर मेडल का विजेता बना है। शुभम के पिता अनिल कुमार एवं मां रेनू सिंह अपने पुत्र के उक्त जीत से काफी खुश हैं। जिम प्रशिक्षक संतोष कुमार गया निवासी ने मगध यूनिवर्सिटी में आयोजित स्ट्रेथ लिफ्टिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए शुभम को प्रेरित किए। यहां शुभम हार गया, इसके बाद से इसे मिशन के रूप में लिया और इस क्षेत्र मे आगे बढ़ने का संकल्प लिया।

शुभम बताते हैं कि हमने मेहनत किया और जरूरत के अनुसार संतोष सर के मार्गदर्शन मे प्रयास किए। जिसमें हमको सफलता मिला है।

गया के टिकारी और औरंगाबाद जिले के सिन्हा कॉलेज में आयोजित इंटर कॉलेज लिफ्टिंग चैंपियनशिप में भाग लिए, जहां सिल्वर मेडल हासिल किए। शुभम कहते हैं



कि यह हमारे लिए पहली जीत थी मैंने और मेहनत किया। हरियाणा के लोहारू में नेशनल स्टेथ लिफ्टिंग चैम्पियनशिप में पूरे भारत देश से बारह सौ खिलाड़ी भाग लिए थे। वर्ष 2025 में एक से पांच जनवरी तक आयोजित प्रतियोगिता में भाग लिया। शुभम कहते हैं कि इसमें मैंने 192.5 किलो का लिफ्टिंग किया, जहां मुझे सिल्वर मेडल मिला।

शुभम बीते माह अप्रैल में पश्चिम बंगाल के दाजिलिंग जिले के सिलीगुड़ी के इंडोर स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय ईस्ट इंडिया स्ट्रेंथ लिफ्टिंग प्रतियोगिता में बिहार के गया जिला से पहुंचे। यहां बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, सिक्किम, त्रिपुरा के तीन सौ खिलाड़ी भाग लिए। जिसमें शुभम ने अपनी मेहनत के बदौलत कांस्य पदक हासिल किया है।

# लापता युवक की पंचायत भवन में मिली लाश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** नालंदा में 10 दिन से लापता युवक का शव गांव के ही पंचायत सरकार भवन से बरामद की गई है। मामला छबीलापुर थाना क्षेत्र के लोदीपुर गांव का है। मृतक की पहचान परशुराम यादव के (35) वर्षीय पुत्र मिंटू कुमार उर्फ मिठू यादव के रूप में की गई है।

परिजन रोहित कुमार ने बताया कि मिंटू कुमार एक मई में से लापता था। दो मई को थाना में गुमशुदगी का आवेदन दिया गया। छह मई को गुमशुदगी की एफआईआर रजिस्टर्ड की गई और आज 10 मई को गांव के पंचायत सरकार भवन के महिला शौचालय से लटका हुआ शव बरामद किया गया है। दो भाइयों धीरेंद्र यादव एवं शिवेंद्र यादव की हत्या पूर्व में ही हो चुकी है।

परिजन ने बताया कि 4 अगस्त 2021 को परिवार के पांच लोगों की हत्या भूमि विवाद के कारण कर दी गई थी। जिसमें मंटू आई विटनेस था, मंटू के सिर के पास गोली लगी थी। 30 अप्रैल को जुवेनाइल कोर्ट में गवाही थी। लेकिन किसी कारण वह टल गया था। इसी बीच मंटू की हत्या कर शव को लटका दिया गया। यह हत्या सुनियोजित तरीके से उन्हीं लोगों के द्वारा किया गया है, जो पूर्व से इसमें शामिल हैं।

दरअसल, जब बॉडी गर्मी के कारण डीकंपोज होने लगी तो उससे बदबू निकलने लगा। इसके बाद गार्ड के द्वारा जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई। गांव से करीब 400 मीटर की दूरी पर पंचायत सरकार भवन लोदीपुर बना हुआ है। आश्चर्य की बात यह है कि प्रतिदिन पंचायत सरकार भवन खुला करता था और वहां गार्ड भी मौजूद था। बावजूद अंदर शव के होने की भनक नहीं लगी।

छबीलापुर थाना अध्यक्ष मुरली आजाद ने बताया कि एक अज्ञात नंबर से फोन आया कि लोदीपुर पंचायत सरकार भवन में एक व्यक्ति का शव मिला है।

# सोना लूट मामले में आरोपित मां-बेटा गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** पुलिस ने सोना लूट मामले का खुलासा करते हुए आरोपी मां और बेटे को गिरफ्तार किया है। बीते दो मई को दिनदहाड़े कई लुटेरों ने ज्वेलरी शॉप में घुसकर जमकर लूट मचाया था और फिर फरार हो गए थे।

पुलिस ने इस मामले में आरोपी बॉबी कुमार और उसकी मां पिंकी देवी दोनों समस्तीपुर जिले के हलई थाना क्षेत्र को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में एसएसपी सुशील कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी मामले की जानकारी।

## गोबर के ढेर में छुपाकर रखा था लूट का माल

घटना को लेकर बताया कि दो मई की दोपहर तीन बजे जो घटना हुई थी, उसके बाद से पुलिस की एक विशेष टीम इस मामले के उद्वेदन में लगातार लगी हुई थी। इसी दौरान पुलिस की टेक्निकल और मानवीय आसूचना संकलन के आधार पर जानकारी मिली कि एक व्यक्ति तुर्की थाना क्षेत्र में हुए बाइक लूट मामले में आरोपी है, जब पुलिस टीम उसको पकड़ने के लिए समस्तीपुर जिले में पहुंची तो उसने बताया कि उसने इसी बाइक से अपने साथियों के साथ मिलकर लूट की घटना को अंजाम दिया था और इसको छिपाने के लिए अपनी मां के पास में गिरवी रख दिया था। लूटी गई सोना चांदी को आरोपी बॉबी कुमार ने अपनी मां को दिया, जिसमें उसकी मां ने सभी लूटी गई ही ज्वेलरी को घर के पास में गोबर के ढेर में छुपा दिया, ताकि इसकी भनक किसी को न लगे।

इस मामले में पांच आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।इसके साथ ही थाना क्षेत्र का एक लोकल लाइनर की भी पहचान कर ली गई। चोरी की बाइक ने पूरे घटना को खोलकर रख दी है। इस घटना में प्रयुक्त बाइक लूट की घटना में भी इस्तेमाल किया गया था और घटना स्थल के पास में लगे हुए सीसीटीवी फुटेज से इसकी पहचान किया गया था।

एसएसपी सुशील कुमार ने बताया कि ग्रामीण एसपी विद्या सागर के नेतृत्व में विशेष टीम ने इस मामला का उद्भेदन कर लिया है। मामले में मुख्य आरोपी बॉबी समस्तीपुर जिले के थाना क्षेत्र का रहने वाला है को पकड़ा गया है।

उसके पास से लूटी गई दो बाइक उसके घर से बरामद कर ली गई है। पूछताछ में उसने अपनी संलिप्तता स्वीकृत किया है। इसके साथ ही घटना में लूटी गई ज्वेलरी को अपने मां के पास रखा था, जिसको बरामद कर लिया गया है। फरार अन्य पांच आरोपी को जल्द पकड़ा जाएगा।

# मेस का खाना खाने से 50 शिक्षक बीमार

## खाने की गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल, तीन की हालत नाजुक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बाढ़।** बाढ़ के प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय में 5 दिवसीय आवासीय ट्रेनिंग के दौरान मेस के खाने से लगभग 50 शिक्षक अचानक बीमार पड़ गए। खाने में गड़बड़ी के कारण शिक्षकों को उल्टी, दस्त और बुखार की शिकायत हुई।

प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय में मेस का खाना खाने के बाद लगभग 50 शिक्षकों की तबीयत बिगड़ गई, जिसमें से तीन शिक्षकों की हालत गंभीर होने पर उन्हें बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। तीनों शिक्षकों का इलाज जारी है।

इस बारे में जानकारी देते हुए एक महिला शिक्षक ने बताया कि लगभग 50 शिक्षकों की तबीयत खराब हुई है। कुछ शिक्षक अपने घरों में इलाज करा रहे हैं।

बाढ़ अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अजय कुमार ने कहा कि खाने में गड़बड़ी के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। फूड पॉइजनिंग की पुष्टि जांच के बाद होगी। प्राचार्य ने 50 शिक्षकों के बीमार होने की बात से किया इनकार वहीं, दूसरी ओर महाविद्यालय की प्राचार्य निशा यादव ने 50 शिक्षकों के बीमार होने की बात से इनकार किया है। महाविद्यालय की प्राचार्य ने कहा कि मेस के खाने की जांच की जा रही है और दोषियों पर कार्रवाई होगी।

इस घटना ने मेस की गुणवत्ता और प्रबंधन पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। शिक्षकों का कहना है कि सरकार द्वारा गुणवत्तापूर्ण भोजन के लिए राशि दी जाती है, फिर भी ऐसी लापरवाही भ्रष्टाचार की ओर इशारा करती है। अब सबकी नजर इस बात पर है कि मेस संचालकों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई क्या होती है।

# महावीर मंदिर में उतरा कमांडो दस्ता

## संभावित खतरों को नाकाम करने का किया सफल अभ्यास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** देश में पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। देश को लेकर ऐसी स्थिति देखते हुए बिहार प्रदेश अलर्ट मोड पर है। आतंकी हमलों को नाकाम करने की बड़ी कोशिश के तहत शनिवार को महावीर मंदिर में कमांडो उतरे। एटीएस टीम ने अपने रेगुलर अभ्यास के तहत यहां आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयारी की। यह नजारा पटना जक्शन के पास स्थित महावीर मंदिर का है। जहां ब्लैक कमांडो और अळर ने अपने कब्जे में लेकर पूरा जक्शन और महावीर मंदिर को छावनी में तब्दील कर दिया गया था। पटना के महावीर मंदिर में आतंकी मंसूबों को नाकाम करने की बड़ी कोशिश शनिवार को हुई। कमांडो ने पूरे मंदिर परिसर को अपने कब्जे में लेकर आतंकी हमले को नाकाम करने की सफल कोशिश की। इस दौरान हथियारबंद और अत्याधुनिक उपकरणों से लैस कमांडो ने पटना के सबसे बड़े प्रसिद्ध मंदिर में संभावित आतंकी खतरों को नाकाम करने का सफल अभ्यास किया।

थोड़ी देर के लिए लोग भी हैरान हो गए कि अचानक हुआ तो हुआ क्या। पटना जंक्शन के



बाहर महावीर मंदिर में कमांडो उतरने का कारण एटीएस का रेगुलर अभ्यास रहा। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए कैसे पहले से पूरी तरह सजग रहा जाए, इसके लिए एटीएस ने अपना रेगुलर अभ्यास किया।

हालांकि, मंदिर में पूजा करने पहुंचे लोगों ने अपने बीच अचानक से हथियारबंद कमांडो को देखकर हैरानी जताई। मगर कुछ ही समय में यह स्पष्ट हो गया कि यह एक नियमित अभ्यास का हिस्सा है, जो आतंकी हमले जैसे खतरों से निपटने की तैयारी है। इस दौरान एटीएस कमांडो के जवान मंदिर के प्रवेश और निकास द्वार सहित उन क्षेत्रों में अपना अभ्यास किया, जहां से किसी प्रकार का खतरा हो सकता है।

# एएसआइ पर महिला सब इंस्पेक्टर ने लगाया आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद।** जहानाबाद में तैनात एक एएसआइ पर बड़ा आरोप लगा है। अनुसूचित जाति की एक प्रशिक्षु महिला सब इंस्पेक्टर ने एएसआइ मानस पांडेय पर छेड़छाड़ करने एवं जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। मामले में पीड़िता ने एसपी अरविंद प्रताप सिंह से लिखित शिकायत की है।

पीड़ित महिला पुलिस सब इंस्पेक्टर के अनुसार वर्तमान में वह प्रशिक्षण के लिए थाने में प्रतिनियुक्त है। गत नौ अप्रैल को वह बैरक में थी, बगल के कमरे में एसआइ मानस पांडेय रहते हैं। वह बाथरूम के लिए जैसे ही बैरक से निकली, तभी एएसआइ सामने आए और छेड़छाड़ करने लगे।महिला ने आरोप लगाया कि वे मेरे गाल पर हाथ लगाते हुए मुस्कुराने लगे। डांटने पर उग्र हो गए और धमकी दी कि अगर इस बात की शिकायत वरीय अधिकारी से करोगी, तो गोलियों से छलनी कर देंगे। इतना ही नहीं एएसआइ ने कहा कि मैं निलंबित हुआ, तो तुम्हें जिंदा नहीं रहने दूंगा।

घटना से आहत महिला पुलिस सब इंस्पेक्टर कुछ दिनों तक डरी-सहमी रही, फिर काफी हिम्मत जुटाकर 28 अप्रैल को एसपी से लिखित शिकायत की। एसपी ने मामले पर संज्ञान लेते हुए आंतरिक शिकायत समिति (आइसीसी) को आरोपों की जांच का आदेश दिया है।

महिला पुलिस सब इंस्पेक्टर के अनुसार वरीय अधिकारी से शिकायत बाद उसे केस मैनेज करने के लिए विभिन्न माध्यमों से लगातार धमकी व दबाव दिया जा रहा है। महिला ने आशंका जताई है कि आरोपित एएसआइ उनकी हत्या भी करा सकते हैं। महिला ने एसपी से जान माल सुरक्षा की भी गुहार लगाई है। घटना के बाद वह काफी सहमी है। एसपी ने कहा कि महिला सब इंस्पेक्टर की लिखित शिकायत मिली थी। आंतरिक शिकायत समिति (आइसीसी) को जांच का आदेश दिया गया है।

# राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट का प्रशिक्षण शुरू

## निर्वाचन प्रक्रिया में बूथ लेवल एजेंटों की भूमिका महत्वपूर्ण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए राजय के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल के निर्देश के आलोक में राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) के प्रशिक्षण का शुभारंभ शनिवार को पटना के जगजीवन राम संसदीय अध्ययन एवं राजनीतिक अनुसंधान संस्थान में किया गया। यह प्रशिक्षण 10 मई से 26 मई तक प्रतिदिन प्रातः 10:30 बजे से सायं 5:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण सत्र के उद्घाटन के बाद उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अशोक प्रियदर्शी ने उपस्थित बूथ लेवल एजेंटों को संबोधित करते हुए चुनाव प्रक्रिया में उनकी भूमिका की महत्ता पर प्रकाश डाला और निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में बूथ लेवल एजेंटों की भूमिका महत्वपूर्ण हैं। प्रशिक्षण सत्र में पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, शिवहर तथा सीतामढ़ी जिलों से आए मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण के पहले दिन विभिन्न प्रशिक्षण सत्रों में निर्वाचक नामावली (ई-राल) की मूलभूत जानकारी, निर्वाचक नामावली का अद्यतन एवं संक्षिप्त पुनरीक्षण प्रक्रिया, निर्वाचक सूची तैयार करने में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (ईआरओ) एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (एईआरओ) की भूमिका एवं दायित्व, बूथ लेवल एजेंटों की नियुक्ति, कर्तव्य एवं दायित्व, बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) की नियुक्ति, भूमिका एवं दायित्व, निर्वाचन अभिकर्ता, मतदान अभिकर्ता एवं गणना अभिकर्ता की भूमिका विषय पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण का संचालन राष्ट्रीय स्तर एवं राज्य स्तर के मास्टर ट्रेनर्स अशोक प्रियदर्शी, मनोज कुमार सिंह, राजेन्द्र कर्मशील, संजय कुमार मिश्रा, देवव्रत मिश्रा, प्रियंका सिन्हा, शिखा सिन्हा, स्टेट मीडिया नोडल पदाधिकारी कपिल शर्मा, जन सम्पर्क पदाधिकारी रंजीत रंजन ने किया। समापन सत्र में प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण सत्र निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं प्रभावशीलता को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# पूरा देश सेना के साथ : राजेश राम

## हमारी सेना 'जय हिंद' की ताकत के साथ बॉर्डर पर पाकिस्तान की कमर तोड़ेगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पाकिस्तानी आतंकियों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन सिंदूर के बीच कांग्रेस के बिहार प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा है कि भारतीय सेना लगातार अपने शौर्य कौशल का परिचय दे रही है। शनिवार को पटना में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि भारतीय सेना पूरी मुस्तैदी और ताकत से लड़ रही है और पूरा देश सेना के साथ है। भारतीय सेना पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दे रही है। पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। राजेश राम ने साफ तौर पर कहा कि हमारी सेना 'जय हिंद' की ताकत के साथ बॉर्डर पर पाकिस्तान की कमर तोड़ेगी। जब-जब पाकिस्तान हमारे देश के साथ खिलवाड़ करने की कोशिश की है, उसे मुंह की खानी पड़ी है। 1971 में भी पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब मिला था, कारगिल में भी उसे पीछे हटना पड़ा था। हमारी सेना सक्षम है, हर व्यक्ति सेना और सरकार के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के एक-एक कार्यकर्ता भारतीय सेना के साथ चट्टान की तरह खड़े हैं जिस तरीके से भारतीय सेना कार्रवाई कर रही है, पूरा देश उनके साथ है। राजेश राम ने कहा कि पाकिस्तान लगातार उकसाने का काम कर रहा है, लेकिन हमारी सेना धैर्य और संयम का परिचय दे रही है। संयम की भी एक सीमा होती है। उन्होंने सरकार और सेना की कार्रवाई की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि हमारी सेना मजबूत है और आगे भी पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देगी।

# रेशम उत्पादन ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का उत्तम स्रोत : प्रो.केसरी




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मगध विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग के सभागार में एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसकी मुख्य व्यक्ता यूपी कॉलेज वाराणसी की प्रो सुनंदा दुबे थीं। इस विशेष व्याख्यान का विषय सेरीकल्चर पोटेंशियल फॉर सस्टेनेबल ग्रोथ एंड एम्प्लॉयमेंट था। समारोह का उद्घाटन जंतु विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष एवं बायोटेक्नोलॉजी के निदेशक प्रो दिलीप कुमार केसरी, मुख्य वक्ता प्रो सुनंदा दुबे, प्रो एसएनपी दीन एवं प्रो सुनील कुमार सिंह ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्ज्वलन कर किया। प्रो केशरी ने विषय वस्तु का परिचय देते हुए बताया कि रेशम उत्पादन ग्रामीण महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने का उत्तम स्रोत है। इसमें तकनीकी नवाचारों का उपयोग कर उत्पादकता एवं गुणवत्ता में सुधार किया जा सकता है। मुख्य वक्ता प्रो दुबे ने बताया कि रेशम उत्पादन सतत विकास एवं रोजगार सृजन की संभावनाओं का एक महत्वपूर्ण साधन सिद्ध हो सकता है जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बहुत मजबूती मिलेगी। रेशम के कीड़ों के भोजन के लिए, शहतूत के पेड़ों की खेती पर्यावरण संरक्षण में मदद करता है। इस समारोह में जंतु विज्ञान विभाग की डॉ आदिति, पूनम सिंह, आभा कुमारी एवं बायोटेक्नोलॉजी विभाग के डॉ लव कुश तरुण, डॉ सरफराज अली तथा डॉ वीरेंद्र कुमार के साथ-साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन प्रो दीन ने किया। मंच संचालन आभा कुमारी ने किया।

# नवनियुक्त सिपाहियों को एक से 30 जून तक ज्वाइन कर लेने का आदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य में नए बहाल हुए 21 हजार 391 सिपाहियों को इस वर्ष 1 से 30 जून के बीच ज्वाइन करने की मोहलत दी गई है। इन्हें योगदान के दौरान सभी आवश्यक दस्तावेजों को अपने साथ लाने के लिए कहा गया है। सभी सफल अभ्यर्थियों को उनके आवंटित इकाई में नियुक्त प्राधिकार के समक्ष योगदान करने के लिए कहा गया है। यह जानकारी केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय सरदार पटेल भवन के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि 9 मई को सिपाही बहाली से संबंधित अंतिम रिजल्ट एवं सूची का प्रकाशन किया जा रहा है। अभ्यर्थी इसे पर्षद की वेबसाइट पर देख सकते हैं। अध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) की तरफ से सिपाही के 21 हजार 391 पदों पर चयन के लिए 2023 में बहाली की विज्ञापन निकाला गया था। इसकी लिखित परीक्षा अगस्त 2024 में छह चरणों में आयोजित की गई। इसके बाद शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) का आयोजन 9 दिसंबर 2024 से 10 मार्च 2025 तक पटना में किया गया। विज्ञापन प्रकाशित होने के बाद 17 लाख 87 हजार 720 अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया जिसमें 11 लाख 95 हजार 101 अभ्यर्थी लिखित परीक्षा में शामिल हुए।

# जदयू सांसद देवेशचंद्र ठाकुर ने सैनिकों के लिए दिया एक साल का वेतन


## प्रधानमंत्री राहत कोष में दिया 15 लाख रुपए का चेक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान के आतंकियों को सबक सिखाने उतरी भारतीय सेना की पूरे देश में जमकर तारीफ हो रही है। इसी बीच बिहार के सीतामढ़ी से जदयू सांसद देवेश चंद्र ठाकुर ने भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाने के लिए शनिवार को अपने एक साल का वेतन (15 लाख रुपये) प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा कोष में देने का ऐलान किया है। देवेश चंद्र ठाकुर ने अपने एक वर्ष का वेतन देश के जवानों के लिए प्रधानमंत्री राहत कोष में चेक के माध्यम से दान किया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के आतंकी हमले से देश मर्माहत है और पूरा भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ है। ठाकुर ने कहा कि भारतीय सैनिकों के साथ हम सभी देशवासियों की भावना है। हम पीएम नरेंद्र मोदी को बधाई देते हैं कि जिन आतंकियों ने निहत्थे पर्यटकों को कश्मीर के पहलगाम में 26 निर्दोष लोगों का कत्ल किया उसको एक सबक सिखाने के लिए उन्होंने कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को लीड करने वाली हमारी जांबाज महिला कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह को हृदय से आभार व्यक्त करता हूं और सैल्यूट करता हूं। सिंदूर की लाज बचाने के लिए माता सीता का आशीर्वाद हमारे जवानों के साथ है। हम अपने सैनिकों पर गर्व करते हैं और पीएम मोदी को धन्यवाद भी देते हैं।

उन्होंने कहा कि मैं प्रधानमंत्री से मिलने की कोशिश करूंगा, लेकिन मुझे पता है कि उनके पास समय नहीं होगा। बावजूद इसके मैंने प्रधानमंत्री कार्यालय में जाकर प्रधानमंत्री राहत कोष में चेक देने का फैसला किया है, ताकि वह पैसे सैनिकों के कल्याण के लिए काम आ सके। उल्लेखनीय है कि देवेश चंद्र ठाकुर पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल में देश के पहले सांसद हैं जो सैनिकों के कल्याण के लिए एक वर्ष का वेतन दे रहे हैं। देवेश चंद्र ठाकुर साल 2024 में सीतामढ़ी से चुने गये थे।

# इकोकार्डियोग्राफी के क्षेत्र में विकास से मरीजों को बेहतर इलाज की संभावना : डॉ. अजय सिन्हा




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के तत्वावधान में होटल चाणक्या, पटना तथा जयप्रभा मेदांता हॉस्पिटल परिसर में दो-दिवसीय वर्कशॉप 'इकोकार्डियोग्राफी-बेसिक एंड बियॉन्ड' का आयोजन किया गया जिसमें शनिवार 10 मई को इकोकार्डियोग्राफी के क्षेत्र में हुए नवीनतम विकास पर परिचर्चा एवं वर्कशॉप का आयोजन किया गया जिसमें देश एवं बिहार के प्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्टों के अलावा तकरीबन 180 डॉक्टरों और मेडिकल स्टूडेंट्स ने भाग लिया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन शनिवार 10 मई को होटल चाणक्या में साइंटिफिक सेशन का उद्घाटन मेदांता हार्ट इंस्टिट्यूट के निदेशक एवं एचओडी डॉ. प्रमोद कुमार, क्लिनिकल एंड प्रिवेंटिव कार्डियोलॉजी के निदेशक डॉ. अजय कुमार सिन्हा, कार्डियोथोरेसिक एवं वैस्कुलर सर्जरी के निदेशक डॉ. अरविंद कुमार गोयल, पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी के एसोसिएट डायरेक्टर एवं पीडियाट्रिक इकोकार्डियोग्राफी प्रोग्राम के कोर्स डायरेक्टर डा आशीष सप्रे, नॉन-इनवेसिव कार्डियोलॉजी हार्ट इंस्टीट्यूट की सीनियर कंसलटेंट एवं एडल्ट इकोकार्डियोग्राफी कार्यक्रम की प्रभारी डॉ. श्रद्धा रंजन के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। जयप्रभा मेदांता हॉस्पिटल परिसर में वर्कशॉप का आयोजन रविवार 11 मई को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक किया गया। इस मौके पर मेदांता के पिडियाट्रिक कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. आशीष सप्रे आयोजन समिति के अध्यक्ष और पीडियाट्रिक वर्कशॉप के डायरेक्टर बनाये गये थे। उन्होंने कहा कि वर्कशॉप में आये फैकल्टी तथा अन्य डॉ. अपने ज्ञान और अनुभव साझा करते हैं। इसका सीधा फायदा मरीजों को मिलता है। वर्कशॉप के जरिये डॉक्टर्स अपने ज्ञान और अनुभव को बढ़ाते हैं और इनका इस्तेमाल मरीजों के इलाज के दौरान किया जाता है।

# शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार पर जोर दे पटेल समाज : भूपेश बघेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बिहार के एकदिवसीय दौरे पर उन्होंने पटेल सेवा संघ में अपने समाज के उत्थान के प्रति समर्पित 17 समाज सेवियों को सम्मानित किया एवं उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए इस बात पर बल दिया कि यदि अपने समाज की प्रगति को लेकर कोई वर्ण विशेष यदि प्रयासरत है तो उसे सबसे पहले अपने लोगों की शिक्षा, स्वास्थ एवं आमद के स्त्रोत को मजबूत करने पर बल देने की जरूरत होती है। इसके उपरांत सरदार पटेल छात्रावास पटना में आहूत सैनिकों के सम्मान में छात्र युवा संवाद कार्यक्रम में वे शामिल हुए जहां उनका स्वागत पटेल छात्रावास के संरक्षक उपेंद्र सिंह ने किया। बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गुंजन पटेल ने स्वागत भाषण करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सामाजिक न्याय की लड़ाई में योगदान पर प्रकाश डाला और देश में चल रही सैन्य कार्यवाही के बीच उनके छात्रों से संवाद के निर्णय के लिए उनका साधुवाद किया। अपने संबोधन में पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि कांग्रेस पूर्ण रूपेण आतंकवाद से सख्ती से निपटने के फैसले पर अपनी सेना और सरकार के साथ खड़ी और पूर्व में स्वर्गीय इंदिरा गांधी ने भी पाकिस्तान को खंड खंड कर 90 हजार फौजियों को आत्मसमर्पण को बाध्य किया था । उपस्थित छात्रों से संवाद के क्रम में उन्होंने प्रश्नों का जवाब देते हुए अपनी सरकार द्वारा किए गए जनकल्याणकरी कार्यों पर प्रकाश डाला और छात्रों से सामाजिक न्याय की लड़ाई में सतत संघर्षरत रहने की अपील भी की ।

# लहठी उद्योग को मिले प्रोत्साहन, तभी बढ़ेगा ग्रामीण रोजगार : महिला संवाद में उठी आवाज



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर जिले में आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम में स्थानीय महिलाओं ने स्वरोजगार और लघु-उद्योगों को बढ़ावा देने की पूरजोर मांग की। कार्यक्रम के दौरान बोचहा प्रखंड की महिलाओं ने पारंपरिक लहठी (चूड़ी) उद्योग को एक व्यवस्थित स्वरूप देने के लिए सरकारी अनुदान और प्रशिक्षण की आवश्यकता जताई। उनका कहना है कि यदि सरकार से उचित सहयोग मिले तो यह उद्योग न केवल सैकड़ों महिलाओं को रोजगार देगा, बल्कि आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में भी एक मजबूत कदम होगा। महिलाओं ने कहा कि लहठी उद्योग को सरकारी मान्यता और आर्थिक सहयोग मिलने से वे कम लागत में व्यवसाय शुरू कर सकती हैं और अधिक से अधिक लोगों को रोजगार से जोड़ सकती हैं। इसके साथ ही उन्होंने लहठी के लिए व्यापक बाजार की व्यवस्था और विपणन सहायता की भी मांग रखी। कार्यक्रम में औराई पंचायत की नसीमा खातून ने बेकरी उद्योग को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरपुर और आसपास के जिलों में बेकरी उत्पादों की अच्छी मांग है और यदि इस क्षेत्र में प्रशिक्षण व संसाधन उपलब्ध कराए जाएं तो यह स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति देने वाला क्षेत्र बन सकता है। महिला संवाद में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की भी चर्चा हुई। महिलाओं ने मक्का, सरसों और सब्जियों से जुड़े लघु उद्योगों की स्थापना की मांग करते हुए कहा कि इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और किसानों को भी लाभ होगा। महिला संवाद कार्यक्रम के तहत जागरूकता वाहन में एलईडी स्क्रीन और लीफलेट्स के माध्यम से महिलाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। महिलाएं इन योजनाओं के बारे में जानकारी पाकर अपने सुझाव और समस्याएं बेझिझक साझा कर रही हैं जिससे उनकी भागीदारी सीधे नीति निर्माण में सुनिश्चित हो रही है। इसके अलावा कार्यक्रम में जन वितरण प्रणाली से राशन की मात्रा बढ़ाने, पेंशन, आवास, शौचालय, छात्रवृत्ति, पोशाक, साइकिल योजना की राशि में वृद्धि और स्थानीय बुनियादी ढांचे जैसे सड़क, गली-नाली की समस्याएं भी प्रमुखता से उठाई गईं।

# भारतीय सेना के समर्थन में कांग्रेस ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारतीय सेना के शौर्य, पराक्रम और वीरता के समर्थन में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी ने गांधी मैदान स्थित गांधी मूर्ति से लेकर कारगिल चौक तक भव्य तिरंगा यात्रा एआईसीसी के राष्ट्रीय महासचिव व छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारू और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के नेतृत्व में निकाला। संध्या में निकले इस यात्रा में भारतीय सेना के समर्थन में कांग्रेस पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गगनभेदी नारे लगाए। पाकिस्तान के नापाक हरकतों के खिलाफ भी नेताओं ने नारेबाजी की और सेना के समर्थन में इस यात्रा के आयोजन का महत्व बताया। एआईसीसी के राष्ट्रीय महासचिव व छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा भारतीय सेना के वीर जवानों के देश के प्रति समर्पण और जज्बे के समर्थन में कांग्रेस के द्वारा देश भर में आयोजित समर्थन यात्रा के फलस्वरूप बिहार से प्रदर्शित संदेश था कि जब आप देश के लिए युद्ध जैसे हालात में मजबूती से दुश्मन देश पाकिस्तान के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं तो हम सब आपके लिए प्रत्येक परिस्थिति में खड़े मिलेंगे। देश में जो स्थिति है, उसमें हम भारतीय सेनाओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं और सेनाओं के शौर्य, साहस को सलाम करते हैं। इस तिरंगा यात्रा ने आम लोगों में जागरूकता भी लाने का काम किया है और युद्ध के स्थिति में सेना के द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन और रक्तदान को भी हम आम लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भारतीय सेना के साथ कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता मजबूती से खड़ा है। हम जवानों के परिवार के साथ हैं और उनके लिए हर परिस्थितियों में अपना साथ देंगे। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारू ने कहा कि ये वो भारतीय सेना है जिसने अपने शौर्य और पराक्रम के बल पर पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिए थे। आज एक बार फिर आतंक के पनाहगारों को सबक सिखाने का समय आ चुका है। कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता इस घड़ी में सेना के साथ खड़े हैं। पाकिस्तान अपनी जमीन पर आतंक को बढ़ावा देकर, बार-बार भारत के स्वाभिमान को चुनौती दे रहा है। ऐसे में भारत की सरकार को कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेताओं ने सर्वदलीय बैठक में पूर्ण समर्थन दिया है और भारतीय सेना के समर्थन में हम यात्रा निकालकर उनके मनोबल को बुलंद करने के लिए तिरंगा यात्रा देश भर में निकाल रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि भारतीय सेना आतंक को खत्म करने के लिए हर मोर्चे पर पाकिस्तान को सबक सिखा रही है। सेना का साफ संदेश है कि भारत के खिलाफ जो कोई भी आंख उठाकर देखेगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा। कांग्रेस पार्टी सेना के इस फैसले के साथ खड़ी है और उनके प्रत्येक निर्देशों को आम जनता तक पहुंचाने में मददगार की भूमिका में पूरे युद्ध की स्थिति तक बनी रहेगी। बिहार कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता सेना के साथ खड़ा है और किसी भी आपात स्थिति में हम रक्तदान से लेकर कारसेवा तक करने के लिए तैयार हैं।

# प्रशिक्षकों द्वारा कार्यकर्ताओं को दिया गया प्रशिक्षण




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** राष्ट्रीय जनता दल 'सामाजिक न्याय परिचर्चा कार्यक्रम' का आयोजन कैमूर जिले के मोहनियां विधान सभा में आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, पूर्व मंत्री सह विधायक सुरेंद्र राम, पूर्व विधायक सह प्रदेश उपाध्यक्ष विजेंद्र यादव, राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव अदीब रिजवी साहब, आरा जिला परिषद की पूर्व अध्यक्षा आरती देवी एवं युवा राजद के प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी बेलाल खान ने प्रशिक्षक के तौर पर शिरकत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहनियां प्रखंड अध्यक्ष नन्द कुमार यादव, संचालन नंद कुमार यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कैमूर जिलाध्यक्ष अकलू राम, जिला प्रधान महासचिव भोला नाथ यादव, युवा जिला प्रधान महासचिव सलमान खान, अवधेश कुशवाहा, जगनारायण यादव, मुन्ना सिंह, लक्ष्मी यादव आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में पार्टी द्वारा निर्धारित विषयों पर प्रशिक्षकों द्वारा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में विधान सभा के प्रकोष्ठों के प्रखंड के अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष एवं राजद के वरीय नेता कार्यकर्ता एवं युवा साथी उपस्थित थे।

# मां वैष्णो देवी सेवा समिति की ओर से आठ जून को 51 जोड़े का दहेज रहित सामूहिक विवाह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

पटना। मां वैष्णो देवी सेवा समिति द्वारा 'एक विवाह ऐसा भी' के 13 वें संस्करण के अंतर्गत 8 जून को 51 जोड़े का दहेज रहित सामूहिक विवाह कराया जाएगा। यह जानकारी तैयारी बैठक के बाद मां वैष्णव देवी सेवा समिति के कार्यक्रम संयोजक कन्हैया अग्रवाल (कन्नू) ने दी। अग्रवाल ने बताया कि इसके लिए राज्यपाल बिहार, मुख्यमंत्री सहित अन्य मंत्रियों को आमंत्रित किया गया है। कन्हैया अग्रवाल ने बताया कि पटना के महाराणा प्रताप भवन आर्य कुमार रोड में शादी का सभी विधि विधान आयोजित होगा। इसमें वर एवं वधू पक्ष के लोग मौजूद रहेंगे। बारात यहीं से 8 जून को संध्या 4 बजे निकलेगी जिसमें 51 अलग-अलग घोड़े पर 51 दूल्हे राजा बैठेंगे। विवाह हेतु श्रीकृष्ण मेमोरियल में 16 हजार स्क्वायर फीट का पंडाल बनाया जा रहा है। विवाह में प्रत्येक जोड़े को आवश्यक जरूरी सामान भी दिया जाएगा। शादी के लिये निबंधन हेतु उम्र प्रमाणपत्र लड़के व लड़कियों को देना जरूरी होता है। लड़के की उम्र 21 एवं लड़की की उम्र 18 वर्ष से अधिक होना अनिवार्य है जिनके पास मैट्रिक का प्रमाणपत्र नहीं होता है। उनको नोटरी से शपथपत्र लेना होता है। साथ ही गांव के मुखिया से सर्टिफिकेट भी जरूरी होता है। निबंधन हेतु मोबाइल नंबर 9931158774 और 9835093400 पर संपर्क कर रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है। मौके पर मुकेश हिसारिया ने बताया कि इस वर्ष शादी में विशेष आयोजन स्पाईनल कॉर्ड इंज्यूरी का रहेगा। इसमें बिहार के बहुत सारे वैसे बच्चे आएंगे जिनका कमर से नीचे का हिस्सा काम नहीं कर पा रहा है। उन बच्चों के लिए अस्पतालों में विशेष व्यवस्था करने का अनुरोध किया जाएगा।

मौके पर समिति के अध्यक्ष जय प्रकाश सरावगी ने बताया कि इस सामूहिक विवाह में भाग लेने वाले जोड़े को बिहार के प्रमुख हस्तियों द्वारा आशीर्वाद दिया जाएगा। बैठक में समिति के संस्थापक सदस्य मुकेश हिस्सारिया, अध्यक्ष जय प्रकाश सरावगी, सचिव संजय तोतला, जगजीवन सिंह, कन्हैया अग्रवाल (कन्नू), नन्द किशोर अग्रवाल, जितेंद्र कुमार (जीतू) आदि उपस्थित थे।

# रविन्द्रनाथ टैगोर जयंती पर नाटक 'माल्यदान' का मंचन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** 164 वीं रविन्द्रनाथ टैगोर जयंती के अवसर पर पटना रवींद्र भवन के प्रेक्षागृह में अतुल्या आर्ट्स पटना की नवीनतम नाट्य प्रस्तुति 'माल्यदान' का मंचन लाडली कुमारी के निर्देशन में किया गया। कहानी का शीर्षक भारतीय रीति-रिवाज़ से लिया गया है जिसमें विवाह की रस्मों के दौरान माला का आदान-प्रदान किया जाता है। जतिन, एक युवा डॉक्टर, अपनी छुट्टियों के दौरान अपनी बहन से मिलने जाता है। घर पर जतिन को उसकी चचेरी बहन पटल लगातार शादी करने के लिए उकसाती है। वह उसे एक किशोरी लड़की, बिन्नी से मिलवाती है। बिन्नी एक अनाथ है जो अकाल से बच गई थी और जिसे पटल और हरकुमारबाबू (पटल के पति) ने बचाया और ठीक किया और तब से इस निःसंतान जोड़े ने उसका पालन-पोषण किया है।

# दो दिवसीय तानसेन मेगा म्यूजिक एंड डांस फेस्टिवल का शानदार आगाज

## फेस्टिवल में बच्चों ने भारतीय संगीत की विविधता को किया प्रदर्शित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** तानसेन स्कूल ऑफ म्यूजिक द्वारा ए एन कॉलेज के सत्येंद्र नारायण सिन्हा सभागार में दो दिवसीय तानसेन 9वीं मेगा म्यूजिक एंड डांस फेस्टिवल-2025 का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन तानसेन स्कूल ऑफ म्यूजिक के सीईओ कैप्टन आशुतोष कुमार एवं एमडी वंदना कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत तानसेन स्कूल के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना पर कत्थक नृत्य की प्रस्तुति से की गई। इसके बाद बच्चों ने एक से बढ़कर एक क्लासिकल एवं सेमी क्लासिकल नृत्य - संगीत की प्रस्तुति दी जिसे देख सभी दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम में संस्थान के 250 से बच्चों ने भजन, गजल, सूफी, पियानों व डांस के परफॉरमेंस से सबका दिल जीत लिया। संस्थान के पांचों ब्रांच के बच्चों ने सालसा, फ्यूजन डांस परफॉरमेंस के साथ हीं एक से बढ़कर एक गाने की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में तानसेनाइट ऑफ द ईयर का भी आयोजन हुआ जिसमें बच्चों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। तानसेन स्कूल ऑफ म्यूजिक के सीईओ कैप्टन आशुतोष कुमार ने कहा कि यह आयोजन छात्रों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर देता है और भारतीय संस्कृति को भी बढ़ावा देता है। यह आयोजन भारतीय संगीत की विविधता और समृद्धि को प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष हम कुछ नए वादें कर उसे पूरा करने के लक्ष्य के साथ निरंतर आगे बढ़ते रहते हैं। वहीं एमडी वंदना कुमार ने कहा कि इस संस्थान के माध्यम से अब तक हजारों बच्चों ने प्रशिक्षण लेकर अपना परचम लहराया है।

06

संपादकीय

नवबिहार टाइम्स
बोकारो, रविवार 11 मई 2025

## संपादकीय

# चौकस भारत

आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई को पाकिस्तान दो देशों की जंग का रूप देने पर तुला है। 7 मई की रात के बाद 8 मई देर शाम को पाकिस्तान ने भारत में कई सैन्य ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया, जिसे भारतीय डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया। भारत का रुख स्पष्ट और सही है कि क्षेत्र में तनाव नहीं बढ़ना चाहिए, लेकिन अगर पड़ोसी देश ने कोई हरकत की, तो उसका माकूल जवाब दिया जाएगा। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया था। भारत की प्रतिक्रिया फोकस्ड, संतुलित और गैर-उकसावे वाली थी। लेकिन, पाकिस्तान ने इसके जवाब में पहले तो 7 मई को देर रात और 8 मई देर शाम भारत के कई सैन्य ठिकानों पर हमला करने का प्रयास किया। उसने स्पष्ट पर गोलाबारी बढ़ा दी और मासूम नागरिकों को निशाना बनाने की कोशिश कर रहा है। भारत का लाहौर के एयर डिफेंस सिस्टम को तबाह करना और उसके दूसरे कदम पाकिस्तान को उसकी करतूतों का जवाब हैं, जो कि जरूरी हो गया था। पाकिस्तान का यह आरोप बेबुनियाद है कि तनाव की शुरुआत भारत ने की। एस्केलेशन पहलगाम आतंकी हमले से शुरू हुआ था और भारतीय सेना ने उसके बाद आतंकी इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाया। भारत ने पाकिस्तानी सेना के ठिकानों को अभी तक निशाना नहीं बनाया है। दरअसल, आतंकवाद के मामले में पाकिस्तान लंबे अरसे से दुनिया को गुमराह करता आया है। ताजा मामले में भी वह झूठ फैला रहा है कि भारत की स्ट्राइक उसके धार्मिक स्थलों पर हुई और इसमें आतंकी नहीं, आम नागरिक मारे गए हैं। यह झूठ दरअसल उसी साजिश का हिस्सा है, जिसके तहत आतंकियों ने टारगेटेड किलिंग करके हिंदुस्तान में सांप्रदायिक तनाव फैलाने का प्रयास किया था। सच्चाई तो यह है कि धर्म को आतंक से पाकिस्तान ने मिलाया है। उसने धार्मिक स्थलों की पवित्रता का भी ख्याल नहीं रखा और अपने नापाक मंसूबों के लिए उनका इस्तेमाल किया। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को कहा कि भारत का पाकिस्तान के साथ तनाव बढ़ाने का कोई इरादा नहीं है, लेकिन अगर देश पर सैन्य हमले होते हैं, तो इसका कड़ा जवाब दिया जाएगा। भारत पहले भी यह बात कह चुका है। इससे जाहिर होता है कि वह अपने लक्ष्य को लेकर फोकस्ड है यानी आतंकवाद का खात्मा। उसका मकसद युद्ध नहीं है।

**'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिये भारत ने साबित कर दिया है कि वह अब केवल प्रतिक्रिया देने वाला देश नहीं बल्कि आतंक के स्त्रोतों पर निर्णायक और सर्जिकल प्रहार करने वाला राष्ट्र बन चुका है। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद जिस तरह भारत ने सीमा पार स्थित आतंकी ठिकानों पर निशाना साधते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया, उसने न केवल पाकिस्तान को उसकी औकात दिखाई बल्कि भारत की नई सैन्य नीति को भी स्पष्ट कर दिया कि अब हम चुप नहीं बैठेंगे बल्कि हम आतंक के जन्मस्थल तक जाएंगे और वहां आग लगाएंगे। यह ऑपरेशन केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं थी, यह उस बदले हुए भारत की घोषणा थी, जो अब बातों से नहीं, बमों से जवाब देता है, जो कूटनीति की किताब बंद करके अब अपने लड़ाकू विमानों और मिसाइलों की बोली में संवाद करता है।**

# भारत का आतंक पर कभी न भूलने वाला प्रहार

**(योगेश कुमार गोयल )**

सिंदूर ऑपरेशन में केवल आतंकी ठिकानों को ही नहीं, उन ठिकानों को भी निशाना बनाया गया, जहां से उन्हें रसद, हथियार और प्रशिक्षण दिया जाता था। यह केवल आतंकियों के खिलाफ नहीं बल्कि आतंक को संरक्षण देने वाली पूरी पाकिस्तानी सैन्य और खुफिया संरचना के खिलाफ कार्रवाई थी।

'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिये भारत ने साबित कर दिया है कि वह अब केवल प्रतिक्रिया देने वाला देश नहीं बल्कि आतंक के स्त्रोतों पर निर्णायक और सर्जिकल प्रहार करने वाला राष्ट्र बन चुका है। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद जिस तरह भारत ने सीमा पार स्थित आतंकी ठिकानों पर निशाना साधते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया, उसने न केवल पाकिस्तान को उसकी औकात दिखाई बल्कि भारत की नई सैन्य नीति को भी स्पष्ट कर दिया कि अब हम चुप नहीं बैठेंगे बल्कि हम आतंक के जन्मस्थल तक जाएंगे और वहां आग लगाएंगे। यह ऑपरेशन केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं थी, यह उस बदले हुए भारत की घोषणा थी, जो अब बातों से नहीं, बमों से जवाब देता है, जो कूटनीति की किताब बंद करके अब अपने लड़ाकू विमानों और मिसाइलों की बोली में संवाद करता है। भारतीय वायुसेना ने जब पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर में घुसकर आतंकियों के अड्डों पर सर्जिकल स्ट्राइक की तो यह महज जवाबी हमला नहीं था, यह स्पष्ट संदेश था कि भारत अब किसी आतंकी की मांद को भी सुरक्षित नहीं छोड़ेगा, चाहे वह सरहद के इस पार हो या उस पार।

ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य स्पष्ट था, उन स्थानों को ध्वस्त करना, जहां से भारत में आतंक का बीज बोया जाता है। पहलगाम हमला, जिसमें हमारे निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाया गया, उसकी साजिश कहीं और नहीं, पाकिस्तान की फौज, आईएसआई और लश्कर-ए-तैयबा जैसों की सांठगांठ से ही तैयार की गई थी। भारत ने न केवल इस साजिश को समझा बल्कि उसे जड़ से उखाड़ने की भी ठान ली है। इस ऑपरेशन में भारतीय वायुसेना ने जिस साहस, रणनीति और सटीकता का परिचय दिया, वह दुनिया के किसी भी शीर्ष सैन्य बल को चुनौती देने के लिए पर्याप्त है। पाकिस्तान हमेशा से ही दोहरी भूमिका निभाता रहा है, एक ओर वह







अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर शांति और वार्ता की बात करता है तो दूसरी ओर अपने क्षेत्र को आतंकियों के प्रशिक्षण केंद्र के रूप में प्रयोग करता है। भारत ने अब उस नकाब को पूरी तरह नोच फेंका है। ऑपरेशन सिंदूर ने बता दिया कि भारत अब उन भाषणों या प्रस्तावों से संतुष्ट नहीं होगा, जो संयुक्त राष्ट्र में दिए जाते हैं बल्कि उन बंकरों को नेस्तनाबूद करेगा, जहां से ये षड्यंत्र जन्म लेते हैं।

भारत द्वारा यह कार्रवाई अचानक नहीं की गई बल्कि पहले खुफिया एजेंसियों के माध्यम से आतंकियों की गतिविधियों की पूरी जानकारी जुटाई गई। सैटेलाइट इमेजिंग, मानव खुफिया नेटवर्क और तकनीकी निगरानी के जरिये भारत को यह स्पष्ट हो गया था कि पाक अधिकृत कश्मीर में कुछ स्थान आतंकियों के लांच पैड के रूप में कार्य कर रहे हैं। यह भी सामने आया कि हालिया पहलगाम हमले की योजना भी यहीं से बनाई गई थी। भारत की यह नीति अब 'हिट ऐंड होल्ड' की है कि हमला करो, कब्जा करो और दबाव बनाए रखो। इस ऑपरेशन में सबसे प्रभावशाली बात यह रही कि भारतीय लड़ाकू विमानों ने रात के अंधेरे में बेहद सटीकता से अपने लक्ष्य साधे और सीमित समय में वहां से निकल आए। यह 'नो वॉर्निंग, नो वॉर' रणनीति का आदर्श उदाहरण था। पाकिस्तान के वायु रक्षा तंत्र को भनक तक नहीं लगी और जब तक वहां के सैन्य प्रतिष्ठान कुछ समझ पाते, तब तक भारत अपना काम करके वापस लौट चुका था।

इस ऑपरेशन में केवल आतंकी ठिकानों को ही नहीं, उन ठिकानों को भी निशाना बनाया गया, जहां से उन्हें रसद, हथियार और प्रशिक्षण दिया जाता था। यह केवल आतंकियों के खिलाफ नहीं बल्कि आतंक को संरक्षण देने वाली पूरी पाकिस्तानी सैन्य और खुफिया संरचना के खिलाफ कार्रवाई थी। यही कारण है कि पाकिस्तान के राजनीतिक और सैन्य गलियारों में इस ऑपरेशन के बाद सन्नाटा छा गया। हालांकि पाकिस्तान की प्रतिक्रिया पूर्वानुमेय थी, पहले इन्कार, फिर विक्टिम कार्ड खेलना और अंत में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से गुहार लगाना लेकिन अब वैश्विक परिदृश्य बदल चुका है। अमेरिका, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अन्य लोकतांत्रिक देश भारत के साथ खड़े हैं। आतंक के प्रति उनकी नीति अब स्पष्ट है कि जो आतंक को शरण देगा, वह खुद सुरक्षित नहीं रहेगा। इसीलिए, भारत द्वारा किए गए इस ऑपरेशन को विश्वभर में नैतिक समर्थन और वैधता प्राप्त हुई है।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि ऑपरेशन सिंदूर का सैन्य पक्ष जितना शक्तिशाली था, उतनी ही मजबूत उसकी कूटनीतिक तैयारी भी थी। भारत ने पहले ही अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान के आतंक समर्थक चेहरे को उजागर कर दिया था। एफएटीएफ जैसे मंचों पर पाकिस्तान की असफलताएं जगजाहिर हैं। ऐसे में भारत का यह सैन्य कदम उस लंबे कूटनीतिक संघर्ष का परिणामी वार था, जिसे वर्षों से संजोया जा रहा था। ऑपरेशन सिंदूर ने यह भी दिखा दिया कि भारत अब केवल एलओसी तक सीमित नहीं है। यदि आवश्यक हुआ तो भारत नियंत्रण रेखा पार करके भी अपने हितों की रक्षा कर सकता है। यह नीति पाकिस्तान के लिए स्पष्ट चेतावनी है कि यदि उसने अब भी अपने घर में पल रहे आतंकी सांपों को दूध पिलाना बंद नहीं किया तो अगली बार भारत उनके बिलों तक पहुंचेगा और उन्हें वहीं खत्म करेगा। यह भी उल्लेखनीय है कि भारत की सैन्य क्षमता अब केवल परंपरागत युद्धों तक सीमित नहीं है। ऑपरेशन सिंदूर में जिन हथियारों और तकनीकों का उपयोग किया गया, उनमें राफेल जैसे अत्याधुनिक लड़ाकू विमान, ड्रोन निगरानी, रियल टाइम सैटेलाइट डेटा और बंकर भेदी बम शामिल थे। यह सब कुछ दर्शाता है कि भारत अब एक आधुनिक, आक्रामक और निर्णायक सैन्य शक्ति बन चुका है।

# किस देश के पास है सबसे अडवांस्ड मिसाइल डिफेंस सिस्टम, भारत इस मामले में कहां खड़ा है?

**(अभिनय आकाश)**

हमारी तरफ से इन मिसाइलों को रोकने के लिए स्पाइडर मिसाइल डिफेंस सिस्टम, आकाश मिसाइल डिफेंस सिस्टम के अलावा एस 400 का सबसे बड़ा योगदान रहा। कुछ पर में ही उनके सारे अटैक को नाकाम कर दिया गया। ऐसे में आइए जानते हैं कि भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम कितना मज़बूत है, कैसे हमलों को नाकाम करता है। विश्व के प्रमुख और सबसे अडवांस्ड मिसाइल डिफेंस सिस्टम कौन कौन से हैं।

बीआर चोपड़ा के निर्देशन में बनी महाभारत का वो दृश्य जिसमें योद्धा अपना सधा हुआ बड़े से बड़ा अस्त्र छोड़ता था और सामने वाला योद्धा उसकी काट में अपना अस्त्र। दोनों आसमान में जाकर एक दूसरे से टकराते। ज्यादा मारक वाले अस्त्र सामने वाले के अस्त्र को नष्ट कर देता। भारत के पास भी ऐसा ही अचूक माना जाने वाला हथियार है जिसने दुश्मन के कई हमलों को नाकाम किया है। जब पाकिस्तान जैसा पड़ोसी देश हो तो तमाम तरह के अस्त्रों-शस्त्रों से लैस होने की तैयारी करना हालात की मजबूरी भी है और जरूरत में जरूरी भी। 9 मई की रात भारत की नई पीढ़ी के लिए शायद सबसे लंबी रात रही होगी। जो लोग जाग रहे थे वो वीर भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम को देख रहे थे और जो सो रहे थे। वो बस इसलिए आराम से सो पाए क्योंकि हमारी वीर सेना उनकी रक्षा के लिए हमेशा तैनात है।

अचानक दे रात अपुष्ट स्त्रोतों से खबर आई की बार्डर से सटे इलाकों में पाकिस्तान ने ड्रोन और मिसाइल से हमला कर दिया। कई वीडियोज इंटरनेट पर वायरल हुए। पाकिस्तान का टारगेट मिलिट्री इंस्टालमेंट को डैमेज करना यानी सीधा हमारी फौज पर हमला। इसे ही शास्त्रों में विनाशकाले विपरीत बुद्धि कहा गया है। हमारी तरफ से इन मिसाइलों को रोकने के लिए स्पाइडर मिसाइल डिफेंस सिस्टम, आकाश मिसाइल डिफेंस सिस्टम के अलावा एस 400 का सबसे बड़ा योगदान रहा। कुछ पर में ही उनके सारे अटैक को नाकाम कर दिया गया। ऐसे में आइए जानते हैं कि भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम कितना मज़बूत है, कैसे हमलों को नाकाम करता है। विश्व के प्रमुख और सबसे अडवांस्ड मिसाइल डिफेंस सिस्टम कौन कौन से हैं।

कैसे काम करता है एयर डिफेंस सिस्टम

वायु रक्षा प्रणाली का प्राथमिक उद्देश्य आसमान से खतरों को खत्म करना है। चाहे वह दुश्मन के लड़ाकू विमान हों, मानव रहित ड्रोन हों या मिसाइलें। यह रडार, नियंत्रण केंद्रों, रक्षात्मक लड़ाकू विमानों और जमीन पर आधारित वायु रक्षा मिसाइल, तोपखाने और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणालियों की एक जटिल प्रणाली की मदद से किया जाता है। एक वायु रक्षा प्रणाली को तीन परस्पर जुड़े संचालनों में उप-वर्गीकृत किया जा सकता है। वायु रक्षा प्रणाली की दक्षता हवाई खतरे को लगातार और सटीक रूप से ट्रैक करने की इसकी क्षमता से भी निर्धारित होती है और केवल पता लगाने से नहीं। यह



आमतौर पर रडार और अन्य सेंसर जैसे कि इन्फ्रारेड कैमरा या लेजर रेंजफाइंडर के संयोजन का उपयोग करके किया जाता है। अधिकतर मामलों में एक वायु रक्षा प्रणाली केवल एक ही खतरे से नहीं निपटती है - इसे जटिल और अव्यवस्थित वातावरण में कई, तेज़ गति से आगे बढ़ने वाले खतरों की पहचान और ट्रैक करना होता है, जिसमें मित्रवत विमान भी शामिल हो सकते हैं। ट्रैकिंग की सटीकता झूठे खतरों को लक्षित किए बिना दुश्मन को प्रभावी ढंग से बेअसर करने के लिए महत्वपूर्ण है।

लॉन्ग रेंज इंटरसेप्टर (एस-400)

भारत ने पहली बार एस 400 का इस्तेमाल करके दुश्मन को बता दिया है कि हमसे लड़ोगे तो चकनाचूर हो जाओगे। एस 400 की ताकत इतनी ज्यादा है कि वो 600 किलोमीटर की दूरी से ही टारगेट को पहचान लेता है। एक साथ 100 से 300 टारगेट को ट्रैक करता है। एस 400 फिट मिसाइलें एक साथ तीन दिशाओं में मिसाइल दाग कर दुश्मन को धूल चटाता है। ये हवा में उड़ते 36 टारगेट को एक साथ निशाना बनाता है। ये सिस्टम मिसाइल से लेकर ड्रोन तक के हमलों को नाकाम कर सकता है। अगर खतरा दूर से ही पकड़ में आ गया तो लॉन्ग रेंज में ही उसे खत्म करने के लिए लॉन्ग रेंज वेपन सिस्टम का इस्तेमाल होता है।

# युवाओं के नाम रहेगा आईपीएल-2025, वैभव सूर्यवंशी ने जीता सभी का दिल

**इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में वैभव राजस्थान रायल्स की ओर से खेल रहे हैं। 28 अप्रैल को जयपुर में गुजरात टाइटंस के खिलाफ वैभव ने ऐसी धुंआधार पारी खेली कि सबकी आंखे खुली रह गईं। 35 गेंदों में उसने शतक जड़ दिया। टी?20 फार्मेट में सबसे कम उम्र में शतक बनाने का यह नया रिकॉर्ड है। इससे पहले राजस्थान टीम के ही यूसुफ पठान ने 15 साल पहले 37 गेंद में शतक लगाया था। उस समय वैभव का जन्म भी नहीं हुआ था। बिहार के समस्तीपुर से आने वाले वैभव सूर्यवंशी को देश का नया सितारा कहा जाने लगा है।**

**(आदर्श प्रकाश सिंह)**

आईपीएल को भारत-तनाव के चलते स्थगित कर दिया गयाष गुजरात के खिलाफ वैभव सूर्यवंशी ने चौकों और छक्कों की ऐसी झड़ी लगाई कि सब देखते ही रह गए। गुजरात टीम का कोई भी गेंदबाज उस पर अंकुश नहीं लगा पाया। प्रसिद्ध कृष्णा और राशिद खान समेत सभी गेंदबाज बौने नजर आ रहे थे। उसके बल्ले से 11 छक्के और 7 चौके निकले। इस बार के आईपीएल में कई युवा अपना परचम लहरा रहे हैं। जहां 43 साल के महेंद्र सिंह धोनी हैं तो वहीं 14 साल के वैभव सूर्यवंशी ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा है। वह नए भारत की सनसनी है। उसे चहुंओर सराहना मिल रही है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में वैभव राजस्थान रायल्स की ओर से खेल रहे हैं। 28 अप्रैल को जयपुर में गुजरात टाइटंस के खिलाफ वैभव ने ऐसी धुंआधार पारी खेली कि सबकी आंखे खुली रह गईं। 35 गेंदों में उसने शतक जड़ दिया। टी?20 फार्मेट में सबसे कम उम्र में शतक बनाने का यह नया रिकॉर्ड है। इससे पहले राजस्थान टीम के ही यूसुफ पठान ने 15 साल पहले 37 गेंद में शतक लगाया था। उस समय वैभव का जन्म भी नहीं हुआ था। बिहार के समस्तीपुर से आने वाले वैभव सूर्यवंशी को देश का नया सितारा कहा जाने लगा है। उसे अपने पहले मैच के लिए काफी इंतजार करना पड़ा। आईपीएल 2025 में 19 अप्रैल को जब उसने अपने पहले मैच में पहली गेंद का सामना करते हुए छक्का लगाया था तभी से उसकी निडर बल्लेबाजी की तारीफ होने लगी। वैभव के सामने गेंदबाज थे शार्दुल ठाकुर जो भारतीय टीम की ओर से भी खेल चुके हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ यह उसका डेब्यू मैच था। उसने 20 गेंद में 34 रन बनाए थे। वैभव की इस छोटी सी पारी ने सबका मन मोह लिया। यहां तक कि विपक्षी टीम लखनऊ सुपर जायंट्स के मालिक संजीव गोयनका ने भी उसे दुलारते हुए उसकी सराहना की। हालांकि, राजस्थान रॉयल्स की टीम अपने घरेलू मैदान पर यह मैच 2 रन से हार गई। यह मुकाबला बड़ा रोमांचक था।

मगर, गुजरात के खिलाफ वैभव सूर्यवंशी ने चौकों और छक्कों की ऐसी झड़ी लगाई कि सब देखते ही रह गए। गुजरात टीम का कोई भी गेंदबाज उस पर अंकुश नहीं लगा पाया। प्रसिद्ध कृष्णा और राशिद खान समेत सभी गेंदबाज बौने नजर आ रहे थे। उसके बल्ले से 11 छक्के और 7 चौके निकले। आप सोच सकते हैं कि बिहार के इस किशोर ने कितनी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की होगी। जब उसका शतक पूरा हुआ तो पूरा ड्रेसिंग रूम उसके सम्मान में खड़ा हो गया। राजस्थान टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ भी उछल पड़े। सभी साथी खड़े होकर उसे बधाई दे रहे थे। पूरा सवाई मान सिंह स्टेडियम वैभव के शतक बनने पर झूम रहा था। सबसे बड़ी बात तो यह कि वैभव बांए हाथ से बैटिंग करते हैं और यशस्वी जायसवाल के साथ पारी की



शुरुआत करने की जिम्मेदारी निभाते हैं। इससे यह भी पता चलता है कि आईपीएल के माध्यम से आज कई युवा अपनी दावेदारी ठोक रहे हैं। पंजाब टीम की ओर से खेल रहे युवा प्रियांश ने भी एक जबर्दस्त पारी से सबका दिल जीत लिया है। चेन्नई की टीम में आयुष म्हात्रे ने एक कमाल की पारी खेली है। केरल के युवा विग्नेश पुथुर ने मुंबई की ओर से खेलते हुए अपने पहले ही मैच में 32 रन देकर 3 विकेट झटक लिये। ये युवा ही देश का भविष्य हैं। इन्हें हम भारतीय टीम में देख सकते हैं।

आईपीएल एक ऐसा लोकप्रिय मंच है जहां दमदार प्रदर्शन करके भारतीय टीम में शामिल होने का अवसर मिलता है। वैभव ने निर्भीक बल्लेबाजी का ऐसा नमूना पेश किया है कि उसे भारतीय टीम के भविष्य नया सितारा बताया जा रहा है। उसे आईपीएल?2025 की खोज कहना गलत नहीं होगा। जब राजस्थान रायल्स ने वैभव सूर्यवंशी को एक करोड़ रुपये में अपने साथ जोड़ा तो बहुतों को बड़ी हैरानी हुई। लोगों ने सोचा कि 14 साल का यह लड़का कौन सा तीर मार लेगा। टीवी पर एक रोचक विज्ञापन भी आया जिसमें महेंद्र सिंह धोनी और राजस्थान टीम के कप्तान संजू सैमसन इतने कम उम्र के खिलाड़ी पर बातचीत कर रहे हैं। धोनी लगभग कटाक्ष करते हैं जिसका सैमसन बड़ी होशियारी से जवाब देते हैं।

पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर यदि किसी की सराहना करें तो समझिए बड़ी बात है। वैभव सूर्यवंशी के जोरदार शतक पर उन्होंने एक्स पर लिखा- वैभव का निडर दृष्टिकोण, बल्लेबाजी की गति, लेंथ का जल्द अनुमान लगाना और आती हुई गेंद पर पूरी ताकत से प्रहार करना उनकी शानदार पारी का नुस्खा था। इसी का परिणाम था कि वह 38 गेंद में 101 रन बना पाए। यूसुफ पठान ने भी आईपीएल में सबसे तेज शतक का अपना रिकॉर्ड तोड़ने पर वैभव को बधाई दी है। देश के एक और पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह ने कहा है कि %वह निडर रवैए के साथ खेल रहा है। अगली पीढ़ी के इस युवा के प्रदर्शन से मुझे गर्व है। पूर्व सलामी बल्लेबाज श्रीकांत कहते हैं हम एक अभूतपूर्व बल्लेबाज का उदय देख रहे हैं।

जाहिर है, आज हर भारतीय इस लड़के पर गर्व कर रहा है। भारतीय टीम में वैभव सूर्यवंशी का प्रवेश कब होगा, यह बताना आसान नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### एकमा प्रखंड दिव्यांग समन्वय समिति की बैठक आयोजित, एकमा सीएचसी में शिविर का आयोजन 13 को

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में प्रखंड स्तरीय दिव्यांग समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 13 मई को सीएचसी परिसर में लगने वाले दिव्यांगता जांच शिविर की तैयारी व आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बीडीओ डॉ अरुण कुमार, एमओआईसी डॉ साजन कुमार, बीईओ योगेंद्र बैठा, बीएचएम वाहिद अख्तर, बीपीआरओ अंगेश कुमार यादव, सीडीपीओ, बीसीएम, संसाधन शिक्षक दयाशंकर पांडेय



व सुजीत कुमार सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि शिविर को सफल बनाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। ताकि अधिक से अधिक दिव्यांगजन इसका लाभ उठा सकें। बीईओ योगेंद्र बैठा व संसाधन शिक्षक दयाशंकर पांडेय ने बताया कि प्रखंड एवं नगर क्षेत्र के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को दिव्यांग छात्र-छात्राओं को दो पासपोर्ट साइज के फोटोग्राफ व आधार कार्ड के साथ दिव्यंगता जांच शिविर में पहुंचने के लिए निर्देशित किया गया है। शिविर के माध्यम से दिव्यांगजनों को प्रमाणपत्र निर्गत करने, उपकरण वितरण, स्वास्थ्य जांच सहित अन्य सरकारी योजनाओं की जानकारी व लाभ देने की व्यवस्था की जाएगी। एमओआईसी डॉ. वाहीद अख्तर ने बताया कि सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करना होगा। ताकि दिव्यांगजनों को कोई परेशानी न हो।

### गृह रक्षकों के लिए 19 मई से होगी शारीरिक दक्षता परीक्षा

**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में गृह रक्षकों के 690 रिक्त पदों पर नामांकन हेतु शारीरिक दक्षता परीक्षा 19 मई 2025 से शुरू होगी। इसके लिए कुल 35732 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनमें 29266 पुरुष, 6464 महिलाएं और 2 ट्रांसजेंडर अभ्यर्थी हैं। पुरुषों की परीक्षा 19 मई से 16 जून और महिलाओं की 17 जून से 21 जून तक जेपी यूनिवर्सिटी मैदान, छपरा में होगी। परीक्षा में यूएचएफ आरएफआईडी, बायोमेट्रिक सत्यापन, डिजिटल हाइट-चेस्ट मापन, लेजर आधारित लॉन्ग जंप व शॉट पुट जैसी आधुनिक तकनीकें इस्तेमाल होंगी। परीक्षण स्थल पर सभी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

### दलित बस्तियों में चलाया गया विशेष अभियान

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राशन कार्ड से वंचित महादलित परिवारों का राशन कार्ड बनेगा। इसको लेकर दलित बस्तियों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। राशन कार्ड से वंचित शत प्रतिशत महादलित परिवारों का राशन कार्ड बने इसको लेकर शुक्रवार को प्रखंड बगहा दो के प्रखंड आपूर्ति अधिकारी प्रशांत पांडेय ने विकास मित्रों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने विकास मित्रों को विशेष शिविर से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर निर्देशित करते हुए कहा कि महादलित बस्ती के वैसे परिवारों को चिन्हित किया जाए जिनका जिन्हें राशन योजना का लाभ नहीं मिलता है। उन्होंने बताया कि ऐसे परिवारों को चिन्हित कर उनसे आवेदन प्राप्त किया जाए ताकि उनका राशन कार्ड बनाया जा सके। इसके अलावा सरकार की अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ महादलित बस्ती के लोगों को मिले इसको लेकर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने विकास मित्रों को निर्देशित करते हुए शिविर का व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया। ताकि शिविर में अधिक से अधिक लोगों का आवेदन प्राप्त हो सके एवं महादलित बस्ती के लोगों को योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सके। शनिवार को बगहा दो प्रखंड के एक दर्जन से अधिक पंचायत में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसकी समीक्षा प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने की।

### हृदयानंद सिंह बने पटखौली थाना के थानाध्यक्ष

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हृदयानंद सिंह को पटखौली थाना का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। एसपी सुशांत कुमार सरोज ने बताया कि विगत एक पखवारे से पटखौली थाना प्रभारी का पद रिक्त था। शहर की विधि व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस इंस्पेक्टर सह स्पीडी ट्रायल प्रभारी हृदयानंद सिंह को पटखौली थाना का प्रभार सौंपा गया है। मिली जानकारी के अनुसार श्री सिंह 2009 बैच के इंस्पेक्टर हैं। बगहा में योगदान देने के बाद वे स्पीडी ट्रायल का कार्य देख रहे थे। गौरतलब हो कि बीते 28 अप्रैल को पटखौली थानाध्यक्ष अनीश कुमार को एसपी सुशांत कुमार सरोज ने लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया था। तभी से उक्त पद खाली चल रहा था।

### स्वास्थ्य केंद्र मझौलिया में गर्मी को लेकर हुई बैठक

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हीट वेव को लेकर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.अनुपम प्रसाद की अध्यक्षता में बैठक की गई।बढ़ते हुए तापमान को देखते हुए उन्होंने हीट वेव से आम जनों को बचने के लिए उपस्थित डॉक्टर और कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।उन्होंने आमजन को पर्याप्त पानी पीने के साथ ही नींबू पानी,छाछ के सेवन की सलाह दी गई है।इसके अलावा उन्होंने बताया कि बहुत तेज धूप में यात्रा करने से बचे।इसके साथ ही पूरा बदन कवर करके चलें। गहरे रंग का कपड़ा पहने से बचे,सुबह घर से खाना खाकर निकले।

# भारतीय सेना ने अपने शौर्य, साहस एवं पराक्रम से पूरी दुनिया में अपनी एक अलग पहचान कायम बनाई है : जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक

## पलामू : कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गयी

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पलामू जिला कांग्रेस पार्टी ने भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत अतंकवादियों और पकिस्तान पर की गई कार्रवाई के समर्थन में तिरंगा यात्रा निकाली। मेदिनी नगर के कांग्रेस भवन से दिन के 11:00 बजे कांग्रेस पार्टी के पलामू जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक के नेतृत्व में के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई।

इस तिरंगा यात्रा में पलामू जिला कांग्रेस पार्टी के काफी संख्या में नेता और कार्यकर्ता शामिल थे सभी ने पाकिस्तान मुदार्बाद और सेना के हौसलों को बढ़ाने संबंधी नारे लगाए। कांग्रेस भवन से निकाली तिरंगा यात्रा राजेंद्र चौक होते हुए कांग्रेस कार्यालय में समाप्ति हुई। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने ने कहा कि हमारे देश का मस्तक विश्व में ऊँचा बनाए रखने है। पहलगाम में 26 निर्दोष नागरिकों की हत्या का बदला लेने के लिए सेनिकों ने पकिस्तार के अंदर स्थित आतंकी ठिकाने को जिस तरह प्नाश किया है यह अनुकरणीय है। आतंकवाद के खिलाफ कांग्रेस पार्टी सैन्य कार्रवाई के समर्थक है। पूरे देश की जनता और कांग्रेस पार्टी सेना के साथ खड़ी है। सरकार के हर निर्णय में सरकार के साथ है देश पर जब संकट




का दौर भारतीय सेना ने अपने साहस और पराक्रम से देश पर मंडराते खतरे को दूर किया है। आज भी भारतीय सेना संयम के साथ पाकिस्तानी आतंकवाद को जवाब दे रही है। कांग्रेस पार्टी देश और सेना के सम्मान में सदैव साथ खड़ी है। भारतीय सेना ने आतंकवादी ठिकानों को निशाना बराया था. लेकिन पाकिस्तान द्वारा निर्दोष भारतीय नागरिकों पर हमला किया जा रहा है यह पाकिस्तान का कारयता का प्रतीक है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने आगे कहा की सेना के सम्मान में सेना के मनोबल को ऊंचा रखने के लिए कांग्रेस पार्टी ने तिरंगा यात्रा निकाली है। हम चाहते हैं कि आतंकवाद और आतंकवादी समाप्त हो। इस तिरंगा यात्रा में मुख्य रूप से कांग्रेस पार्टी के तारकेश्वर पासवान ईश्वरी सिंह शमीम अहमद राइन सत्येंद्र सिंह गिरजा राम नसीम खान शैलेश चंद्रवंशी सुरेश पाठक मिथिलेश सिंह डॉक्टर कृष्णमणि दुबे सत्येंद्र सिंह चिंता मणि तिवारी विद्या सिंह चेरो अजय साहू जितेंद्र कमलापुरी रविंद्र कुमार अनिल सिंह मिठू खान अखिलेश चौधरी तुलसी पासवान छोटू सिंह ललित सिंह खुर्शीद अलाम मीर खुर्शीद छोटू चंद्रवंशी सौरव शुक्ला गोपाल प्रसाद सिंह सुधीर सिंहा गुड्डू खान मस्तक आलम मोहम्मद सरवर मियां सनी मियां तैमूर मियां अली मियां सरदार मियां आइसो मियां शहजाद अली जहीरूद्दीन मियां शिशु मियां हकीम मियां गोरा मियां इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# जिला परिषद की स्थायी समिति की बैठक संपन्न

## जनकल्याणकारी योजनाओं पर हुई विस्तृत चर्चा

**खूँटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला परिषद, खूँटी अंतर्गत गठित स्थायी समिति—शिक्षा, स्वास्थ्य तथा वन एवं पर्यावरण समिति की महत्वपूर्ण बैठक जिला परिषद खूँटी के सभागार में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद, खूँटी की उपाध्यक्ष श्रीमती माटू देवी ने की। बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे- कैंसर, टीबी और कुष्ठ रोग इत्यादि की विस्तृत जानकारी सिविल सर्जन खूँटी द्वारा दी गई। इसके अतिरिक्त जिला सामाजिक कल्याण विभाग के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों, कन्या दान योजना, विवाह पुनर्वास योजना, सखी बाई फूलो झानो योजना एवं पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना से संबंधित विषयों पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में जिला उद्योग विभाग द्वारा मधुमक्खी पालन, मशरूम उत्पादन, फूलों की खेती, फुलझाड़ू उत्पादन आदि के लिए किसानों को दी जाने वाली प्रशिक्षण योजनाओं की जानकारी साझा की गई। इस



बैठक में समिति के सदस्यगण, माननीय सांसद प्रतिनिधि, खूँटी लोकसभा क्षेत्र श्रीमती रेखा देवी, जिला परिषद सदस्य श्रीमती उसलेनी नेरता (अड़की), श्रीमती उसलेनी नेरता (मुरहू), जिला सामाजिक कल्याण पदाधिकारी, सिविल सर्जन, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला उद्योग पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती पर जनजातीय गौरव वर्ष के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं का हो रहा सफल क्रियान्वयन

**खूँटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती को जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में भव्यता के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर मंत्रालय द्वारा खूँटी जिला के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु विशेष पहल की गई है।

**अनुच्छेद 275 (1) के अंतर्गत योजनाओं का कार्यान्वयन**

वित्तीय वर्ष 2022-23 में खूँटी जिला अंतर्गत अनुच्छेद 275(1) के तहत 17 योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया गया। खूँटी प्रखंड के ग्राम टकरा में ₹130.31 लाख की लागत से मिनी स्टेडियम का निर्माण कराया गया। इसके अतिरिक्त, अनुसूचित जनजातियों के सतत विकास हेतु वियर सिंचाई योजना, तालाब निर्माण, सांस्कृतिक भवन, कृषि उपकरण वितरण, पुस्तकालय, सांस्कृतिक केंद्र, वन शोध संस्थान तथा विभिन्न आवासीय विद्यालयों की मरम्मति एवं जीर्णोद्धार का कार्य पूर्ण किया गया। भगवान बिरसा मुण्डा से जुड़े पर्यटन स्थलों के लिए बिरसा टूरिस्ट सर्किट के निर्माण का प्रस्ताव भी विभाग को भेजा गया है।

**प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना**

इस योजना के अंतर्गत खूँटी जिले के 254 आदिवासी बहुल ग्रामों का समग्र विकास किया जा रहा है। अब तक 235 पीसीसी पथों का निर्माण तथा 690 सोखपिट बनाए गए हैं, जिससे ग्रामों में स्वच्छता एवं आवागमन की सुविधा में वृद्धि हुई है। इसके अतिरिक्त 9 आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कर उन्हें संबंधित विकास विभाग को हस्तगत कराया गया है।

**पीएम जनमन कार्यक्रम**

प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत PVTG समुदाय के सामाजिक एवं बौद्धिक विकास हेतु विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। खूँटी जिला के अड़की प्रखंड के सोसोकुटी एवं तेलंगाडीह ग्रामों को राष्ट्रीय स्तर पर चयनित किया गया है। यहाँ आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पीएम उज्ज्वला योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सुकन्या समृद्धि योजना जैसी अनेक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ PVTG समुदाय को प्रदान किया जा रहा है। साथ ही पीसीसी पथ, आवास निर्माण, पेयजल आपूर्ति, मोबाइल मेडिकल यूनिट, बहुद्देशीय भवन एवं मोबाइल टावर जैसी बुनियादी सुविधाओं को भी तेजी से विकसित किया जा रहा है।

**DA-JGUA धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान**

जनजातीय बाहुल्य ग्रामों के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान हेतु DA-JGUA अभियान प्रारंभ किया गया है। इस योजना में ऐसे ग्राम शामिल किए गए हैं जिनकी आबादी 500 या उससे अधिक है तथा कम से कम 50% जनसंख्या आदिवासी समुदाय की है। यह योजना 2024-25 से 2028-29 तक लागू रहेगी। इसके सुचारु क्रियान्वयन हेतु जिला एवं प्रखंड स्तरीय समितियों का गठन किया जा चुका है। जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित इन योजनाओं से आदिवासी समाज के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आ रहे हैं एवं सामाजिक-आर्थिक विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। मंत्रालय का यह सतत प्रयास है कि देश के प्रत्येक जनजातीय समुदाय तक विकास की मुख्यधारा पहुँचे।

# पर्यटन विकास से स्थानीय स्तर पर होगा रोजगार सृजन: उपायुक्त

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पलामू उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में जिला पर्यटन संवर्द्धन परिषद की बैठक हुई। समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में जिले में पर्यटन संवर्द्धन, उनका विकास, सौंदर्यीकरण एवं नये पर्यटन स्थलों को जोड़कर वहां पर्यटकीय विकास करने का निर्णय लिया गया। उपायुक्त ने

- वर्तमान पर्यटन स्थलों की कैटेगरी होगा अपग्रेड
- पर्यटन से जुडेगा रानी ताल डैम, बराही धाम, कुंदरी लाह बगान एवं झलखंडी मंदिर, पर्यटकीय सुविधा होगा बहाल
- केचकी संगम, भीम चूल्हा एवं आईबी गेस्ट हाउस का बनेगा डीपीआर
- देवरी पार्क का होगा जीर्णोद्धार, छतरपुर में बनेगा मल्टीपरपस पार्क
- उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला पर्यटन संवर्द्धन परिषद की हुई बैठक




पर्यटन मद के अंतर्गत चिन्हित एवं अधिसूचित तथा पर्यटन स्थलों के विकास एवं सौंदर्यीकरण हेतु स्वीकृत योजनाओं की क्रमवार समीक्षा की। उन्होंने पर्यटन स्थलों के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण तथा संचालित योजनाओं से संबंधित कार्य प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने पर्यटन को बढ़ावा देने एवं नये पर्यटन क्षेत्रों के विकास को लेकर पदाधिकारियों को गंभीरता से कार्य करते हुए संचालित योजनाओं को निर्धारित अवधि में पूर्ण कराने का निदेश दिया। उपायुक्त ने रानी ताल डैम बराही धाम, कुंदरी लाह बगान एवं झलखंडी मंदिर इत्यादि को नये पर्यटक स्थलों से जोड़कर पर्यटकीय सुविधा बहाल करने का निदेश दिया। उन्होंने वर्तमान पर्यटन स्थलों की कैटेगरी अपग्रेड करने का निदेश दिया। साथ ही चियांकी पहाड़ एवं पार्क का संचालन मेदिनीनगर नगर निगम से कराने का निदेश दिया। मलय डैम का डीपीआर तैयार कर लिया गया है। केचकी संगम, भीम चूल्हा, एवं आईबी गेस्ट हाउस (निरीक्षण भवन) का डीपीआर पूर्ण कराते हुए संपूर्ण पर्यटकीय विकास कराने का निदेश दिया। इसके साथ ही देवरी पार्क का जीर्णोद्धार करने तथा छतरपुर में मल्टीपरपस पार्क बनाने का निदेश दिया। उन्होंने जिले के सभी पर्यटन स्थलों से संबंधित साईनेज लगाने को निदेश दिया, ताकि व्यापक फलक पर इन स्थलों की पहचान बन सके। उपायुक्त ने कहा कि सरकार पर्यटन स्थलों को पर्यटन सर्किट विकसित करने की दिशा में कार्य कर रही है। नए ट्रेकिंग रूट चिन्हित करने का निदेश दिया ऐसे में पलामू जिले के पर्यटन स्थलों के विकास से यहां दूसरे जिला एवं राज्यों से पर्यटक पधारेंगे। पर्यटन विकास से स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन होगा। इससे यहां के स्थानीय लोगों को लाभ होगा। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष प्रतीमा कुमारी, वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, नगर आयुक्त जावेद हुसैन, माननीय सांसद एवं विधायक के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# प्रखंड की आठ पंचायतों में महादलित विकास शिविर का किया गया आयोजन

**रघुनाथपुर/सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शनिवार को प्रखंड के आठ पंचायत में शनिवार को डॉ अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत महादलित टोलो में विकास शिविर का आयोजन प्रखंड विकास पदाधिकारी दिक्षा गुप्ता की नेतृत्व में किया गया। इस संबंध में एसडीएम सुनील कुमार ने कहा कि दलित एवं महादलित टोला में विकास योजनाओं को पहुंचाना मुख्य उद्देश्य हैं। जिसको लेकर अलग अलग तिथियों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके माध्यम से बिहार सरकार के 22 योजनाओं के बारे में उपस्थित लोगों को बताया जा रहा है। प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री गुप्ता ने शिविर के संबंध में बताया कि प्रखंड के रघुनाथपुर, टारी, राजपुर, पंजवार, कुशहरा, गोपी पतियाव ,निखती कलाँ, फुलवरिया पंचायत में कुल आठ पंचायतो में कुल 370 लाभार्थियों का आवेदन प्राप्त हुआ है। जिनमे 150 के आवेदन का निष्पादन ससमय कर दिया गया।



# प्रखंड के दो जीविका महिला ग्राम संगठन में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**रघुनाथपुर/सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के गोपिपतियांव पंचायत के सैदपुरा गांव में गाँधी जीविका महिला ग्राम संगठन एंव कुशाहरा गांव के अभिमानवा गांव के साहस जीविका महिला ग्राम संगठन में शनिवार को प्रखंड परियोजना पदाधिकारी अशोक कुमार एवं छाया जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ चकरी की अध्यक्ष नीतू देवी, सचिव किरण देवी, कोषाध्यक्ष सुनीता देवी, के नेतृत्व में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बिहार सरकार की ग्रामीण विकास विभाग द्वारा महिलाओं को उनके अधिकार की जानकारी चलचित्र के माध्यम से दो गई। इस आशय की जानकारी एफ एन एच डब्ल्यू एम आर पी अमरेश कुमार ने देते हुए बताया कि महिलाओं ने इन ग्राम संगठन के माध्यम से महिलाओं विकास के लिए चलाए जा रहे योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। बिहार सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं से आज महिलाएं रोजगार से जुड़ कर कितना सशक्त हुई है इसके बारे में बताया। संवाद कार्यक्रम में महिलाओं ने अपनी समस्याओं को भी रखा। मौके पर सामुदायिक उत्प्रेरक निपु देवी, सरिता देवी चिरंजीवी सिंह, वरुण कुमार, पंकज कुमार, रिकू देवी, सुन्दरलाल पासवान सहित अन्य जीविका दीदी सहती स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।



# सोनपुर में भव्य महाभिषेक व भजन-कीर्तन के साथ मना स्थापना दिवस

## श्रीधर बाबा ने देवरहा बाबा के योगदान को बताया अतुलनीय

**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ब्रह्मर्षि योगी सम्राट देवरहा बाबा मंदिर, सोनपुर का सातवां स्थापना दिवस शनिवार को भव्य एवं भक्तिमय वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर श्री सरकार के वरीय शिष्य, बिहार विभूति महर्षि श्रीधर बाबा जी महाराज के कर कमलों द्वारा मंदिर में महाभिषेक एवं विशेष पूजा-अर्चना की गई। स्थापना दिवस के मौके पर देवरहा बाबा जी महाराज के जीवन, शिक्षा और उनके सेवा भाव पर विस्तृत चर्चा हुई। संत श्रीधर बाबा जी ने अपने प्रवचन में कहा कि देवरहा बाबा साक्षात भगवान के अवतार थे, जिन्होंने अपने तप और साधना से भारतवर्ष को



आध्यात्मिक दिशा दी। उन्होंने बताया कि बाबा का मूल मंत्र था "भूखे को भोजन, प्यासे को पानी और दुखी को सहारा।" कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिला भक्त एवं संतगण उपस्थित रहे। हरियाणवी देवी द्वारा स्वागत गीत और देवरहा मंत्र की प्रस्तुति ने भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर देवरहा परिवार के भक्त बीपी योगेश, राजन कुमार, विजय कुमार, रविन्द्र दास, संत गणपति दास, संत गंगा दास, बैद्यनाथ दास, संत नन्द किशोर, संत राजेश्वर दास समेत सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए।बीपी योगेश ने कहा कि देवरहा बाबा ने विश्व कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया और उनके शिष्य श्रीधर बाबा उसी परंपरा को बिहार में आगे बढ़ा रहे हैं। कार्यक्रम में भजन गायिका रेणु भारती ने सुंदर भजनों से समां बांधा।

### दिव्यांग प्रमाण पत्र शिविर 21 दिव्यांगों का हुआ रजिस्ट्रेशन

**मशरक (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिए शुक्रवार को एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. चन्द्रशेखर सिंह व डॉ. टी. के. सिंह द्वारा 21 दिव्यांगों की जांच की गई और उनका रजिस्ट्रेशन किया गया। डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने बताया कि यह शिविर जिलाधिकारी के निर्देश पर आयोजित किया गया था, ताकि ऐसे दिव्यांगों को प्रमाण पत्र दिया जा सके जिनके पास अब तक प्रमाण नहीं है या यूडीआईडी कार्ड नहीं बना है। मौके पर सीएचसी जितेन्द्र कुमार, सहायक सदर अस्पताल, बड़ा बाबू नीरज कुमार व बिनोद राम मौजूद रहे।

# भारतीय सेना की विजय व रक्षा के लिए हवन पूजा



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भाजपा युवा मोर्चा बिहार के प्रदेश प्रवक्ता समृद्ध वर्मा ने तीनों सेनाओं व नागरिकों की सुरक्षा के लिए शनिवार को सहोदरा माई आदिशक्ति मंदिर में पूजा व हवन किया। इस अवसर पर लोगों ने भारतीय तिरंगा व भारत माता की जवानों की तस्वीर लिए हुए थे। आचार्य अर्जुन चौबे ने सहोदरा माई का पूजा अर्चना कर हवन कराया। मौके पर समृद्ध वर्मा ने कहा कि पिछले तीन दिनों से भारत- पाकिस्तान के बीच तनाव की स्थिति है। दुश्मन देश की ओर से भारतीय सीमा पर लगातार बमबारी की जा रही है। जिसका हमारे जवान माकूल जवाब दे रहे हैं। पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई में जवानों को और शक्ति मिले उसकी कामना के लिए यह पूजा-अर्चना की गई है। इस अवसर पर अमित कुशवाहा, राजकिशोर महतो, दीनानाथ साह, कृष्णधन दास, संतोष यादव, बच्चा राउत, बूनीलाल पासवान, कामाख्या प्रसाद, चितरांगन गिरी, आलोक विक्रम साह, उमाशंकर यादव, बीरबहादुर पासवान, हरि महतो, संजय विश्वास, बलिराम चौधरी, अशोक सुब्बा, नर्सिंग मांझी आदि सैकड़ों देश प्रेमी लोगों ने पूजा-अर्चना में भाग लिया।

CMYK

# निर्मला सीतारमण ने बैंकों को किया सतर्क

## कहा- किसी भी संकट से निपटने को रहें तैयार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के मद्देनजर, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को बैंकों और बीमा कंपनियों के प्रमुखों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की और उन्हें हर परिस्थिति में ग्राहकों को निर्बाध सेवाएं देने के लिए सतर्क रहने को कहा।

बैठक के दौरान उन्होंने बैंकों और वित्तीय क्षेत्र की साइबर सुरक्षा और ऑपरेशनल तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि संकट की घड़ी में आर्थिक स्थिरता बनाए रखने में बैंकिंग और वित्तीय संस्थानों की अहम भूमिका होती है। वित्त मंत्री ने स्पष्ट किया कि बैंकिंग सेवाएं चाहे वह फिजिकल हों या डिजिटल, बिना किसी रुकावट और तकनीकी खामी के सुचारू रूप से चलनी चाहिए। उन्होंने सभी बैंकों को आपातकालीन प्रोटोकॉल को अपडेट करने और संभावित संकटों से निपटने के लिए उनका परीक्षण करने का भी निर्देश दिया।

**सीमा क्षेत्रों में बैंक कर्मचारियों की सुरक्षा सर्वोपरि–** सीतारमण ने सीमावर्ती इलाकों में कार्यरत बैंक कर्मचारियों और उनके परिवारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को भी कहा। इसके अलावा, बैंकों से कहा गया कि वे सुरक्षा एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर अपने परिसरों की सुरक्षा को मजबूत बनाएं। बैठक में वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग , भारतीय रिजर्व बैंक, इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम , बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण और नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।



सीतारमण ने निर्देश दिया कि देश के नागरिकों और व्यवसायों को किसी भी स्थिति में असुविधा न हो, इसके लिए ञरू में कैश की उपलब्धता, यूपीआई और इंटरनेट बैंकिंग सेवाएं पूरी तरह से सुचारू रहनी चाहिए। इससे पहले दिन में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक जैसे भारतीय स्टेट बैंक और पंजाब नेशनल बैंक ने बताया कि उनके ञरू पूरी तरह चालू हैं, भरपूर नकदी उपलब्ध है और डिजिटल सेवाएं सामान्य रूप से कार्य कर रही हैं।

**साइबर सुरक्षा पर विशेष फोकस–** बैठक में बैंकों ने बताया कि उन्होंने साइबर सुरक्षा उपायों को मजबूत किया है। सभी बैंकों में एंटी-डीडीओएस सिस्टम लागू कर दिए गए हैं ताकि किसी बड़े साइबर हमले से बचा जा सके। इसके अलावा, साइबर सुरक्षा और डिजास्टर रिकवरी से जुड़े मॉक ड्रिल आयोजित किए गए हैं। फिशिंग हमलों की निगरानी की जा रही है और कर्मचारियों को इसके प्रति सतर्क करने के लिए आंतरिक अलर्ट भेजे गए हैं। बैंक अधिकारियों ने बताया कि उनके सिक्योरिटी ऑपरेशंस सेंटर और नेटवर्क ऑपरेशंस सेंटर पूरी तरह सक्रिय हैं और सीइआरटी-इन और नेशनल क्रिटिकल इंफॉर्मेशन इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोटेक्शन सेंटर के साथ समन्वय में कार्य कर रहे हैं।

### बीमा कंपनियों को समय पर क्लेम सेटलमेंट के निर्देश

बीमा क्षेत्र को लेकर सीतारमण ने कहा कि ग्राहकों को समय पर सेवा मिले और क्लेम सेटलमेंट में कोई देरी न हो। उन्होंने कहा कि स्पॉन्सर बैंक यह सुनिश्चित करें कि क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक को हर संभव सहायता मिलती रहे। वित्त मंत्री ने दोहराया कि सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और देश की बैंकिंग एवं वित्तीय प्रणाली मजबूत और लचीली बनी हुई है।

**नियमित ऑडिट और 24×7 निगरानी के निर्देश–** वित्त मंत्री ने निर्देश दिया कि सभी बैंक अपने साइबर सुरक्षा तंत्र और डेटा सेंटर का नियमित ऑडिट करें और यह सुनिश्चित करें कि उनकी डिजिटल और कोर बैंकिंग इंफ्रास्ट्रक्चर पूरी तरह सुरक्षित, फायरवॉल से लैस और 24×7 निगरानी में रहे। बैंकों को यह भी निर्देश दिया गया कि वे दो वरिष्ठ अधिकारियों को नामित करें – एक साइबर मामलों की रिपोर्टिंग के लिए और दूसरा ऑपरेशनल कार्यों, जैसे शाखाओं का संचालन और ञरू में नकदी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए।

# दावा निपटारे के लिए डेढ़ अरब डॉलर का भुगतान करेगी गूगल

## यूजर्स डेटा बिना मंजूरी इस्तेमाल करने का आरोप

**वॉशिंगटन एजेंसी।** दिग्गज टेक कंपनी गूगल, अमेरिकी राज्य टेक्सास को 1.4 अरब डॉलर का भुगतान करेगी। यह भुगतान दावे के निपटारे के लिए किया जाएगा। दरअसल टेक्सास ने गूगल के खिलाफ यूजर्स की मंजूरी के बिना उनका डेटा इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दायर किया था। टेक्सास के स्टेट अटॉर्नी जनरल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

अटॉर्नी जरनल केन पैक्सटन ने बताया कि यह समझौता टेक कंपनियों के लिए एक संदेश है कि हम हमारे अधिकारों और आजादी को बेचकर उन्हें पैसे नहीं कमाने देंगे। पैक्सटन ने कहा कि टेक्सास में, बड़ी तकनीकी कंपनियां कानून से ऊपर नहीं हैं। वर्षों तक गूगल ने लोगों की गतिविधियों, निजी सर्च और यहां तक कि उनके वॉइस प्रिंट्स और फेसियल ज्योमेट्री को भी अपने उत्पादों और सेवाओं के लिए इस्तेमाल किया। यह समझौता टेक्सास द्वारा गूगल के खिलाफ किए गए जियो-लोकेशन, गुप्त सर्च और बायोमीट्रिक डेटा से संबंधित कई दावों का निपटारा करता है।




गूगल के प्रवक्ता जोस कास्टानेडा ने कहा कि यह समझौता पुराने दावों की एक श्रृंखला का निपटारा है, जिनमें से कुछ उत्पाद नीतियों से संबंधित हैं जिन्हें कंपनी पहले ही बदल चुकी है। कंपनी ने यह भी स्पष्ट किया कि समझौते के लिए किसी भी नए उत्पाद परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है।

### मुकेश अंबानी एक स्थान फिसले, गौतम अडानी टॉप 20 से बाहर

नई दिल्ली, एजेंसी। पाकिस्तान के साथ तनाव के बीच शुक्रवार को घरेलू बाजार में काफी गिरावट रही। सेंसेक्स 880 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ। इससे भारतीय अरबपतियों की नेटवर्थ में काफी गिरावट आई। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी और गौतम अडानी दुनिया के अमीरों की लिस्ट में



एक–एक स्थान नीचे फिसल गए। इस लिस्ट में अंबानी 17वें और अडानी ग्रुप के चेयरमैन 21वें नंबर पर पहुंच गए। इसके साथ ही अंबानी 100 अरब डॉलर क्लब और अडानी टॉप 20 से बाहर हो गए। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक अंबानी की नेटवर्थ में शुक्रवार को 1.69 अरब डॉलर की गिरावट आई और अब यह 99 अरब डॉलर रह गई है। इस साल उनकी नेटवर्थ में 8.4 अरब डॉलर की तेजी आई है। इसी तरह अडानी की नेटवर्थ में 90.3 करोड़ डॉलर की गिरावट देखी गई। अब उनकी नेटवर्थ 74.4 अरब डॉलर रह गई है। इस साल उनकी नेटवर्थ में 4.25 अरब डॉलर की गिरावट आई है।

#### कौन-कौन है टॉप में

इस बीच दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क की नेटवर्थ में शुक्रवार को 9.61 अरब डॉलर की तेजी आई। इसके साथ ही उनकी नेटवर्थ 88.2 अरब डॉलर पहुंच गई है। हालांकि इस साल उन्होंने 88.2 अरब डॉलर गंवाए हैं। जेफ बेजोस ( 344 अरब डॉलर ) दूसरे, मार्क जकरबर्ग ( 210 अरब डॉलर ) तीसरे, लैरी एलिसन ( 174 अरब डॉलर ) चौथे और बिल गेट्स ( 169 अरब डॉलर ) पांचवें नंबर पर है। वॉरेन बफे ( .161 अरब ) छठे, बर्नार्ड आरनॉल्ट ( .155 अरब ) सातवें, स्टीव बालमर ( .152 अरब ) आठवें, लैरी पेज ( .140 अरब ) नौवें और सर्गेई ब्रिन ( .132 अरब ) दसवें नंबर पर है।

### सैटेलाइट सेवाओं पर कंपनियों को देना पड़ सकता है राजस्व का चार फीसदी शुल्क

नई दिल्ली, एजेंसी। दूरसंचार नियामक ट्राई ने एलन मस्क की स्टारलिंक जैसी उपग्रह संचार सेवा प्रदाता कंपनियों पर सालाना राजस्व का चार फीसदी स्पेक्ट्रम उपयोग शुल्क लगाने की शुक्रवार को सिफारिश की। इसके साथ ही, प्रति शहरी ग्राहक 500 रुपये का वार्षिक शुल्क भी देना होगा। ये सिफारिशें एलन मस्क की स्टारलिंक के भारत में आने से पहले की गई हैं। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण ( ट्राई ) ने कहा, सैटेलाइट नेटवर्क पर उपलब्ध कुल बैंडविड्थ बहुत कम है।



स्पेक्ट्रम को सैटेलाइट प्रदाताओं के बीच साझा किया जा सकता है। ट्राई चेयरमैन अनिल कुमार लाहोटी ने कहा, यह एक पूरक सेवा है। प्रतिस्पर्धा के संदर्भ में इस मुद्दे की जांच करने का कोई ठोस आधार नहीं है। स्टारलिंक को अब ट्राई की सुझाई गई शर्तों के तहत स्पेक्ट्रम हासिल करना होगा। इसके तहत उसे इस्तेमाल किए जाने वाले स्पेक्ट्रम के लिए न्यूनतम 3,500 प्रति मेगाहर्ट्ज का शुल्क देना होगा। ट्राई ने कहा, सैटेलाइट के लिए स्पेक्ट्रम आवंटन सिर्फ पांच साल तक होगा, जिसे दो साल तक बढ़ाया जा सकता है। स्टारलिंक ने

# 700 रुपये के पार पहुंचे टाटा मोटर्स के शेयर, लगातार तीसरे दिन तेजी

## यूएस-यूके डील से जेएलआर को फायदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा मोटर्स के शेयर अपट्रेंड में हैं। कंपनी के शेयर शुक्रवार को 4 पर्सेंट से अधिक के उछाल के साथ 710.85 रुपये पर पहुंच गए हैं। तीन दिन में टाटा मोटर्स के शेयरों में 9 पर्सेंट से अधिक की तेजी देखने को मिली है। वहीं, पिछले एक महीने में ऑटोमोबाइल कंपनी के शेयर 21 पर्सेंट से अधिक चढ़ गए हैं। यूएस-यूके ट्रेड डील से टाटा मोटर्स को तगड़ा बूस्ट मिला है। इस डील का सीधा फायदा कंपनी की ब्रिटिश इकाई जगुआर लैंड रोवर को होगा।

टाटा मोटर्स की सब्सिडियरी जगुआर लैंड रोवर के लिए यह डील पॉजिटिव है, क्योंकि कंपनी का करीब 20 पर्सेंट रेवेन्यू अमेरिकी मार्केट से आता है। पिछले दिनों अमेरिका ने सभी ऑटो इंपोर्ट्स पर 25 पर्सेंट का टैरिफ लगा दिया था, जिसके बाद जेएलआर ने अपना शिपमेंट रोक दिया था। हालांकि, अब शिपमेंट दोबारा शुरू होने की खबर है। लेकिन, जेएलआर या टाटा मोटर्स की तरफ से इसको लेकर कोई कंफर्मेशन नहीं आया है।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने गुरुवार को अमेरिका के साथ ऐतिहासिक ट्रेड डील अनाउंस करने के लिए नॉर्दर्न इंग्लैंड में टाटा मोटर्स के मालिकाना हक वाली जगुआर लैंड रोवर की फैक्ट्री को चुना। ब्रिटिश पीएम ने इसे ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री के लिए बड़ी जीत बताया। इस डील के




तहत कार एक्सपोर्ट टैरिफ को 27.5 पर्सेंट से घटाकर 10 पर्सेंट कर दिया गया है। यह टैरिफ 100,000 यूके कारों के कोटा पर लागू होगा। पिछले साल ब्रिटेन ने लगभग इतनी ही कारें अमेरिका को एक्सपोर्ट की हैं।

**एक साल में 31प्रतिशत टूट गए हैं टाटा मोटर्स के शेयर–** टाटा मोटर्स के शेयर पिछले एक साल में 31 पर्सेंट लुढ़क गए हैं। ऑटोमोबाइल कंपनी के शेयर 9 मई 2024 को 1030.15 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 9 मई 2025 को 710.85 रुपये पर जा पहुंचे हैं। पिछले छह महीने में टाटा मोटर्स के शेयरों में 11 पर्सेंट से अधिक की गिरावट देखने को मिली है। टाटा मोटर्स के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 1179.05 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 542.55 रुपये है।

# सरकारी बैंकों का मुनाफा 1.79 लाख करोड़ के नए शिखर पर

## एनपीए घटा; कारोबार और बेहतर मार्जिन का दिखा असर




**नई दिल्ली।** एनपीए घटने, कारोबार बढ़ने और बेहतर मार्जिन के दम पर सभी 12 सरकारी बैंकों ने बीते वित्त वर्ष 2024-25 में रिकॉर्ड 1.79 लाख करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया है। यह वित्त वर्ष 2023-24 में 1.41 लाख करोड़ के रिकॉर्ड मुनाफे से 27 फीसदी अधिक है। रुपये के लिहाज से कुल मुनाफे में से अकेले एसबीआई की हिस्सेदारी 70,901 करोड़ रुपये रही। बैंक ऑफ बड़ौदा 19,581 करोड़ के साथ दूसरे स्थान पर रहा।

पंजाब नेशनल बैंक का प्रतिशत के रूप में मुनाफा सबसे अधिक 101 फीसदी बढ़कर 16,630 करोड़ रुपये पहुंच गया।सेंट्रल बैंक 78 फीसदी वृद्धि के साथदूसरे और पंजाब एंड सिंध बैंक 71 फीसदी के साथ तीसरे स्थान पर है। तीसरे स्थान पर काबिज यूनियन बैंक को 17,987 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ है।केनरा बैंक 17,540 करोड़ के साथ चौथे और पंजाब नेशनल बैंक 16,630 करोड़ के साथ पांचवें स्थान पर है। छह बैंक ऐसे हैं, जिन्होंने सालाना 10,000 करोड़ से अधिक फायदा कमाया है। सालाना आधार पर सभी बैंकों का लाभ बढ़ा है।

चौथी तिमाही यानी जनवरी-मार्च के बीच बैंकों का फायदा 48,451 करोड़ रहा, जो 2023-24 की समान तिमाही में 42,847 करोड़ था। इसमें से एसबीआई का अकेले 18,643 करोड़ है। तिमाही आधार पर सभी बैंकों का लाभ बढ़ा, लेकिन एसबीआई का 10 फीसदी गिर गया। सबसे अधिक फायदा कमाने में 124 फीसदी के साथ पंजाब एंड सिंध बैंक है। बैंक ऑफ इंडिया का 82 फीसदी, पंजाब नेशनल बैंक का 52 फीसदी, केनरा का 28 फीसदी, इंडियन बैंक का 32 फीसदी और इंडियन ओवरसीज बैंक का 30 फीसदी मुनाफा बढ़ा है।

### सरकार की चार आर की रणनीति का असर

सरकार ने घाटे में चल रहे इन बैंकों को उबारने के लिए चार आर की रणनीति शुरू की। इसमें बैंकों में फिर से पूंजी डालना, पहचान करना, रिजॉल्यूशन और सुधार शामिल हैं। इससे बैंकों के बुरे फंसे कर्ज यानी एनपीए में कमी हुई तो उधारी देने में तेजी आई।

# इक्विटी म्यूचुअल फंड में चौथे माह भी गिरावट, एसआईपी में रिकॉर्ड 26632 करोड़ का निवेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इक्विटी म्यूचुअल फंड (एमएफ) में निवेश अप्रैल, 2025 में 3.24 फीसदी घटकर 24,269 करोड़ रुपये रह गया। यह लगातार चौथा महीना है, जब इक्विटी एमएफ में निवेश घटा है। हालांकि, म्यूचुअल फंड योजनाओं में शुद्ध निवेश लगातार 50वें महीने सकारात्मक बना रहा।




एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) ने शुक्रवार को आंकड़े जारी कर बताया, पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव से शेयर बाजार में जारी अस्थिरता के कारण यह गिरावट आई है। पिछले महीने इक्विटी एमएफ में निवेश मार्च के 25,082 करोड़, फरवरी के 29,303 करोड़, जनवरी के 39,688 करोड़ और दिसंबर, 2024 के 41,156 करोड़ रुपये से काफी कम है।

आंकड़ों के मुताबिक, इक्विटी एमएफ में गिरावट के बावजूद सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) में निवेशकों का आकर्षण बना हुआ है। अप्रैल में एसआईपी के जरिये म्यूचुअल फंड में निवेश मार्च के चार महीने के निचले स्तर से उबरते हुए रिकॉर्ड 26,632 करोड़ रुपये पहुंच गया। मार्च में एसआईपी के जरिये म्यूचुअल फंड में निवेश मामूली घटकर 25,926 करोड़ और फरवरी में 25,999 करोड़ रुपये रहा था।

आंकड़ों के मुताबिक, बीते महीने कुल 1.36 करोड़ निष्क्रिय एसआईपी खाते बंद हो गए। इसके बावजूद एसआईपी खातों की कुल संख्या मार्च के 8.11 करोड़ से बढ़कर अप्रैल में 8.38 करोड़ पहुंच गई। इस अवधि में 46 लाख नए एसआईपी खाते पंजीकृत हुएहैं।

**एयूएम 70 लाख करोड़ रुपये के नए शिखर पर–** एम्फी के मुताबिक, म्यूचुअल फंड उद्योग का एयूएम (प्रबंधन के अधीन संपत्तियां) अप्रैल में बढ़कर 70 लाख करोड़ रुपये के नए शिखर पर पहुंच गया। यह मार्च के 65.74 लाख करोड़ रुपये से करीब 6.50 फीसदी अधिक है। फरवरी में उद्योग का एयूएम 64.53 लाख करोड़ था। वेल्थ मैनेजर चिराग जैन कहते हैं, इस समय बाजार की गिरावट में निवेशकों को म्यूचुअल फंड के एसेट अलोकेशन फंड को चुनना चाहिए। यह फंड इक्विटी, डेट, कमोडिटीज, रियल एस्टेट जैसी संपत्तियों में निवेश करता है।इससे जोखिम कम होता है व उचित रिटर्न मिलता है, क्योंकि सभी संपत्ति वर्ग एक समय में एक जैसा प्रदर्शन नहीं करते।

# दोगुना हो गया स्विगी का घाटा, सुस्त शेयर लेकिन एक्सपर्ट बोले- मुनाफे के लिए खरीदो

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑनलाइन फूड डिलीवर करने वाली कंपनी स्विगी ने मार्च तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। इस तिमाही में कंपनी ने 1081 करोड़ रुपये का घाटा दर्ज किया, जो पिछले वित्तीय वर्ष की इसी तिमाही में दर्ज 555 करोड़ के घाटे से लगभग दोगुना ( 95 प्रतिशत ) था। हालांकि, परिचालन से कंपनी का राजस्व वित्त वर्ष 24 की इसी तिमाही में 3045 करोड़ से तिमाही के दौरान 44.8 प्रतिशत बढ़कर 4410 करोड़ हो गया।

स्विगी ने कहा कि उसका खाद्य वितरण व्यवसाय ग्रॉस ऑर्डर वैल्यू 17.6 प्रतिशत सालाना आधार पर बढ़कर 7347 करोड़ हो गया। कंपनी ने कहा कि एबिटा तिमाही-दर-तिमाही 15.4 प्रतिशत और साल-दर-साल पांच गुना बढ़कर 212 करोड़ रुपये हो गया। मार्जिन को 2.9 प्रतिशत तक बढ़ा दिया, जो एक साल पहले 0.5 प्रतिशत था। मार्च तिमाही के दौरान कंपनी का कुल खर्च बढ़कर 5,609.6 करोड़ रुपये हो गया, जबकि एक वर्ष पहले की इसी अवधि में यह 3,668 करोड़ रुपये था।

## कंपनी के एमडी ने क्या कहा

स्विगी के एमडी एवं ग्रुप सीईओ श्रीहर्ष मजेटी ने कहा कि क्विक–कॉमर्स तेजी से विस्तार और बढ़ी हुई प्रतिस्पर्धा के दौर में है, जिसके लिए हमने बाजार विस्तार ( मेगापोड्स ), पहुंच ( 124 शहरों में 1,000 से अधिक स्टोर ) और विभेदीकरण ( मैक्ससेवर ) के उद्देश्य से निवेश बढ़ाया है। हमारा आउट ऑफ होम कंजम्पशन व्यवसाय केवल शुरुआती दो वर्ष के भीतर इस चौथी तिमाही में लाभ में आ गया। कुल मिलाकर, हम उपभोक्ताओं को बेजोड़ सर्विस प्रोवाइड करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

# 3 की उम्र में करियर शुरू, 6 की उम्र में दुनिया की सबसे खूबसूरत लड़की, अब खड़ा किया बड़ा कारोबारी साम्राज्य



**नई दिल्ली, एजेंसी।** थाइलन ब्लोन्डौ का मॉडलिंग करियर सिर्फ तीन साल की उम्र में शुरू हुआ था। फैशन डिजाइनर जीन पॉल गॉल्टियर ने उन्हें चुना था। वह थाइलन की नीली आंखों, सुनहरे बाल और होंठों से बहुत प्रभावित थे। एक साल बाद थाइलन ने पहली बार रैंप वॉक किया। छह साल की उम्र में उन्हें दुनिया की सबसे खूबसूरत लड़की का खिताब मिला। इसके बाद भी उन्होंने फैशन इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने के लिए कड़ी मेहनत की। 10 साल की उम्र तक वह वोग पेरिस के कवर पर आने वाली सबसे कम उम्र की मॉडल बन गईं। उन्होंने कई बड़े फैशन ब्रांड्स के साथ काम किया है। आज थाइलन सफल मॉडल के साथ एक बिजनेसवुमन भी हैं। क्लोदिंग लाइन बिजनेस में वह तेजी से अपने कारोबारी साम्राज्य को बढ़ा रही हैं। आइए, यहां थाइलन ब्लोन्डौ की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

**कारोबार जगत में जबरदस्त एंट्री–** थाइलन ब्लोन्डौ फ्रांसीसी मॉडल हैं। कारोबार जगत में भी उन्होंने धमाकेदार एंट्री की है। उन्होंने अपनी खुद की क्लोदिंग लाइन शुरू की है। इसका नाम है- हैवन मे क्लोदिंग। इसके अलावा, थाइलन ने ब्यूटी और हेयरकेयर ब्रांड भी शुरू किया है। उनका कारोबारी तेजी से बढ़ रहा है। उनका जन्म 5 अप्रैल 2001 को फ्रांस के ऐक्स एन प्रोवेंसमें हुआ था। उन्हें बचपन में ही दुनिया की सबसे खूबसूरत लड़की का खिताब मिल गया था। तब वह सिर्फ 6 साल की थीं। तीन साल की उम्र में उम्र में उनके मॉडलिंग करियर की शुरुआत हो गई थी। उन्होंने मियू मियू, वर्साचे, राल्फ लॉरेन, डोल्से एंड गब्बाना और एल'ओरियल पेरिस जैसे बड़े फैशन हाउस के साथ काम किया। इन पार्टनरशिप ने उन्हें दुनिया की टॉप मॉडल्स में शामिल कर दिया।

**2021 में बड़ी समस्या का किया सामना –** बचपन में लोग थाइलन की खूबसूरती की तारीफ करते थे। लेकिन, वह इन बातों पर ध्यान नहीं देती थीं। वह सिर्फ अपने आइपेड से खेलती रहती थीं। उन्हें लगता था कि वह एक आम लड़की हैं। उन्हें कभी भी यह महसूस नहीं हुआ कि वह दुनिया की सबसे खूबसूरत लड़की हैं। 2021 में उन्हें ओवेरियन सिस्ट की समस्या हुई। इस वजह से उन्हें कई सर्जरी करवानी पड़ीं।

### बन गई हैं रोल मॉडल

थाइलन ब्लोन्डौ ने कम उम्र में सफलता हासिल की है। लेकिन, उन्होंने कभी भी अपनी विनम्रता नहीं खोई। उन्होंने अपनी सेहत से जुड़ी चुनौतियों का सामना किया और एक सफल बिजनेसवुमन बनीं। वह एक रोल मॉडल हैं और उन्होंने साबित कर दिया कि कड़ी मेहनत और लगन से कुछ भी हासिल किया जा सकता है। थाइलन की कहानी हमें सिखाती है कि हमें कभी भी हार नहीं माननी चाहिए। हमें हमेशा अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रयास करते रहना चाहिए।

Page 3_16.12.2018 PAGE-04.qxd 10-05-2025 22:25 Page 1



## भारत-पाकिस्तान के बीच जारी तनातनी का दिख रहा असर

# जम्मू-कश्मीर से लौट रहे छात्र



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** भारत-पाकिस्तान के बीच जारी तनातनी से जम्मू-कश्मीर के अलग-अलग संस्थानों में पढ़ाई कर रहे छात्र भी भय व दहशत में हैं। दोनों देशों के बीच युद्ध जैसे हालात पैदा होने के बाद जम्मू-कश्मीर के शैक्षणिक संस्थानों में कक्षाएं सस्पेंड हैं।

धरती के स्वर्ग कहे जाने वाले जम्मू-कश्मीर से भारी संख्या में छात्र अपने-अपने राज्यों को लौट रहे हैं। इनमें से काफी संख्या में बिहार व झारखंड के छात्र भी शामिल हैं। शनिवार की सुबह श्रीनगर के राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) से करीब 200 की संख्या में स्टूडेंटस व अध्यापकों का दल अपने राज्य के लिए लौट गया।

इसमें झारखंड, बिहार समेत अन्य राज्यों से जुड़े छात्र व शिक्षक हैं। निफ्ट श्रीनगर के छात्रों व अध्यापकों के अनुभव पूछा तो उनका दर्द पाकिस्तान की नापाक हरकतों को साफ बयां कर रहा था।

निफ्ट श्रीनगर के अलावा सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ जम्मू से भी झारखंड के कई छात्र अपने राज्य लौटने लगे हैं। उधर, जम्मू-कश्मीर में प्रशासन की ओर से छात्रों को लौटने में भरपूर मदद करने के साथ ही सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया। निफ्ट परिसर के बगल में ड्रोन अटैक से कई छात्र सहम गए हैं। परिसर के बाहर पाकिस्तान की ओर से कई बार ड्रोन हमले हो चुके हैं। चूंकि श्रीनगर एयरपोर्ट से निफ्ट परिसर महज 20 किमी की दूरी पर है, इसलिए संस्थान संवेदनशील जगह पर है।

संस्थान के एक छात्र ने बताया कि शुक्रवार रात साढ़े दस बजे परिसर के पास ड्रोन अटैक हुआ। इसके बाद शनिवार सुबह पांच बजे प्रशासन ने सबको परिसर से बाहर आने का अलर्ट किया।

इसी बीच सुबह के पांच से छह बजे के बीच परिसर के बाहर में धमाकों की आवाज भी सुनी गई। जिला प्रशासन की मदद से निफ्ट के करीब 200 छात्रों व फैकल्टी मेंबर को बसों व ट्रेनों के जरिए भेजने की कवायद हुई। छात्र रामबन से बडगाम व संगलदान से अपने अपने राज्यों को लौटने के लिए निकल पड़े।

निफ्ट में पढाई कर रही झारखंड के रांची की छात्रा उर्वि ने बताया कि परिसर में भय व दहशत के कारण पढ़ाई पूरी तरह बाधित रही। ऊपर से ड्रोन अटैक व पाकिस्तान की नापाक हरकतों से छात्रों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान श्रीनगर में पढ़ाई कर रही देवघर की पूजा सिंह ने बताया कि उसके अलावा सैकड़ों छात्र संस्थान को छोड़ अपने अपने राज्यों में लौट आए हैं। अब उनकी चिंता है कि कब से पढ़ाई सामान्य होगी। इस तरह की चिंता सभी छात्रों की है।

जम्मू केंद्रीय विश्वविद्यालय से पत्रकारिता की पढ़ाई कर रहे रतन कुमार ने बताया कि शनिवार की सुबह वे जैसे-तैसे दिल्ली लौटे हैं। रेलवे स्टेशन पर लौट रहे छात्रों समेत अन्य लोगों की भीड़ है। रतन का कहना है कि उनके घरवाले चिंतित हैं। सरकार और भारतीय सेना पाकिस्तान का ऐसा इलाज करे कि आतंकवाद का पूरी तरह खात्मा हो जाए।

निफ्ट के फैकल्टी प्रो शशि कुमार ने बताया कि काफी संख्या में बिहार, झारखंड, बंगाल व ओडिशा समेत अन्य राज्यों के छात्र शनिवार को परिसर छोड़कर लौट गए हैं।

निफ्ट श्रीनगर में पढ़ रहे झारखंड दुमका के निखिल कुमार भीतर से डरे हैं। परिसर के बाहर ड्रोन अटैक से इनके मन में डर जरूर है, लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ इनके हौसले बुलंद है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ जम्मू, निफ्ट श्रीनगर और एनआईटी श्रीनगर में पढ़ रहे झारखंड के छात्रों ने बताया कि पाकिस्तान के खिलाफ जंग में उनकी पढ़ाई बाधित हुई है, लेकिन देश की रक्षा व देशहित सर्वोपरि है, इसलिए वे कुछ भी सहने को तैयार हैं।

# चिकित्सकों से अलर्ट मोड में रहने की अपील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** भारत-पाकिस्तान युद्ध को देखते हुए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन झारखंड चैप्टर में सभी चिकित्सकों को अलर्ट रहने की अपील की है।

प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार सिंह ने सभी को अपील करते हुए चिकित्सकीय सेवा के लिए तत्पर रहने को कहा है। वहीं, धनबाद जिला अध्यक्ष डॉ. बी एन गुप्ता ने बताया कि संगठन से जुड़े सभी सदस्यों को अपील जारी की जा रही है।

इसमें गैर जरूरी सामाजिक गतिविधियों से दूर रहने, बेवजह की गतिविधियों में शामिल नहीं होने की अपील की गई है।

इसके साथ ही कहा गया है कि सभी सदस्यों को सीपीआर के बारे में तैयार रहना है। जरूरत पड़ने पर कहीं पर भी यह सेवा देकर आम नागरिकों की मदद की जा सकती है।

इसके साथ ही आश्रय जागरूकता को लेकर भी अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना के बाद कैसे जगह पर जाकर छिपना है, इसके बारे में लोगों को बताया जाएगा।

इसके साथ ही सरकारी दिशा-निर्देश का लगातार इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के लोग पालन करेंगे। डॉ. गुप्ता ने बताया कि किसी भी प्रकार की चिकित्सा की सेवा के लिए आम लोग इंडियन मेडिकल एसोसिएशन से संपर्क कर सकते हैं। जिला और राज्य भर में इसे लेकर दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। सचिव डॉक्टर राकेश इंदर, कोषाध्यक्ष डॉक्टर प्रणय कुमार ने भी लोगों से अपील की है।

# रद्द होने लगे पंजाब और जम्मू-कश्मीर के टिकट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** भारत और पाकिस्तान के बीच पहलगाम की घटना के बाद चल रहे तनाव का असर अब ट्रेनों पर पड़ने लगा है।

इस सीजन में वैष्णोदेवी जाने वाले तीर्थ यात्रियों के कारण जम्मू जाने वाली ट्रेन में टिकट की मारामारी रहती है। लेकिन वर्तमान परिस्थितियों के कारण पंजाब और जम्मू की ट्रेन के टिकट रद होने लगे हैं।

धनबाद आरक्षण केंद्र में गुरुवार को 55 से अधिक टिकट रद कराये गये। इनमें आम यात्रियों के साथ वैष्णोदेवी जाने की तैयारी कर रहे कई रेलकर्मी भी शामिल हैं।

धनबाद से खुलने वाली गंगा-सतलज एक्सप्रेस, कोलकाता-जम्मूतवी एक्सप्रेस के साथ धनबाद-जम्मूतवी गरीब रथ स्पेशल में भी टिकट रद होने लगे हैं। मई-जून में गर्मी की छुट्टियों पर भी इसका असर दिखने लगा है। जम्मू-कश्मीर के साथ पंजाब और हिमाचल प्रदेश जाने वाले भी प्लानिंग रद कर रहे हैं।

कोलकाता-जम्मूतवी एक्सप्रेस के स्लीपर श्रेणी में पहले पूरे मई माह में एक-दो दिन छोड़ कर नो रूम की स्थिति थी। अब टिकट रद होने से 11, 12, 22, 23, 28 व 31 मई को छोड़ अन्य दिनों में वेटिंग लिस्ट है।

वेटिंग लिस्ट भी तेजी से कम हो रही है। शनिवार को चलने वाली धनबाद-जम्मूतवी गरीब रथ स्पेशल में वेटिंग लिस्ट है। इस ट्रेन के टिकट भी रद हो रहे हैं।

विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े मधुरेंद्र सिंह 10 मई को सपरिवार वैष्णोदेवी की यात्रा पर जाने वाले थे। उन्हें यात्रा स्थगित कर टिकट रद कराना पड़ा।

उनका कहना है कि जम्मू एवं कटरा के वैष्णोदेवी मंदिर तक ब्लैक आउट की सूचना मिलने के कारण टिकट रद करा दिया। टिकट रद कराने पर 25 फीसद की कटौती भी की गई। वर्तमान परिस्थिति में कटौती होना उचित नहीं है। अगर कटौती करनी है तो 15 प्रतिशत पीएम रीलिफ फंड में देकर शेष 10 प्रतिशत लौटाया जाना चाहिए। वैष्णोदेवी मंदिर ट्रस्ट भी कमरे के किराये का 70 प्रतिशत न लौटाकर पूरी राशि लौटाएं। अगर 30 प्रतिशत कटौती की जा रही है तो उस राशि को भी पीएम रीलिफ फंड में दिया जाए।

# छुट्टियां रद्द, चिकित्सकों को देनी होगी 24 घंटे सेवा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** भारत-पाकिस्तान सीमा पर तेजी से बढ़ते तनाव और पाकिस्तान द्वारा भारत के कई क्षेत्रों में की गई गोलीबारी को देखते हुए झारखंड सरकार का स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड में आ गया है।

राज्य सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि स्वास्थ्य महकमा किसी तरह की आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने सरकारी चिकित्सकों की छुट्टियां रद कर दी हैं। मंत्री के अनुसार, राज्य के सभी अस्पतालों, चिकित्सकों और चिकित्सा संसाधनों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। सभी सिविल सर्जनों और सरकारी चिकित्सकों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने कार्यस्थलों पर चौबीस घंटे सातों दिन उपलब्ध रहें।

राज्य सरकार ने सभी निजी अस्पतालों को भी चौबीसों घंटे सेवा में तैनात रहने का निर्देश दिया है ताकि कहीं भी कोई चिकित्सीय शून्यता न पैदा हो।



# पाकिस्तान के विरोध में सड़क पर उतरे छात्र

## पाकिस्तान के कृत्य पर अनोखे अंदाज में किया प्रदर्शन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** भारत और पाकिस्तान के बीच लगातार तनाव की स्थिति बनी हुई है। भारत द्वारा पाकिस्तान पर ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई करने के बाद पाकिस्तान भारत के कई राज्यों पर आक्रमण करने का प्रयास कर रहा है। लेकिन उसे असफलता हाथ लग रही है। पाकिस्तान के विरुद्ध पूरा देश आक्रोशित है। इसी बीच राजधानी रांची के डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के छात्रों के द्वारा पाकिस्तान के कृत्य पर अनोखे अंदाज में विरोध प्रदर्शन किया गया।

कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान के संरक्षण में पल रहे आतंकवादियों के द्वारा भारत के निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाया गया था, जिसके जवाबी कार्रवाई में भारतीय सेना के द्वारा ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान पर जोरदार प्रहार किया गया। भारत की कार्रवाई से बौखलाकर पाकिस्तान की ओर से जम्मू समेत भारत के कई राज्यों पर हमले की कोशिश की जा रही है। लेकिन देश की सेना अपना साहस का परिचय देते हुए पाकिस्तान के नापाक प्रयासों को रोकने का कार्य कर रही है।

पाकिस्तान के इस कृत्य पर भारत का हर एक नागरिक आक्रोशित है। इसी कड़ी में राजधानी रांची के डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (अब वीर बुद्धू विश्वविद्यालय) के छात्रों द्वारा जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया। छात्र बबलू महतो ने अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि एक चुटकी सिंदूर तुम क्या जानो, ऐसा डायलॉग बॉलीवुड सिनेमा में होती थी, अब हमारी सेना ने इसे नया रूप देते हुए पाकिस्तान पर लागू कर दिया है। ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान इस कदर बौखला गया है कि वो भारत के कुछ राज्यों में प्रहार कर रहा है। लेकिन वो भूल रहा है कि भारतीय सेना के रहते वो अपने मंसूबे पर कामयाब नहीं हो पाएगा। साथ ही साथ देश में ऐसे कई लोग हैं, जो भारतीय सेना की कार्रवाई पर सवाल भी उठा रहे हैं। पाकिस्तान पर हो रहे हमले से वो परेशान हो रहे हैं। हमें देश में रहने वाले ऐसे गद्दारों से भी निपटने की आवश्यकता है। हर एक युवा पाकिस्तान से लड़ने को तैयार है। वहीं, छात्र उज्वल सिंह ने कहा, पाकिस्तान की गीदड़ भभकी से भारतीय सेना डरने वाली नहीं है। पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों को मारा जाएगा, यह तो सिर्फ ट्रेलर है, पिक्चर अभी बाकी है।

# कुआं से पंप सेट निकालने उतरे दो दोस्तों की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मरकच्चो ।** नवलशाही थाना क्षेत्र के पुरनानगर में गुरुवार रात कुएं में गिरे डीजल पंप सेट को निकालने के दौरान दो दोस्तों की मौत हो गई, जबकि तीसरे युवक को सुरक्षित बाहर निकाला गया। युवकों की मौत की वजह कुएं में जहरीली गैस बताया जा रहा है।

पुरनानगर में शादी समारोह के लिए कुएं में डीजल पंप लगाया गया था। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद 28 वर्षीय बहादुर राणा, 27 वर्षीय सुरेंद्र साव व 25 वर्षीय राहुल राणा पंप सेट खोलने गए।

बहादुर राणा पंप सेट खोल रहा था, तभी उसका पैर फिसल गया। इससे वह पंप सेट के साथ कुएं में गिर गया। यह देख उसे बचाने के लिए उसका दोस्त सुरेंद्र साव भी कुएं में उतर गया।

थोड़ी देर तक दोनों कुएं से बाहर नहीं निकले तो राहुल ने शोर मचाया, जिससे लोग इकट्ठा हुए। इसके बाद राहुल भी कुएं में उतरा तो वापस नहीं आया। वहीं गांव वालों ने इसकी सूचना नवलशाही थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही नवलशाही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और ग्रामीणों ने युवकों को रस्सी के सहारे कुएं से बाहर निकाला।

स्वजन युवकों को सदर अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने दोनों युवक बहादुर राणा तथा सुरेंद्र साव को मृत घोषित कर दिया। वहीं, इलाज के बाद राहुल की हालत खतरे से बाहर है।

# थाने में फांसी लगाकर आत्महत्या करने से विभाग में मचा हड़कम्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आदित्यपुर।** आदित्यपुर थाना परिसर में शुक्रवार को पूछताछ के लिए बुलाए गए रोड नंबर सात निवासी 55 वर्षीय अनिल महतो ने थाने के एक कमरे में कंबल के टुकड़े से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। इस घटना से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है और थाना की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ समीर कुमार संवैया, हेडक्वार्टर डीएसपी प्रदीप उरांव और प्रशिक्षु डीएसपी पूजा कुमारी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे।

कमरे का दरवाजा तोड़कर अनिल महतो को बाहर निकाला गया और आनन-फानन में टाटा मुख्य अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

एसडीपीओ समीर कुमार संवैया ने बताया कि मृतक के खिलाफ एक महिला ने अपनी सौतेली नाबालिग बेटी को भड़काने का आरोप लगाया था। पूछताछ के लिए जांच अधिकारी ने उन्हें थाना बुलाया गया था।

बार-बार बुलाने के बाद शुक्रवार को वह थाने आया और मोबाइल से नाबालिग बेटी के साथ हुए अश्लील चैटिंग को डिलीट कर दिया था। जांच अधिकारी ने चोरी पकड़ ली और चैटिंग को रिकवर कर लिया। बदनामी के डर से मृतक ने मौके का फायदा उठाकर एक कमरे में रखे पुराने कंबल के टुकड़े से पंखे से झूलकर खुदकुशी कर ली।

एसडीपीओ ने माना कि कहीं न कहीं जांच अधिकारी अनीता सोरेन की भी गलती है। उनके खिलाफ मानवाधिकार आयोग के नियमों के तहत जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

मृतक के भाई अशोक कुमार ने बताया कि अनिल को शुक्रवार सुबह 9:30 बजे पूछताछ के लिए बुलाया गया था। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर कई बार कॉल किया गया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला।

शाम को थाना पहुंचने पर उन्हें अनिल की खुदकुशी की जानकारी मिली। उन्होंने आरोप लगाया कि परिवार को इस मामले की जानकारी नहीं दी गई और जांच अधिकारी के मानसिक दबाव की प्रक्रिया के कारण अनिल ने आत्महत्या की।

अनिल महतो शादीशुदा थे, उनके तीन बच्चे हैं और वह आदित्यपुर-2, रोड नंबर 7 में स्टेशनरी की दुकान चलाते थे। घटना की सूचना मिलते ही परिजन थाना पहुंचे और जमकर हंगामा किया। स्वजनों ने जांच अधिकारी और थाना प्रभारी पर कार्रवाई की मांग की।

परिजनों ने थाना की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े किए और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। फिलहाल वरीय अधिकारियों ने मामले की जांच के निर्देष दिए हैं।


## मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना में

# घुसपैठियों का भी नाम शामिल होने की आशंका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पोटका।** झारखंड की महिलाएं सरकार की मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की नौवीं किस्त का इंतजार कर रही हैं। मई महीने में नौवीं किस्त जारी की जाएगी। इस बीच झारखंड सरकार द्वारा मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों की सूची का सत्यापन भी कराया जा रहा है।

इसी क्रम में पोटका की जुड़ी पंचायत के 358 लाभुकों की एक सूची मुखिया को सौंपी गई, जिसके तहत क्षेत्र के लाभुकों के सत्यापन की बात कही गई। इस दौरान लाभुकों की सूची देखकर पंचायत के मुखिया सुकलाल सरदार चौंक गए।




उन्होंने कहा कि हमारे पंचायत में एक ही मुस्लिम परिवार है। मगर इस सूची में 15 मुस्लिम परिवारों का नाम दर्ज है। इन परिवारों द्वारा मंईयां सम्मान योजना का लाभ लिया जा रहा है। मगर हमारे पंचायत में जब एक ही परिवार है तो अन्य 14 मुस्लिम परिवार आया कैसे आए, ये जांच का विषय है।

उन्होंने शक जाहिर करते हुए कहा कि कहीं घुसपैठिए तो हमारे पंचायत में मंईयां सम्मान योजना का लाभ नहीं ले रहे हैं। उन्होंने रजिस्टर को देखा तो कहा कि कड़ी निगरानी के साथ पंचायत में लाभुकों का सत्यापन कर मंईयां सम्मान योजना के लिए रजिस्टर्ड किया गया था। मगर इन 14 मुस्लिम लाभुकों का नाम सूची किसने जोड़ा यह पता नहीं है।

मुखिया ने कहा कि मैं सूची को सौंपते हुए कार्रवाई की मांग करूंगा, जिससे की फर्जी लाभुकों का पता लगाकर उन पर एक्शन लिया जा सके।

# अब गर्मी बढ़ायेगी लोगों की परेशानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** हाल के कुछ दिनों में झारखंड में बीच-बीच में बादल छाने व बारिश होने से सुहाना हुआ मौसम एक बार फिर तपने लगा है। बादल छंटने के बाद कड़ी व चिलचिलाती धूप से उमस सा छाने लगा है। रांची तथा आसपास के कई जिलों में लू चलने से लोगों की परेशानी बढ़ सकती है।

शुक्रवार को जहां गिरिडीह जिले में अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहने के आसार हैं। वहीं राजधानी रांची में आज के तापमान की बात करें तो यह 34 डिग्री तक जा सकता है जबकि न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है।

कड़ी धूप का असर बाजार पर भी छाने लगा है। तेज धूप के कारण बाजार की सड़कों पर आवाजाही कम होने लगी है। वहीं बाजार का रौनक भी दिन में भीड़ कम रहने के कारण फीका पड़ने लगा है। धूप के कारण गुरुवार को पूरा दिन उमस से भरा रहा। बाजार आए लो शीतलपेय की दुकानों व ठेलों के पास पहुंचकर अपनी गले की तराश को दूर करते हुए बाजार करने में जुटे रहे।

मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में तापमान में वृद्धि होने की संभावना जताई है। साथ ही उमस के साथ गर्मी बढ़ने का अनुमान लगाया है। तेज धूप व चिलचिलाती गर्मी के कारण लू का प्रभाव भी रहेगा।

विभाग ने ये भी अनुमान लगाया है कि आने वाले सात दिनों में अधिकतम तापमान 44 तो न्यूनतम 28 डिग्री सेल्सियस तक पार कर सकता है।

# आरपीएफ का सिपाही रिश्वत लेते धराया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के सिपाही शंभू प्रसाद सिंह को सीबीआई की उड़ीसा स्थित राऊरकेला टीम ने एक ठेकेदार से रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

यह गिरफ्तारी बिमलगढ़ आरपीएफ बैरक परिसर के समीप हुई, जिससे पूरे रेल मंडल में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार सिपाही शंभू सिंह पिछले डेढ़ से दो वर्षों से बिमलगढ़ पोस्ट पर तैनात रहते हुए कई अवैध गतिविधियों में संलिप्त था।

उस पर आरोप है कि वह बड़े

## रेल मंडल में मचा हड़कम्प

पैमाने पर अवैध कोयला और स्क्रैप की चोरी के साथ-साथ रेलवे साइडिंग क्षेत्र में नकली शराब निर्माण के अवैध कारोबार को संरक्षण दे रहा था।

स्थानीय नागरिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा कई बार इस संबंध में विभाग को शिकायतें दी गई थीं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई न होने के कारण अंततः मामले की जानकारी सीबीआई को दी गई।

गुरुवार को सीबीआई की टीम ने एक पूर्व नियोजित योजना के तहत कार्रवाई करते हुए रिश्वत लेते हुए शंभू सिंह को गिरफ्तार किया और पूछताछ के लिए सुंदरगढ़ स्थित सीबीआई कार्यालय ले गई।

इस कार्रवाई के बाद राउरकेला, बंडामुंडा और बिमलगढ़ सहित पूरे क्षेत्र में आरपीएफ अधिकारियों और जवानों में हड़कंप का माहौल बन गया है।

हैरान करने वाली बात यह है कि शंभू प्रसाद सिंह का पिछले महीने टाटानगर आरपीएफ पोस्ट में स्थानांतरण हो चुका था, लेकिन विभागीय अधिकारियों द्वारा अब तक उन्हें बिमलगढ़ से रिलीज नहीं किया गया था। यह भी चर्चा का विषय बना हुआ है।

# सदमे में ग्रामीण

**देवरी ।** गत बीते दिन देवरी थाना के खसलोडीह गांव में एक लोमहर्षक घटना में तीन मासूमों की मौत हो गई वहीं मां गंभीर है। कुएं में डूबने से यह हादसा हुआ। शुक्रवार दोपहर पारिवारिक झगड़े से तंग आकर 28 वर्षीय आरती देवी ने अपनी दो पुत्री व एक पुत्र को लेकर कुएं में छलांग लगा दी थी। जिसमें ग्रामीणों को जानकारी हुई तो मां को बचा लिया गया, जबकि छह वर्षीय पुत्र अविनाश कुमार, तीन वर्षीय पुत्री रानी व दो वर्षीय पुत्री फूल कुमारी को लोग नहीं बचा पाए। घर में कवल सास थी, जबकि पति सोनू चौधरी बाहर था।इस घटना के बाद अब तक स्थानीय लोग सदमे से उबर नहीं सके हैं। गंभीर बेहोशी की हालत में महिला को कुएं से निकालकर गांव के लोगों ने इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। घटना की सूचना के बाद गावां इंस्पेक्टर पास्कल टोप्पो, देवरी थाना के एसआइ रिशु सिन्हा घटनास्थल पर पहुंचकर उक्त तीनों मासूम बच्चों के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेज दिया।

# विश्वविद्यालयों में कुलपति की नियुक्ति प्रक्रिया जल्द होगी शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार के निर्देश पर राजभवन सचिवालय ने राज्य के चार विश्वविद्यालयों में कुलपति की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

राजभवन सचिवालय ने कुलपति पद के लिए 25 मई तक योग्य एवं अनुभव प्राप्त अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं। जिन विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति होनी है, उनमें रांची विश्वविद्यालय तथा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में जून तथा झारखंड राज्य मुक्त विश्वविद्यालय में जुलाई माह में पद रिक्त हो रहा है।

वहीं, डॉ. अंजिला गुप्ता के कोल्हान विश्वविद्यालय की कुलपति नियुक्त होने के बाद जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय में पद रिक्त है। कुलपति के पदों पर नियुक्ति के लिए झारखंड

## राजभवन सचिवालय हुआ एक्टिव

राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 2000 (संशोधित अद्यतन) और यूजीसी विनियम, 2018 के अनुसार योग्यता होनी चाहिए।

इसके तहत कोई भी व्यक्ति कुलपति का पद धारण करने के लिए तब तक योग्य नहीं माना जाएगा, जब तक कि वह व्यक्ति राज्यपाल सह कुलाधिपति की राय में अपनी विद्वता और शैक्षणिक रुचि के लिए प्रतिष्ठित न हो।

उस व्यक्ति के पास सरकार या विश्वविद्यालय स्तर पर प्रशासनिक अनुभव होना चाहिए। उम्मीदवार में उच्चतम स्तर की योग्यता, ईमानदारी, नैतिकता और संस्थागत प्रतिबद्धता होनी चाहिए और उसे एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद होना चाहिए।

कुलपति की नियुक्ति के लिए किसी विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के रूप में कम से कम दस वर्ष का अनुभव या किसी प्रतिष्ठित शोध या शैक्षणिक प्रशासनिक संगठन में दस वर्ष का अनुभव अनिवार्य है। अभ्यर्थियों की आयु विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि को 65 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। अभ्यर्थियों की संख्या तथा रिक्तियों की संख्या के आधार पर आवेदन पत्रों की प्रारंभिक शार्टलिस्टिंग सर्च कमेटी द्वारा की जा सकती है।

नियुक्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन राजभवन की वेबसाइट या चांसलर पोर्टल पर उपलब्ध कराए गए लिंक के माध्यम से किया जा सकता है। ऑनलाइन आवेदन के लिए पोर्टल 25 मई शाम पांच बजे तक खुला रहेगा।

# भारत में 2027 डब्ल्यूटीसी फाइनल की मेजबानी करने को इच्छुक है बीसीसीआई




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) देश में 2025-2027 चक्र के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल की मेजबानी करने पर विचार कर रहा है और इस संबंध में एक प्रस्ताव को बाद में औपचारिक रूप दिया जाएगा। इंग्लैंड ने अब तक 2021 और 2023 में क्रमशः हैम्पशर और ओवल में डब्ल्यूटीसी खिताबी मुकाबलों की मेजबानी की है। पीटीआई को पता चला है कि पिछले महीने जिम्बाब्वे में आईसीसी की मुख्य कार्यकारी समिति के दौरान इस संबंध में चर्चा हुई थी जहां बीसीसीआई का प्रतिनिधित्व आईपीएल के अध्यक्ष अरुण धूमल ने किया था। पूर्व बीसीसीआई सचिव जय शाह दिसंबर 2024 में ग्रेग बार्कले से पदभार संभालने के बाद वर्तमान आईसीसी अध्यक्ष हैं। एक सूत्र ने संकेत दिया- अगर भारत अगले डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचता है तो यह प्रशंसकों के लिए एक शानदार मौका होगा। पर अगर भारत फाइनल में नहीं खेलता है तो भी दो अन्य शीर्ष टीमों के बीच मैच में बहुत से लोग दिलचस्पी लेंगे।

# भारत-पाक तनाव के बीच आईपीएल 2025 पर ब्रेक के फैसले से सौरव गांगुली सहमत

### कहा- ज्यादा दिन नहीं टिकेगा पाकिस्तान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ता तनाव अब क्रिकेट के मैदान तक पहुंच गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने शुक्रवार को एक बड़ा फैसला लेते हुए आईपीएल 2025 को एक हफ्ते के लिए स्थगित कर दिया। इस फैसले की वजह भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे हालात बताए गए हैं। इस बीच, भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने इस कदम का समर्थन करते हुए कहा कि यह फैसला खिलाड़ियों की सुरक्षा के लिए जरूरी था।

### बीसीसीआई का सख्त फैसला

शुक्रवार दोपहर बीसीसीआई ने एक आधिकारिक बयान जारी कर आईपीएल 2025 को तत्काल प्रभाव से एक हफ्ते के लिए निलंबित करने की घोषणा की। बोर्ड ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। देश में युद्ध जैसे हालात बने हुए हैं और आईपीएल में भारतीय और विदेशी खिलाड़ियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह फैसला लिया गया। सौरव गांगुली ने,हद्घ से बातचीत में कहा, देश में युद्ध जैसी स्थिति है। बीसीसीबाई को यह फैसला लेना ही पड़ा, क्योंकि इसमें कई भारतीय और विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। उम्मीद है कि आईपीएल जल्द शुरू होगा, क्योंकि टूर्नामेंट का एक अहम पड़ाव नजदीक है। गांगुली ने आगे कहा, खासकर धर्मशाला, चंडीगढ़, दिल्ली, राजस्थान, और जयपुर जैसे आईपीएल के वेन्यू को देखते हुए यह फैसला जरूरी था। बीती रात जो कुछ हुआ, उसके बाद यह कदम उठाना अनिवार्य हो गया था। समय के साथ हालात बेहतर होंगे और मैच फिर से खेले जाएंगे। बीसीसीबाई आईपीएल को पूरा करेगा, और यह स्थिति जल्द खत्म हो जाएगी, क्योंकि पाकिस्तान ज्यादा समय तक इस दबाव को झेल नहीं पाएगा।

### धर्मशाला में बीच में रुका मैच, दर्शकों को निकाला गया

इस तनाव का असर गुरुवार को धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में खेले जा रहे पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के मुकाबले पर भी पड़ा। पहली पारी के दौरान ही मैच को बीच में रोकना पड़ा। आयोजकों ने तुरंत दर्शकों को स्टेडियम से सुरक्षित बाहर निकाला, जबकि दोनों टीमों को उनके ठिकानों तक सुरक्षित पहुंचाया गया। एचपीसीए के सदस्य संजय शर्मा ने एएनआई को बताया, भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के चलते कल पंजाब और दिल्ली के बीच खेला जा रहा मैच सुरक्षा कारणों से बीच में ही रोकना पड़ा। लेकिन हमें पहले से ही ऐसी स्थिति की आशंका थी, इसलिए हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन, पंजाब किंग्स फ्रेंचाइजी, और सभी ऑपरेशन स्टाफ प्रशासन के संपर्क में थे। प्रशासन को इसकी पूरी जानकारी थी।

# कोहली-रोहित के आउट होने के बाद इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के लिए ऐसी हो सकती है भारत की प्लेइंग इलेवन

### श्रेयस के एंट्री की संभावना



**नई दिल्ली, एजेंसी।** रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया है और अब मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक टीम इंडिया के सीनियर बल्लेबाज विराट कोहली ने भी बीसीसीआई से कह दिया है कि वो क्रिकेट के लंबे प्रारूप से संन्यास लेना चाहते हैं। हालांकि इसको लेकर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं है। वैसे बीसीसीआई की तरफ से कहा गया है कि कोहली अपने फैसले को लेकर फिर से विचार करें क्योंकि इंग्लैंड जैसे अहम दौरे पर उनकी टीम को जरूरत है।

कोहली का भविष्य क्या होगा इसका अभी नहीं पता, लेकिन अगर कोहली संन्यास ले लेते हैं तो इंग्लैंड दौरे पर वो खेलते नजर नहीं आएंगे। अब रोहित और कोहली के नहीं होने पर इंग्लैंड के खिलाफ भारत की बेस्ट प्लेइंग इलेवन कुछ ऐसी हो सकती है। यही नहीं रोहित-कोहली के टीम में नहीं होने से कुछ नए चेहरे टीम में देखने को मिल सकते हैं। वैसे रोहित-कोहली एक दशक से भी अधिक समय से भारतीय बल्लेबाजी की जान रहे हैं, लेकिन एक सच ये भी है कि अब उनसे आगे देखने की जरूरत है।

**राहुल-यशस्वी कर सकते हैं ओपन** – रोहित-कोहली के बाद भारत के पास सबसे अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल और ऋषभ पंत होंगे। कयास लगाया जा रहा है कि चेतेश्वर पुजारा की टीम में वापसी हो सकती है, लेकिन इसकी संभावना कम लगती है क्योंकि वो लंबे अरसे से टेस्ट टीम से बाहर चल रहे हैं। माना जा रहा है कि साई सुदर्शन के भारतीय टेस्ट टीम में जगह दी जा सकती है जो पिछले कुछ समय से कमाल की फॉर्म में चल रहे हैं। अगर कोहली रिटायर होते हैं तो भारतीय चयनकर्ता उन्हें टीम में ला सकते हैं। सुदर्शन आमतौर पर मध्यक्रम में बैटिंग करते हैं, हालांकि वो शीर्ष क्रम पर भी बैटिंग कर सकते हैं।

**साई सुदर्शन चौथे नंबर पर** – विराट कोहली अगर इंग्लैंड दौरे पर नहीं जाते हैं तो साई सुदर्शन चौथे नंबर पर बैटिंग कर सकते हैं। भारत के लिए पारी की शुरुआत यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल कर सकते हैं। शुभमन गिल तीसरे नंबर पर होंगे। करुण नायर की टीम में वापसी को लेकर काफी चर्चा हो रही है और अगर बीसीसीआई उनके नाम पर विचार करता है तो यह काफी चौंकाने वाला होगा, भले ही उन्होंने घरेलू क्रिकेट में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया हो। सरफराज खान की दावेदार हैं, लेकिन छठे नंबर पर श्रेयस अय्यर सेलेक्टर्स की पसंद हो सकते है। उनकी खेलने की शैली निचले मध्यक्रम में टीम के लिए काफी फायदेमंद हो सकती है। नितीश रेड्डी को टीम में बतौर ऑलराउंडर शामिल किया जा सकता है जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर अच्छा प्रदर्शन किया था तो वहीं भारतीय प्लेइंग इलेवन में तेज गेंदबाज के रूप में जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और अर्शदीप सिंह हो सकते हैं। स्पिनर के रूप में टीम में कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा दावेदार हो सकते हैं, लेकिन दोनों में से किसी एक को ही अंतिम ग्यारह में मौका मिल सकता है।

**इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए भारत की संभावित प्लेइंग इलेवन**

यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, शुभमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, ऋषभ पंत, श्रेयस अय्यर, नितीश रेड्डी, कुलदीप यादव/रविंद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह।

# इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने खोला रोहित शर्मा के संन्यास का राज

### हिटमैन के टेस्ट करियर को बताया अनोखा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट के 'हिटमैन' रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। यह खबर उनके प्रशंसकों के लिए किसी झटके से कम नहीं, लेकिन जैसे हर कहानी का अंत होता है, वैसे ही रोहित की टेस्ट यात्रा भी अपने मुकाम पर पहुंची। इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए रोहित ने अपने संन्यास की घोषणा की, लेकिन इसके पीछे की कहानी में कई सवाल और भावनाएं उमड़ रही हैं। क्या यह उनका अपना फैसला था, या फिर चयनकर्ताओं का दबाव? इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल एथरटन के शब्दों में अगर इसे व्यक्त करें तो उन्होंने कहा कि- यह आश्चर्यजनक नहीं था, लेकिन दुखद जरूर है।

**खराब फॉर्म और हार का बोझ** – रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने हाल के समय में कई चुनौतियों का सामना किया। न्यूजीलैंड के खिलाफ 3-0 से टेस्ट सीरीज हार और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में दो हार ने भारत को पहली बार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल से बाहर कर दिया। रोहित का बल्ला भी इस दौरान खामोश रहा। पिछले छह टेस्ट मैचों में भारत को पांच हार का सामना करना पड़ा और रोहित की बल्लेबाजी औसत में भी गिरावट आई। एथरटन ने स्काई स्पोर्ट्स से बातचीत में कहा, जब आप रन नहीं बना रहे और टीम हार रही हो, तो यह किसी भी कप्तान के लिए खतरनाक संयोजन है। 38 साल की उम्र में रोहित पर समय का दबाव भी बढ़ रहा था। भारतीय क्रिकेट में प्रतिभाओं की गहरी खान है और युवा खिलाड़ी मौके की तलाश में हैं। ऐसे में खराब फॉर्म और लगातार हार ने रोहित के लिए राह मुश्किल कर दी। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक, संन्यास की घोषणा से एक दिन पहले चयनकर्ताओं ने उन्हें कप्तानी से हटाने का फैसला किया था। यह सिर्फ अटकलें हो सकती हैं लेकिन यह साफ है कि रोहित का यह फैसला पूरी तरह अप्रत्याशित नहीं था।

**रोहित का अनोखा टेस्ट करियर** – माइकल एथरटन ने रोहित के टेस्ट करियर को अनोखा बताया। रोहित ने अपने टेस्ट करियर की शुरुआत मध्यक्रम बल्लेबाज के तौर पर की थी, लेकिन लंबे समय तक उन्हें मौके के लिए इंतजार करना पड़ा। बाद में, जब उन्हें ओपनिंग का मौका मिला, तो उन्होंने इस भूमिका को बखूबी निभाया। एक ओपनर के तौर पर रोहित ने 38 टेस्ट में 42.80 की औसत से 2,697 रन बनाए, जिसमें नौ शतक और कई अर्धशतक शामिल हैं। कुल मिलाकर, उनके टेस्ट करियर में 12 शतकों के साथ 40 से थोड़ा ऊपर की औसत रही। यह आंकड़े भले ही उन्हें टेस्ट क्रिकेट के सर्वकालिक महान खिलाड़ियों की श्रेणी में न रखें, लेकिन उनकी प्रतिभा और योगदान को कम नहीं आंक सकते। एथरटन ने कहा, रोहित का टेस्ट करियर दो हिस्सों में बंटा हुआ है। लोग उन्हें वनडे क्रिकेट के महान ओपनर के तौर पर ज्यादा याद करेंगे, लेकिन टेस्ट में भी उन्होंने अपनी छाप छोड़ी। रोहित की बल्लेबाजी में जो सहजता और आक्रामकता थी, उसने टेस्ट क्रिकेट में भी कई यादगार पल दिए। चाहे वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनकी धैर्यपूर्ण पारियां हों या इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू मैदानों पर विस्फोटक शतक, रोहित ने हमेशा अपने अंदाज में क्रिकेट प्रेमियों का दिल जीता।

# इंग्लैंड ने आईपीएल के बाकी मैच कराने का ऑफर दिया

### भारत-पाकिस्तान में तनाव के कारण लीग एक सप्ताह के लिए टली, 16 मैच बाकी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड अपने देश में आईपीएल के बाकी बचे हुए मैच होस्ट करने के लिए तैयार है। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने कहा है कि अगर उनसे बात करें तो वे आईपीएल की मेजबानी करने के लिए तैयार हैं। इंग्लैंड के मीडिया हाउस डेली मेल ऑनलाइन के मुताबिक, ईसीबी के चीफ एग्जीक्यूटिव रिचर्ड गोल्ड ने कहा है कि वो आईपीएल होस्ट कराकर बीसीसीआई की मदद करने के लिए तैयार हैं।

आईपीएल एक सप्ताह के लिए टला भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़े टकराव के कारण बीसीसीआई ने आईपीएल को एक सप्ताह के लिए टाल दिया है। बीसीसीआई ने इसकी जानकारी शुक्रवार को दी। बोर्ड ने कहा कि उसने खिलाड़ियों की चिंता, प्रशंसकों की भावनाओं को ध्यान में रखकर ये फैसला लिया है। आईपीएल का नया शेड्यूल हालात देखते हुए जारी होगा। अभी आईपीएल के 12 लीग मैच और 4 प्लेऑफ के मुकाबले बाकी हैं। टूर्नामेंट का फाइनल 25 मई को होना था। वॉन का बीसीसीआई को सुझाव वहीं, इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने बीसीसीआई को सुझाव दिया है कि उनके देश में आईपीएल को पूरा करा लिया जाए। इसके बाद भारत को इंग्लैंड से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज भी खेलनी हो तो भारतीय टीम आईपीएल के बाद वहां टेस्ट सीरीज भी खेल सकती है।

# फर्स्ट नीरज चोपड़ा क्लासिक जेवलिन थ्रो टूर्नामेंट कैंसिल

### बढ़ते भारत-पाक तनाव को देखकर लिया फैसला, बेंगलुरु में 24 मई को होना था

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 24 मई को होने वाला फर्स्ट नीरज चोपड़ा क्लासिक जेवलिन थ्रो को कैंसिल कर दिया गया है। आयोजकों ने शुक्रवार को देर शाम इसकी जानकारी की। भारत-पाकिस्तान के बीच मौजूदा हालात को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। बयान में कहा गया है कि सुरक्षा को देखते हुए इस कदम को उठाया गया है। दो बार के वर्ल्ड चैंपियन एंडरसन पीटर्स सहित कई जेवलिन थ्रोअर ले रहे थे भाग बेंगलुरू में होने वाले पहली नीरज चोपड़ा भाला फेंक प्रतियोगिता में ग्रेनेडा के दो बार के वर्ल्ड चैंपियन एंडरसन पीटर्स, रियो 2016 ओलिंपिक में गोल्ड मेडल जीतने वाले जर्मनी के थॉमस रोहलर, सिल्वर मेडल जीतने वाले और 2015 वर्ल्ड चैंपियन केन्या के जूलियस येगो, और अमेरिका के करंट वर्ल्ड लीडर कर्टिस थॉम्पसन को हिस्सा लेना था। बाद में की जाएगी नई तारीख की घोषणा आयोजकों ने कहा है कि नीरज चोपड़ा क्लासिक की नई तारीख जल्द घोषित की जाएगी।

# आर्चरी वर्ल्ड कप स्टेज-2 में भारतीय टीम को तीन मेडल

### मेन्स कंपाउंड टीम ने गोल्ड और विमेंस ने सिल्वर जीता, मिक्स्ड में ब्रॉन्ज मेडल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** शंघाई में चल रहे आर्चरी वर्ल्ड कप स्टेज-2 में भारतीय तीरंदाजों ने टीम इवेंट में तीन मेडल जीते हैं। कंपाउंड इवेंट में भारतीय मेन्स टीम ने गोल्ड और विमेंस टीम ने सिल्वर मेडल जीते हैं। वहीं मिक्स्ड इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीता है। मेन्स टीम ने मैक्सिको को हरा कर जीता गोल्ड मेन्स टीम ने कंपाउंड राउंड के फाइनल में मैक्सिको को 232-228 से हराया। भारतीय टीम में अभिषेक वर्मा, ओजस देवताले और ऋषभ यादव शामिल थे। भारत ने पहले गेम में 59 अंक बनाकर 2 अंकों की बढ़त हासिल की, जबकि मैक्सिको ने 57 अंक बनाए। दूसरे गेम में मैक्सिको ने 58 अंक बनाकर वापसी की, जबकि भारत ने 56 अंक बनाकर मैच को 115-115 से बराबर कर दिया। तीसरे गेम में भारत ने 58 अंक बनाकर बढ़त हासिल की, जबकि मैक्सिको ने 57 अंक बनाए, जिससे भारत को 173-172 की मामूली बढ़त मिल गई।

# रोहित शर्मा के बाद विराट कोहली भी टेस्ट क्रिकेट से लेना चाहते हैं संन्यास, बीसीसीआई ने कहा- पुनर्विचार करें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विराट कोहली ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से कहा है कि वह टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेना चाहते हैं, लेकिन शीर्ष अधिकारियों ने उनसे इस फैसले पर पुनर्विचार करने को कहा है। सूत्रों के हवाले से लिखा, उन्होंने अपना मन बना लिया है और बोर्ड को सूचित कर दिया है कि वह टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले रहे हैं। बीसीसीआई ने उनसे इस पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है, क्योंकि इंग्लैंड का महत्वपूर्ण दौरा आने वाला है। उन्होंने अब तक इस अनुरोध पर कोई जवाब नहीं दिया है। विराट कोहली का यह फैसला कुछ दिन पहले रोहित शर्मा के टेस्ट से संन्यास लेने के बाद आया है। बीसीसीआई की सीनियर सिलेक्शन कमेटी के सदस्य अगले महीने इंग्लैंड में होने वाली पांच टेस्ट मैच की सीरीज को लेकर टीम चुनने के लिए कुछ दिनों में बैठक करने वाले हैं। पता चला है कि विराट कोहली इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बाद से ही अपने टेस्ट क्रिकेट के भविष्य पर विचार कर रहे हैं। विराट कोहली ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट मैच में शतक लगाया था लेकिन उसके बाद वह अन्य चारों टेस्ट में खराब फार्म से जूझते रहे। अगर विराट कोहली अपना विचार नहीं बदलते हैं और रोहित शर्मा भी टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। ऐसे में भारत के पास काफी हद तक अनुभवहीन मध्यक्रम होगा।

**रोहित-कोहली के बिना खेलेगी टेस्ट टीम** – इसका मतलब टीम दो अनुभवी खिलाड़ियों (विराट कोहली और रोहित शर्मा) के मार्गदर्शन के बिना रह जाएगी। इन दोनों ने अब तक लगभग 11 वर्षों तक टेस्ट टीम का नेतृत्व किया है। विराट कोहली दिसंबर 2014 में भारत के टेस्ट कप्तान बने और उसके बाद रोहित फरवरी 2022 में कप्तान बने।



**टीम को युवा कप्तान की तलाश और रोहित का संन्यास** – इस हफ्ते की शुरुआत में बताया था कि चयनकर्ता नए टेस्ट चक्र के लिए किसी युवा खिलाड़ी को कप्तान बनाने की योजना बना रहे हैं। इसके बाद रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी। सूत्रों के मुताबिक, शुभमन गिल रोहित की जगह टेस्ट कप्तान बनने के लिए सबसे मजबूत दावेदार है।

**कोहली का टेस्ट करियर** – 36 साल के विराट कोहली ने भारत के लिए 123 टेस्ट मैच खेले हैं और 46.85 की औसत से 9,230 रन बनाए हैं। हालांकि, पिछले पांच सालों में उनका प्रदर्शन थोड़ा कमजोर रहा। उन्होंने 37 मैचों में 1,990 रन बनाए, जिसमें सिर्फ तीन शतक शामिल हैं। हाल ही में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर उनका प्रदर्शन और खराब रहा, जहां पांच टेस्ट में उनकी औसत केवल 23.75 रही। इस दौरे पर आठ बार आउट होने में सात बार वे ऑफ स्टंप के बाहर की गेंदों पर आउट हुए।


**ऑस्ट्रेलिया दौरे की निराशा** – मार्च में अपनी आईपीएल टीम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के एक कार्यक्रम में कोहली ने ऑस्ट्रेलिया दौरे की निराशा के बारे में बात की। उन्होंने कहा, शायद चार साल बाद मेरे पास ऑस्ट्रेलिया दौरा दोबारा न हो। उन्होंने टेस्ट में हाल की नाकामियों के मानसिक दबाव के बारे में भी बताया। कोहली ने कहा, जब आप बाहर से निराशा और नकारात्मक ऊर्जा लेने लगते हैं, तो आप खुद पर बोझ बढ़ा लेते हैं। फिर आप सोचने लगते हैं कि 'इस दौरे पर मेरे पास दो-तीन दिन बचे हैं, मुझे अब कुछ बड़ा करना है।' इससे आप और ज्यादा बेताब हो जाते हैं। मैंने ऑस्ट्रेलिया में भी ऐसा महसूस किया।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में 1.25 करोड़ की चोरी; पुलिस ने गाजियाबाद से घरेलू सहायक को दबोचा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में एक कारोबारी के घर से एक करोड़ रुपये से अधिक की चोरी के आरोप में एक घरेलू सहायक को अरेस्ट किया है। वारदात में आरोपी घरेलू सहायक का एक साथी भी अरेस्ट किया गया है। आरोपियों ने दिल्ली के शालीमार बाग इलाके में एक व्यवसायी के घर वारदात को अंजाम दिया। आरोपियों ने एक करोड़ रुपये से अधिक की चोरी की। हालांकि पुलिस ने जल्द ही आरोपियों की पहचान कर ली और उन्हें दबोच लिया। दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि मूल रूप से बिहार का रहने वाला अनिल कुमार उर्फ करण (21) और दीपक कुमार (26) जल्द पैसा कमाना चाहते थे। इस वजह से आरोपियों ने वारदात को अंजाम दिया। व्यवसायी संजय अग्रवाल ने छह मई को पुलिस में शिकायत दी कि उनका नया घरेलू सहायक अनिल, उनके शालीमार बाग स्थित आवास से 1.25 करोड़ रुपये नकद लेकर लापता हो गया है। कारोबारी की शिकायत पर पुलिस ने ऐक्शन लिया। शालीमार बाग थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। गाजियाबाद में छापेमारी के दौरान अनिल को पकड़ लिया गया। पुलिस उपायुक्त (उत्तर-पश्चिम) भीष्म सिंह ने बताया कि पूछताछ के दौरान अनिल ने चोरी की बात कबूल कर ली। यही नहीं आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसका सहयोगी दीपक कुमार भी वारदात में शामिल रहा है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1.06 करोड़ रुपये नकद, 3 बैग और एक अटैची जब्त की है। कथित चोरी के बाद अनिल को शरण देने वाले दीपक को भी गाजियाबाद में एक किराए के मकान से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि आगे की जांच जारी है।

### आ गई एनडीएमसी में स्थायी व वार्ड समिति के खाली पदों के लिए चुनाव की तारीख



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की स्थायी समिति में खाली पड़े दो पदों को भरने के लिए चुनाव की तारीख आ गई है। यह चुनाव 22 मई को होंगे और साथ में इसी दिन 12 जोन की वार्ड समितियों के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के लिए भी चुनाव कराए जाएंगे। इसके अलावा निगम के सदन से चुने जाने वाले एक सदस्य के चुनाव 21 मई को संपन्न होंगे। इस बात की जानकारी निगम सचिव कार्यालय ने शुक्रवार को नोटिस जारी करते हुए दी। स्थायी समिति के ये दोनों पद वार्ड नंबर 164 और 74 का प्रतिनिधित्व करने वाले पार्षदों के इस्तीफे के बाद खाली हुए हैं। इस साल हुए विधानसभा चुनाव में दोनों पार्षद चुनाव जीतकर विधायक बन गए थे, जिसके बाद उनके इस्तीफा देने से ये दोनों सीटें खाली हुई हैं। ये दोनों पार्षद पहले क्रमशः दक्षिण जोन और सिटी-एसपी जोन वार्ड समितियों से स्थायी समिति के लिए चुने गए थे। अब एमसीडी स्थायी समिति में खाली पड़े इन्हीं दोनों रिक्त पदों को भरने के लिए चुनाव कराएगी। दिल्ली नगर निगम अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार, संबंधित वार्ड समितियां अब अपने पार्षदों में से स्थायी समिति के लिए नए सदस्यों का चुनाव करेंगी। इसके लिए 22 मई गुरुवार को चुनाव रखे गए हैं, जो कि गुप्त मतदान के माध्यम से होंगे। इसके अलावा इसी दिन नजफगढ़, रोहिणी, करोल बाग, सेंट्रल, नरेला, साउथ और सिटी-एसपी जैसे क्षेत्रों की जोन कमेटियों के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पदों के लिए भी चुनाव होंगे। नोटिस के अनुसार ये चुनाव डीएमसी अधिनियम, 1957 (जैसा कि 2022 में संशोधित किया गया है) की धारा 51 के तहत होंगे। पूरी चुनाव प्रक्रिया दिल्ली नगर निगम (कार्य संचालन और संचालन) विनियम, 1958 द्वारा शासित होगी। निगम सचिव कार्यालय द्वारा जारी नोटिस के अनुसार स्थायी समिति के सदन से चुने जाने वाले एक सदस्य के चुनाव के लिए 15 मई को सिविक सेंटर में ए ब्लॉक में स्थित सचिव कार्यालय में नामांकन दाखिल होगा।

# दिल्ली में राहत के दिन बीते, गर्मी फिर बढ़ने के आसार

## पारा जाएगा 40 डिग्री पार



**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान के 40 डिग्री के पार पहुंचे की संभावना है। मौसम विभाग का अनुमान है कि दिल्लीवालों को तेज हवा और बूंदाबांदी से मिलने वाली राहत अब खत्म होने वाली है। इस बीच, शुक्रवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान सामान्य से लगभग ढाई डिग्री कम रहा।

मौसम विभाग का अनुमान है कि अब तापमान में बढ़ोतरी का रुख देखने को मिलेगा। दिन के ज्यादातर हिस्से में धूप निकलने के चलते तापमान में इजाफा होगा। शनिवार को अधिकतम तापमान 36 से 38 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने के आसार हैं। हवा की गति 10 से 20 किलोमीटर प्रति घंटे तक रह सकती है।

दिल्ली के ज्यादातर इलाकों में सुबह से ही हल्के बादलों की आवाजाही लगी रही। दिन में बीच-बीच में तेज धूप निकली पर बादलों के आने से तापमान बहुत तेजी से नहीं बढ़ा। इस दौरान दिल्ली के पालम जैसे कुछ इलाकों में हल्की बारिश भी दर्ज की गई। इसके चलते हवा में नमी बनी हुई है और लोगों को गर्मी से राहत मिल रही है।

शुक्रवार को दिल्ली की मानक वेधशाला सफदरजंग में अधिकतम तापमान 36.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 2.6 डिग्री कम है। न्यूनतम तापमान 25.7 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 0.6 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। आर्द्रता का स्तर 78 से 42 फीसदी तक रहा।

वायु गुणवत्ता सूचकांक 151 अंक पर रहा ~ मौसम की अलग-अलग गतिविधियों की वजह से दिल्ली की हवा लगातार साफ-सुथरी बनी हुई है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, शुक्रवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 151 अंक पर रहा। इस स्तर की हवा को मध्यम श्रेणी में रखा जाता है। अगले दो दिनों के बीच भी वायु गुणवत्ता का यह साफ सुथरा स्तर बना रहेगा।

सीपीसीबी के अनुसार, शून्य से 50 के बीच एक्यूआई अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर माना जाता है।

# इमरजेंसी से निपटने को तैयार रहें, दिल्ली के अस्पतालों का सीएम रेखा गुप्ता का निर्देश



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत-पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के मद्देनजर दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने मौजूदा हालात को देखते हुए शुक्रवार को दिल्ली के विभिन्न अस्पतालों के मेडिकल सुपरिटेंडेंट्स (एमएस) के साथ बैठक की। सीएम ने उन्हें बैठक में किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार करने का निर्देश दिया है। सीएम ने कहा कि देश में उत्पन्न विपरीत स्थिति को देखते हुए राजधानी के सभी सरकारी अस्पतालों में तत्काल प्रभाव से इमरजेंसी वार्ड भी स्थापित किया जाए। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री पंकज सिंह भी मौजूद रहे।

सीएम ने स्वास्थ्य सेवाओं की मौजूदा हालात, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने, आवश्यकताओं और चुनौतियों को लेकर समीक्षा की। रेखा गुप्ता ने बताया कि दिल्ली सरकार का सबसे बड़ा संकल्प है कि राजधानी में हर नागरिक को सुलभ, सस्ता और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिलें।

### अस्पताल अलर्ट मोड पर, हर स्थित के लिए तैयार

वहीं, भारत-पाकिस्तान में तनाव के मद्देनजर दिल्ली सरकार और केंद्र के अधीन प्रमुख अस्पतालों में आपदा प्रबंधन को लेकर कड़े कदम उठाए गए हैं। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए अस्पतालों में विशेष तैयारियां की जा रही हैं। दिल्ली का प्रमुख सरकारी अस्पताल लोक नायक पूरी तरह से अलर्ट मोड में आ गया है। अस्पताल में 250 स्वास्थ्य कर्मियों को आपदा प्रबंधन की विशेष ट्रेनिंग दी गई है ताकि हर स्थिति से निपटा जा सके।

### अस्पतालों में बेड आरक्षित

लोकनायक अस्पताल में 70 बेड का एक स्पेशल वार्ड आरक्षित किया गया है, जो आपदा के समय इस्तेमाल किया जाएगा। महरौली स्थित राष्ट्रीय क्षयरोग संस्थान में आपदा की स्थिति को देखते हुए 50 बेड का वार्ड आरक्षित कर दिया गया है। आरएमएल अस्पताल में 10 बेड का एक विशेष वार्ड बनाया गया है। इस बीच स्वास्थ्य कर्मियों की छुट्टियां भी रद्द कर दी गई हैं।

मुख्यमंत्री ने बैठक में दिल्ली सरकार के अस्पतालों में दवाओं की कमी पर चिंता जताते तत्काल जरूरी कदम उठाने का निर्देश दिया है।

उन्होंने कहा कि लगातार ऐसी खबरें सामने आती रही हैं कि अस्पतालों में आवश्यक दवाएं उपलब्ध नहीं हैं। यह स्थिति बेहद चिंताजनक है और इसे प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाना चाहिए। उन्होंने समाधान के लिए ठोस ऐक्शन प्लान बनाकर रिपोर्ट पेश करने को कहा है।

सीएम ने केंद्र सरकार की तीन प्रमुख स्वास्थ्य योजनाओं, आयुष्मान भारत, वरिष्ठ नागरिकों के लिए वय वंदना योजना और समग्र स्वास्थ्य सेवाओं के लिए आरोग्य मंदिर योजना प्रभावी प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया।

# सौरभ भारद्वाज पर चलेगा करप्शन का केस? एफआईआर दर्ज करने को दिल्ली एसीबी ने मांगी इजाजत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। दिल्ली की एंटी करप्शन ब्रांच (एसीबी) ने सौरभ भारद्वाज के खिलाफ कथित भ्रष्टाचार के एक मामले में एफआईआर दर्ज करने की इजाजत मांगी है।

एसीबी ने भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत जांच करने के लिए सक्षम प्राधिकारी से मंजूरी मांगी है। एसीबी के एक अधिकारी ने बताया की दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री भारद्वाज और पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता ने शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें उन पर स्वास्थ्य विभाग में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया था। इस शिकायत के जवाब में एसीबी ने कहा कि मामले को संज्ञान में लिया गया है और जांच के लिए पीओसी अधिनियम की धारा 71 ए के तहत पूर्व अनुमोदन के लिए अनुरोध सक्षम प्राधिकारी को भेज दिया गया है। बता दें कि, फरवरी महीने में हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में अपने गढ़ दिल्ली में हार जाने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) ने संगठनात्मक फेरबदल करते हुए पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज को अपनी दिल्ली इकाई का नया अध्यक्ष नियुक्त किया। सौरभ भारद्वाज एक तेज-तर्रार नेता हैं।

**मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के खिलाफ पिछले महीने दर्ज हुआ था केसः** गौरतलब है कि, एसीबी ने अप्रैल महीने के आखिर में ही दिल्ली




सरकार के स्कूलों में 12,748 क्लास रूम्स के निर्माण में कथित भ्रष्टाचार को लेकर 'आप' के नेताओं मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के खिलाफ मामला दर्ज किया था। एसीबी ने एक बयान में बताया था कि यह घोटाला करीब 2,000 करोड़ रुपये का है और इसमें अत्यधिक बढ़ी हुई दरों पर ठेके दिए गए थे। बयान के अनुसार, कथित तौर पर प्रत्येक क्लास रूम का निर्माण 24.86 लाख रुपये में किया गया, जो सामान्य लागत से लगभग पांच गुना अधिक है।

# जी7 ने की पहलगाम हमले की निंदा, भारत-पाकिस्तान से संयम बरतने को कहा



**न्यूयॉर्क / सिंगापुर , एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को लेकर दुनिया भर में चिंता बढ़ती जा रही है। जी7 देशों के विदेश मंत्रियों और सिंगापुर ने दोनों देशों से अपील की है कि वे संयम बरतें और बातचीत के जरिए विवाद सुलझाएं। जी7 देशों – कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन और अमेरिका – के विदेश मंत्रियों और यूरोपीय संघ ने एक साझा बयान जारी कर भारत के जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। इस हमले में 26 लोगों की जान गई थी।

**भारत-पाकिस्तान से संयम बरतने की अपीलः** जी7 ने अपने बयान में कहा, हम भारत और पाकिस्तान से अपील करते हैं कि वे अधिकतम संयम बरतें। किसी भी तरह की और सैन्य कार्रवाई इस क्षेत्र की शांति और स्थिरता के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। हम दोनों देशों से तुरंत तनाव कम करने और शांति के लिए सीधी बातचीत करने का आग्रह करते हैं।

**सिंगापुर ने भी भारत-पाकिस्तान तनाव पर जताई चिंताः** इस बीच, सिंगापुर ने भी इस मुद्दे पर अपनी चिंता जाहिर की है। सिंगापुर के विदेश मंत्रालय (एमएफए) ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा, हम भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे सैन्य टकराव को लेकर गंभीर रूप से चिंतित हैं। हम दोनों पक्षों से अपील करते हैं कि वे तनाव कम करें और बातचीत के जरिए समाधान निकालें। साथ ही, दोनों देशों में आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

**अपने नागरिकों के लिए सिंगापुर ने जारी की एडवाइजरीः** वहीं सिंगापुर ने अपने नागरिकों को जम्मू-कश्मीर और पाकिस्तान की यात्रा न करने की सलाह दी है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि सिंगापुर के नागरिकों को भारत और पाकिस्तान के सीमा क्षेत्रों में खासतौर पर सतर्क रहना चाहिए और सुरक्षा के लिहाज से सभी जरूरी कदम उठाने चाहिए। सिंगापुर ने अपने नागरिकों से भीड़-भाड़ वाली जगहों से बचने, स्थानीय खबरों पर नजर रखने और स्थानीय प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की सलाह दी है।

**पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद चरम पर तनावः** बता दें कि, 22 अप्रैल के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत ने जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किए। इसके जवाब में पाकिस्तान ने गुरुवार और शुक्रवार की रात भारत के जम्मू-कश्मीर से लेकर गुजरात तक 26 जगहों पर ड्रोन हमले किए।

# शेख हसीना की पार्टी पर प्रतिबंध की योजना में अंतरिम सरकार, एनसीपी ने की आवामी लीग को भंग करने की मांग



**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी आवामी लीग पर प्रतिबंध लगाने की योजना बना रही है। अंतरिम सरकार के प्रमुख प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस के कार्यालय ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा कि इस बारे में शीघ्र निर्णय लिया जाएगा। सरकार का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब नवगठित नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) के कार्यकर्ताओं ने यूनुस के घर के बाहर प्रदर्शन कर आवामी लीग को भंग करने की मांग की। एनसीपी की शुरुआत छात्रों ने की थी। छात्रों ने पिछले साल एनसीपी नेतृत्व में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया, जिसके बाद पांच अगस्त को हसीना को अपदस्थ कर दिया गया था। हसीना के अपदस्थ होने के बाद 8 अगस्त को मोहम्मद यूनुस ने कार्यभार संभाला था। जिन छात्रों ने पिछले साल विरोध प्रदर्शन किया, इस साल की शुरुआत में वह एनसीपी को बनाने के लिए आगे आए।

**सरकार ने विभिन्न राजनीतिक दलों से साधा संपर्कः** अंतरिम सरकार के बयान के अनुसार, सरकार हाल ही में विभिन्न राजनीतिक दलों, संगठनों और लोगों की ओर से अवामी लीग को निरंकुश शासन और आतंकवादी गतिविधियों के आरोपों पर भंग करने की मांग पर गंभीरता से विचार करती है। सरकार ने विभिन्न राजनीतिक दलों से संपर्क स्थापित किया है। उनके साथ परामर्श करके जल्द ही आवामी लीग को भंग करने पर निर्णय लिया जाएगा।

**आतंकवादी छात्र लीग को सरकार ने भंग कियाः** बृहस्पतिवार रात एनसीपी के कार्यकर्ताओं ने यूनुस के आधिकारिक आवास जमुना के पास एक अस्थायी मंच बनाया और शुक्रवार को वहीं पर नमाज भी पढ़ी। एनसीपी के इस प्रदर्शन में जमात-ए-इस्लाम, इसके छात्र संगठन इस्लामी छात्र शिबिर और हिफाजत-ए-इस्लाम जैसे संगठनों के नेता भी शामिल हुए। इस दौरान सरकार ने अपील की कि जब तक फैसला नहीं होता, तब तक सभी लोग शांति बनाए रखें। साथ ही कहा कि सरकार ने आतंकवादी छात्र लीग को भंग कर दिया है।

# पाकिस्तानी रक्षा मंत्री बोले- अब जंग होना तयः हमारे पास विकल्प नहीं बचा

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि भारत पाक की जंग अब तय है। उन्होंने एक टीवी इंटरव्यू में जंग होने के सवाल पर कहा कि इसके अलावा कोई और विकल्प नहीं है। वहीं, सेना के प्रवक्ता अहमद चौधरी ने आज कहा कि भारत सरकार आतंकियों की फंडिंग में शामिल है। वह बॉर्डर पार टेररिज्म को बढ़ावा दे रही है। भारत कई आतंकी कैंप भी चला रहा है। उन्होंने ये भी कहा कि अगर भारत को पाकिस्तान की फायरिंग इतनी पसंद है, तो हम आपकी ये ख्वाहिश अपनी पसंद की जगह, समय और तरीके से पूरी करेंगे।

इधर, जंग के हालात के बीच इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड (आईएमएफ) ने पाकिस्तान को 2.3 अरब डॉलर (20 हजार करोड़ रुपए) के दो पैकेजों को मंजूरी दे दी है। इस लोन में से 1 अरब डॉलर (8500 करोड़ रुपए) एक्सटेंड फंड फैसेलिटी के तहत तत्काल दिए जाएंगे, जबकि 1.3 अरब डॉलर (11 हजार करोड़ रुपए) का लोन अगले 28 महीने तक किस्तों में दिया जाएगा।



आईएमएफ में कोटे के आधार पर होती है वोटिंग

आईएमएफ में 191 देश सदस्य हैं। हर देश के पास एक वोट होता है, लेकिन वोट सिर्फ इससे तय नहीं होता है। आईएमएफ में कोटे के आधार पर वोटिंग अधिकार तय होता है। यानी जिसका जितना ज्यादा कोटा होगा, आईएमएफ के फैसलों में उसकी उतनी ज्यादा सुनी जाएगी।

किस देश का कोटा कितना होगा ये उस देश की आर्थिक ताकत (जैसे जीडीपी), विदेशी मुद्रा भंडार, व्यापार और आर्थिक स्थिरता पर निर्भर करता है। जैसे अमेरिका का कोटा सबसे ज्यादा 16.5 प्रतिशत है, इसलिए उसका वोट सबसे ज्यादा मायने रखता है। भारत की वोटिंग पावर 2.75 प्रतिशत के करीब है। जबकि पाकिस्तान की वोटिंग पावर 0.43 प्रतिशत के करीब है।

बेसिक वोट्सः हर देश को 250 बेसिक वोट्स मिलते हैं, जो सभी देशों के लिए समान हैं।

कोटा-आधारित वोट्सः कोटा के आधार पर एक्स्ट्रा वोट्स मिलते हैं। इसके लिए आईएमएफ की स्पेशल करेंसी एसडीआर खरीदनी पड़ती है। 1 लाख एसडीआर पर 1 वोट मिलता है। बेसिक वोट्स और कोटा-आधारित वोट्स को मिलाकर ही कुल वोट्स मिलते हैं।

**क्या है एसडीआर?:** एसडीआर का पूरा नाम है विशेष आहरण अधिकार। ये आईएमएफ का बनाया एक अंतरराष्ट्रीय रिजर्व एसेट है। इसे आईएमएफ की अंतरराष्ट्रीय नकदी या ग्लोबल करेंसी यूनिट कहा जा सकता है। इसे वित्तीय लेन-देन के लिए इस्तेमाल किया जाता है। हालांकि ये असली करेंसी नहीं है।

**बिना अमेरिकी वोट के कोई फैसला नहीं लिया जाताः** अमेरिका के पास सबसे ज्यादा 16.5 प्रतिशत वोटिंग राइट्स हैं। कोई फैसला लेने के लिए 85प्रतिशत तक वोट की जरूरत होती है। ऐसे में अगर अमेरिका वोट न करे तो बहुमत न मिलने की स्थिति में कोई फैसला पारित नहीं किया जा सकता है।

**आईएमएफ में भारत ने आज वोटिंग नहीं कीः** भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने 8 मई को कहा था कि वे पिछले तीन दशकों में आईएमएफ ने पाकिस्तान को कई बड़ी सहायता दी है। उससे चलाए गए कोई भी कार्यक्रम सफल नतीजे तक नहीं पहुंच पाए हैं। आज वोटिंग से पहले भारत ने अपनी आपत्ति दर्ज कराई। भारत ने कहा कि अगर ऐसे देश को बार-बार मदद दी जाती है जो सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देता है, तो इससे दुनिया को गलत संदेश जाता है। इसके बाद भारत ने पाकिस्तान को आईएमएफ का फंड मिलने के मामले पर विरोध में वोटिंग नहीं की। बाकी देशों के वोट की मदद से पाकिस्तान को ये फंड अप्रूव हो गया।

## संक्षिप्त समाचार

### खनन विभाग ने चलाया सघन जांच अभियान

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त विजया जाधव के निर्देशानुसार बोकारो जिला के विभिन्न स्थानों पर खनन विभाग द्वारा अवैध खनन, भंडारण, प्रेषण से संबंधित सघन जांच अभियान चलाया गया। जिसमें महुआटांड़ थाना अन्तर्गत धवैया एवं सिमराबेड़ा क्षेत्रों पर अवैध खनिज भंडारण से संबंधित निरीक्षण किया गया। परंतु उक्त क्षेत्र पर किसी प्रकार का खनिज का भंडारण नहीं पाया गया। वहीं, पेटरवार थाना क्षेत्र के लुकईया ग्राम के समीप मुख्य पथ पर अवैध रूप से स्टोन चिप्स खनिज के प्रेषण करते हुए 01 हाईवा को को पकड़ा गया। टीम ने जिसे विधिवत जप्त कर पेटरवार थाना को सुपुर्द कर दिया और थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। उक्त अभियान में खान निरीक्षक सीताराम टुडू एवं पुलिस बल आदि मौजूद थे।



### पलामू टाइगर रिजर्व से पुर्नवासित ग्रामीणों से मिली मुख्य सचिव

**डालटनगंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पलामू टाइगर रिजर्व से विस्थापन के बाद मेदिनीनगर सदर प्रखंड के पोलपोल गांव के बिकाबेल में पुर्नवासित किए गए ग्रामीणों से शनिवार को राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी ने संवाद स्थापित किया। इस क्रम में उनके साथ कई प्रशासनिक पदाधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद थे। बताते चलें कि लातेहार जिले में पड़ने वाले पलामू टाइगर रिजर्व क्षेत्र अंतर्गत गारू प्रखंड के कुजरूम और जागीर गांव के विस्थापित 54 परिवारों को बिकाबेल इलाके में पुर्नवासित किया गया है। उनके रहने के लिए आवास बनाये गए हैं। मुख्य सचिव ने विस्थापित परिवारों के बारे में जानकारी ली। उनके रहन सहन तथा असुविधा के बारे में जाना। जीवनयापन में होने वाली कठिनाइयों से अवगत हुई और सुविधा देने का निर्देश अधिकारियों को दिया। चीफ सेक्रेटरी ने दोनों गांव से ग्रामीणों के आधारकार्ड में सुधार करवाने का निर्देश दिया। लातेहार जिला का राशन कार्ड बना है, उसमें सुधार करके पलामू जिला अंतर्गत सदर मेदिनीनगर ब्लॉक के पोलपोल से बनवाकर अविलंब राशन मुहैया कराने का निर्देश दिया गया।

### द्वारिका मेमोरियल में मदर्स डे का आयोजन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** द्वारिका मेमोरियल फाउंडेशन एकेडमी, बिशनपुर, धनबाद में मातृ दिवस समारोह (मदर्स डे) का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय की ओर से छात्र-छात्राओं की माताओं को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य मदन कुमार सिंह, उप प्राचार्या पुष्पा सिंह, वरिष्ठ शिक्षिका शशि सिन्हा, हेड ब्वॉय आदित्य राज झा की मां आरती झा के कर कमलों से दीप प्रज्वलित कर संपन्न हुआ। क्यों नहीं मां सारी दुनिया तेरी तरह मां और मातृत्व को समर्पित कार्यक्रम में छात्र एवं छात्राओं की सजीव एवं मनमोहक प्रस्तुति में आमंत्रित माताओं को भाव विभोर कर दिया। मदर्स डे कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के चार उद्घोषक श्रेयसागर, नागेश्वर, दीक्षा, मौली के उद्घोषणाओं से हुई । माताओं के स्वागत के लिए चतुर्थ वर्ग की छात्राओं ने मेरी माँ मम्मा' गीत पर, तृतीय वर्ग की छात्राओं ने 'पास बुलाती है गाने पर, पंचम वर्ग की छात्राओं ने 'क्या मांगे वह बेटा,' षष्ठ वर्ग की छात्राओं ने 'मैं कभी बतलाता नहीं , सप्तम वर्ग की छात्राओं ने 'ओ मेरी मां तू है', अष्टम वर्ग के छात्राओं ने 'मां तेरी चुनरिया' गाने पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। नवम वर्ग के छात्रों ने एक लघु नाटक प्रस्तुत किया जिसमें आज के बेटे द्वारा मां की अनदेखी एवं पश्चाताप किए जाने को चित्रित किया। शुभम ने बेटे के रोल को बखूबी निभाया एवं दर्शकों की तालियां बटोरी। दशम वर्ग की छात्राओं ने लड़कियों का संघर्ष एवं मां का सहयोग के थीम पर एकांकी प्रस्तुत किया । साधना, कोमल एवं यशराज ने संगीत शिक्षक विजय शंकर उपाध्याय के नेतृत्व में गाना गया।



# नेशनल लोक अदालत में दो लाख से ज्यादा विवादों का हुआ निपटारा

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नालसा के निर्देश पर वर्ष 25 के दूसरे नेशनल लोक अदालत मे , शुरूआती दो घंटे में ही एक अरब 9 करोड 37 लाख 14 हजार 556 रूपए की रिकवरी कर कुल दो लाख 40 हजार 702 विवादों का निपटारा कर दिया गया। वहीं दुर्घटना में पति की मौत के बाद बेसहारा हुई। ब्रिजमणी शर्मा को 99 लाख रूपए का मुआवजा का चेक मौके पर भुगतान कराया।चेक मिलने के बाद ब्रिजमणी काफी भावुक हो गई और कहा कि डालसा ने उन्हें एक नया जीवन दिया है इसके पूर्व नेशनल लोक अदालत का उद्घाटन शनिवार को रांची झालसा से ऑनलाइन न्यायमूर्ती सुजित नारायण प्रसाद ने किया वहीं।धनबाद मे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा के चेयरमैन वीरेंद्र कुमार तिवारी ने किया ।इस मौके पर न्यायाधीश श्री तिवारी ने कहा कि नेशनल लोक अदालत संविधान के परिकल्पना को पूरी करने के दिशा में एक कदम है ,हर तीन माह मे यह आयोजन किया जा रहा है।हमारा संविधान हर लोगों को सामाजीक , आर्थिक एवं सस्ता सुलभ न्याय की गारंटी देता है।अपर समाहर्ता विनोद कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत आम आदमी के हित के लिये लगाये जाते हैं। बिना प्रशासनिक सहयोग के हम समाज तक न्याय नहीं पहुंचा सकते। सीटी एसपी अजीत कुमार ने कहा कि लोक अदालत में महीनों कोर्ट का चक्कर लगाने और पैसे की बबार्दी से बचा जा सकता है।इससे लोगों को मानसिक शांति भी मिलती है।साथ ही प्रेम और सौहार्द आपस में फिर से बन जाता है। अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार मयंक तुषार टोपनो ने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से व्यापक पैमाने पर मुकदमों का निष्पादन किया जा रहा है। जिसमें समय की बचत के साथ-साथ वादकारियों को विभिन्न कानूनी पचड़ों से मुक्ति मिल रही है। लोगों मे प्रेम ,शाति ,समृद्धि और समरसता बनी रहे यही इस लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य है। मंच का संचालन एलएडीसीएस के सुमन पाठक एवं मुस्कान ने किया।



**दो लाख 40 हजार 702 विवादों का निपटारा**

अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि विवादों एवं मुकदमो के निपटारे के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के आदेश पर 14 बेंच का गठन किया गया था है जिनके द्वारा शुरूआत के पहले दो घंटे मे विभिन्न तरह के सुलहनीय विवादों का निपटारा कर दो लाख 40 हजार 702 विभिन्न तरह के विवादों का निपटारा कर दिया गया जिसमें 2 लाख 7 हजार 485 प्रिलेटिगेशन मामले ,जबकी 33 हजार 217 विभिन्न तरह के लंबित मुकदमे निष्पादित किए गए।जिसमे कुल एक अरब 9 करोड़ 37 लाख 4 हजार 556 रुपए की रिकवरी भी की गई। मौके पर ही मोटर यान दुर्घटना दावा से संबंधित एक मामले में ब्रिजमनि शर्मा को 99 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। ब्रिजमणि के अधिवक्ता बीके सिन्हा ने बताया कि बृजमणी के पति स्वर्गीय राजेन्द्र प्रसाद शर्मा पी. के. राय मेमोरियल कॉलेज में प्रोफेसर थे।कॉलेज जाने के दौरान वर्ष दो हजार उन्नीस में ऑटो वाले ने उन्हें धक्का मार दिया था जिनके कारण उनकी मौत हो गई थी।

न्यायाधीश श्री मयंक ने बताया कि शुभम सिंह को रेस्टोरेंट चलाने के लिए 50 लाख रुपए का लोन मौके पर दिलवाया गया ,जबकि मुर्गी पालन के लिए बबीता देवी को 20 लाख का लोन का चेक, मां इलेक्ट्रॉनिक्स को दस लाख रूपए के लोन विवाद को मौके पर निपटा दिया गया। दो दिव्यांगों को मौके पर ही ट्राईसाइकिल दिव्यांग प्रमाण पत्र व स्पॉन्सरशिप योजना का। लाभ दिया गया। वहीं 4 बच्चों को जिनके माता पिता नहीं थे उन्हें स्पॉन्सरशिप योजना से जोड़कर उन्हें पढ़ाई लिखाई के लिए मिलने वाली चार हजार रुपये की राशि का चेक प्रदान किया गया। उन्होंने सभी वादकारी, न्यायिक पदाधिकारियों विभाग के अधिकारियों एवं बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं का सहयोग के लिए आभार प्रकट किया । न्यायाधिश न्यायिक पदाधिकारियों में प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय सुभाष,जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्रा अवस्थी, पारस कुमार सिन्हा,कुमार साकेत, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला ,अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पार्थ सारथी घोष, अवर न्यायाधीश एंजेलीना जोन, राजीव कुमार सिंह, शमा रोशनी कुलु, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी अभिजीत पाण्डेय ,रजिस्ट्रार आइ जेड खान, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी ऋषि कुमार, मनोज कुमार , विवेक राज ,स्थायी लोक अदालत के चेयरमैन पीयूष कुमार, सर्टिफिकेट ऑफिसर रविंद्रनाथ ठाकुर उपभोक्ता फोरम की सदस्य शिप्रा समेत एलएडीसएस के चीफ कुमार विमिलेंदु, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट,सहायक नीरज गोयल,कन्हैयालाल ठाकुर ,शैलेंद्र झा,सुमन पाठक, मुस्कान चोपड़ा,स्वाति कुमारी विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, डालसा सहायक सौरभ सरकार, अरुण कुमार,संजय सिन्हा ,अनुराग,विधि स्वयं सेवक नवीन कुमार ,हेमराज चौहान डिपेंटी गुप्ता, गीता कुमारी ,राजेश सिंह,सोमित मंडल समेत समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# मातृ दिवस समारोह में बच्चों के बीच प्रतियोगिता का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** डीएवी सेक्टर 4 में मातृ दिवस समारोह का आयोजन गायत्री मंत्रोच्चारण के बीच दीप प्रज्वलित कर किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में भरत नाट्यम की धुन पर बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का मन मोह लिया। सीसीए के अंतर्गत आयोजित इस प्रतियोगिता में एलकेजी से कक्षा द्वितीय तक के बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। सभी प्रतियोगी बच्चों को मां के निर्देशन में दिए गए कार्य को निर्धारित समय में पूर्ण करके दिखाना था। कुछ बच्चों ने विविध आकृतियां बना कर मां को उपहार स्वरूप समर्पित भी कर दिया। कल्पना कीजिए कि प्रतिदिन मां बच्चों को तैयार कर स्कूल भेज रही हैं वही बच्चों के नन्हे - नन्हे हाथ मां को सज्जित करने में लगे हुए हैं इससे सुखद और वात्सल्यपूर्ण पल और कुछ हो ही नहीं सकता। मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा है। माँ के साथ बच्चों का रैम्प वॉक । दोनों की शानदार प्रस्तुति सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया । विद्यालय के प्राचार्य श्री एस के मिश्रा ने बच्चों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि- आज हम मदर्स डे मनाने के लिए इकट्ठे हुए हैं, जो माताओं के असीम प्रेम और बलिदान को समर्पित है। माँ सिर्फ एक माता नहीं है, बल्कि वह एक मार्गदर्शक, शिक्षक और सबसे अच्छी दोस्त भी है। हमें स्कूल के लिए जगाने से लेकर हमारे कठिन समय में साथ देने तक, माताएं अपने आप को हमारे कल्याण के लिए समर्पित करती हैं। आइए हम एक पल के लिए अपनी माताओं के अटूट समर्थन, प्रेम और देखभाल की सराहना करें। सभी अद्भुत माताओं को मदर्स डे की शुभकामनाएं! हमारी ताकत का स्तंभ बनने के लिए भी बहुत-बहुत धन्यवाद।" अंत में बच्चों को एक सलाह देते हुए कहना चाहूंगा कि माँ को नाराज करना बच्चों तुम्हारी भूल है वो तो जन्नत की मूल है बस प्यार करना उसका उसूल है। आप सब को पता है कि शांति स्थापना के लिए निरंतर प्रयत्नशील भारत असामाजिक तत्वों को मुँह तोड़ जवाब दे रहा है। सीमा पर तैनात सैनिकों के लिए माताओं की अंतरतम से दी गई शुभकामनाएं जरूरी है उनके लिए जिनके भरोसे हम सो रहे हो वो आपके लिए लड़ रहे हैं और उनका परिवार आज भी नहीं सोएगा उनकी रात आजकल बहुत लंबी होगी। मातृ दिवस पर माताओं की हृदय से की गई प्रार्थना सीमा पर तैनात सैनिकों का शक्ति बल बने। तभी इस दिवस की सार्थकता सिद्ध होगी।




# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान 15 जून से 30 जून तक

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 15 जून से 30 जून तक धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत किया जाएगा लोगों को जागरूक धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान जनजातीय समुदायों के समग्र विकास के लिए एक व्यापक योजना है जो बुनियादी सुविधाओं, स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका में सुधार कर-के उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार करने का लक्ष्य रखती है। उपायुक्त माधवी मिश्रा ने बताया कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान एक व्यापक योजना है। जिसका उद्देश्य जनजातीय क्षेत्रों में समग्र विकास को बढ़ावा देना है। इसके तहत 15 से 30 जून तक धनबाद जिला में जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे, जिसमें जनजातीय गांवों में बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाना और जनजातीय समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार करना शामिल है। इसके तहत सबको पक्का घर, हर घर नल से जल, गांव गांव तक सड़क, हर घर बिजली, हर घर सोलर से बिजली, शिक्षा के लिए हॉस्टल, दूर दराज गांवों तक मोबाइल मेडिकल यूनिट, मोबाइल मेडिकल वैन सुविधा, सभी को वन पट्टा उपलब्ध कराना, कौशल विकास योजना का लाभ, कृषि के क्षेत्र में प्रोत्साहन, पीएम मत्स्य संपदा योजना का लाभ देना, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज योजना का लाभ, स्वदेश दर्शन, जनजातीय द्वारा बनाए प्रोडक्ट को मार्केट तक पहुचाने के लिए मल्टी पर्पस मार्केटिंग सेंटर बनाने, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ, फ्री एलपीजी कनेक्शन प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत देना, सबको पोषण, आंगनबाडी केंद्र, पोषण वाटिका समेत कई विभिन्न योजनाओं का लाभ जनजातीय लाभुकों को पहुंचाना है।उपायुक्त ने बताया कि धनबाद जिला के तोपचांची प्रखंड अंतर्गत चलकरी ग्राम में बिरहोर जनजाति के लोगों के लिए पीएम जनमन योजना के तहत सभी प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाया गया है। चलकरी ग्राम में आवास योजना, हर घर नल से जल योजना, स्वास्थ्य केंद्र, स्कूल, आंगनबाड़ी, सड़क आदि सभी प्रकार के बुनियादी सुविधाएं पहुचाई गयी है। इसके अलावा सभी घरों में राशन भी मुहैया कराया जाता है। साथ ही धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान विभिन्न योजनाओं के लाभ पहुँचाने हेतु संबंधित सभी विभाग को समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया है।

**अभियान का उद्देश्य**

जनजातीय क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका में महत्वपूर्ण अंतर को दूर करना. जनजातीय समुदायों के लिए समान अवसरों का सृजन करना.सामाजिक-आर्थिक स्तर का विकास करना. जनजातीय क्षेत्रों में सतत विकास सुनिश्चित करना.

**अभियान के तहत किए जाने वाले कार्य:**

सामाजिक बुनियादी ढांचे में सुधार (जैसे कि आवास, कनेक्टिविटी, आदि). सेवाओं का विस्तार (जैसे कि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच सुनिश्चित करना, आदि). शिक्षा को बढ़ावा देना (जैसे कि स्कूल और छात्रावासों का निर्माण, आदि).आजीविका के अवसरों को बढ़ाना (जैसे कि कौशल विकास कार्यक्रम, आदि)।

# उपायुक्त ने किया रणधीर वर्मा चौक से मटकुरिया तक वैकल्पिक रूट का निरीक्षण

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक हदीप पी जनार्दनन ने शनिवार को बैंक मोड़ फ्लाईओवर की मरम्मत के दौरान निर्धारित वैकल्पिक रूट का निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने झारखंड मैदान मोड़, बरमसिया एफ.सी.आई. गोदाम, धनबाद रेलवे स्टेशन के दक्षिणी छोर के मार्ग पर अतिक्रमण दूर करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि फ्लाइओवर मरम्मती के दौरान वैकल्पिक मार्ग पर सुचारू यातायात व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को तीन शिफ्ट में काम चालू रखने एवं उसे समय पर पूरा करने तथा एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, अनुमंडल पदाधिकारी, ट्राफिक डीएसपी तथा अंचल अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि मरम्मती के प्रथम चरण में फ्लाइओवर का एक भाग बंद रहेगा। जबकि दूसरे भाग से हल्के वाहनों की आवाजाही जारी रहेगी। एक पखवाड़ा के बाद कार्य प्रगति की समीक्षा कर आगे का निर्णय लिया जाएगा। इसके बाद उन्होंने मटकुरिया से आरामोड़ तक बन रहे फ्लाइओवर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्री पीयूष सिन्हा, नगर आयुक्त 'o' रवि राज शर्मा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, डीएसपी ट्रैफिक अरविन्द कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता मिथिलेश प्रसाद, सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक व प्रकाश कुमार, अंचल अधिकारी धनबाद शशिकांत सिंकर व अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।



# कोटपा के तहत चलाया गया छापामारी अभियान

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त विजया जाधव के आदेशानुसार आज सिविल सर्जन बोकारो द्वारा खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी डा. श्वेता अमता लकडा एवं जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम बोकारो मो0 असलम के नेतृत्व में निकोटीन युक्त पान मसाला एवं तम्बाकु उत्पाद अधिनियम-2003 की धारा 4 व 6ए, 6बी के तहत हरला थाना क्षेत्र अन्तर्गत बसन्ती मोड, सेक्टर 9 ए रोड, सेक्टर 9 बी रोड, सरस्वती स्कूल एवं सरदार पटेल स्कूल के आस पास विशेष जांच अभियान चलाया गया, जिसमें लगभग कुल 57 दुकानों की जांच की गई जिसमें 13 दुकानों/ व्यक्तियों द्वारा कोटपा कानून उल्लघंग करते हुये पाया गया, जिनसे अर्थदण्ड के रूप में कुल 2150 रुपए की वसूली की गई।



**झारखण्ड में लगभग 88 लाख लोग तम्बाकू का प्रयोग करते है-**

इस संदर्भ में सिविल सर्जन डा. अभय भूषण प्रसाद ने बताया कि झारखण्ड में प्रत्येक दिन 146 बच्चे पहली वार तम्बाकू का उपयोग करना शुरू करते है जोकि केवल 13 से 15 आयुवर्ग के बच्चे होते है जो कही न कही कक्षा 7 से कक्षा 10 के बच्चे होते है। जिनको बचाना हम सभी विभागीय लोगों का दायित्व है। झारखण्ड में लगभग 88 लाख लोग तम्बाकू का प्रयोग किसी न किसी रूप में करते है, जिसमें हर वर्ष लगभग 35000 लोग तम्बाकू से होने वाले जनित रोगों की वजह से मौत के शिकार हो जा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि हम सभी आम जनमानस से अपील करते हैं कि खुद तम्बाकू के उपयोग से बचे। साथ ही अपने आसपास के लोगों को भी इसके दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करें। रास्ते चलते, गुमटी, खेल के मैदान, दुकानों के आस पास, स्कूल के आस पास धुम्रपान का सेवन करने से बचें। पैसिव स्मोकिंग की वजह से दूसरों को भी नुकसान हो सकता है। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी डा. श्वेता अमता लकड़ा ने बताया कि अपर मुख्य सचिव सह राज्य खाद्य सुरक्षा आयुक्त स्वास्थ्य शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग झारखण्ड रांची के आदेशानुसार तम्बाकू तथा निकोटीन युक्त गुटखा तथा पान मसाला के भंडारण, वितरण एवं बिक्री को अगले एक वर्ष तक के लिये प्रतिबन्धित किया गया है। सभी दुकानदार को निर्देश दिया कि तम्बाकू/पान मसाला/निकोटीन युक्त गुटखा का बिक्री न करें। छापामारी के दौरान सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर, सरदार पटेल पब्लिक स्कूल के आसपास की दुकानों से तम्बाकू उत्पाद हटाया गया। साथ ही विभिन्न दुकानदारो को जिला परामर्शी मो. असलम द्वारा आवश्यक निर्देश दिया गया कि स्कूल के 100 गज के दायरे में किसी भी मादक पदार्थ की बिक्री न करें अन्यथा पकडे जाने पर कोटपा 2003 की धारी 6/बी के तहत कार्रवाई की जायेगी। छापामारी के दौरान स्वास्थ्य विभाग से खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी डा. श्वेता अमृता लकडा, मो. असलम जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम बोकारो के साथ छापामारी दल उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में परिसंपत्तियों का भी हुआ वितरण

**लोहरदगा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नालसा नई दिल्ली के निर्देश पर शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत झारखंड का सुबह आरंभ पूरे झारखंड में लोहरदगा जिले के नया नगर भवन से वर्चुअल माध्यम से किया गया। जहां मुख्य अतिथि के तौर पर वसरिष्टम न्यायाधीश जलसा के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद एवं झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अनुभव रावत चौधरी मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर किया गया जहां मौके पर जलसा रांची मेंबर सेक्रेटरी कुमारी रंजना आस्था जिला एवं सत्र न्यायाधीश शाह सालसा अध्यक्ष राजकमल मिश्रा उपयुक्त लोहरदगा पुलिस अधीक्षक लोहरदगा एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## टाटा स्टील का समर कैंप शुरू 30 मई तक चलेगा

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** टाटा स्टील का समर कैंप आज शुरू हुआ।। यह समर कैंप 30 मई तक चलेगा। समर कैंप जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हो रहा है। नए कार्यक्रम में 4-6 साल के बच्चों के लिए भी विभिन्न खेल गतिविधियां हुईं। इस अवसर पर टाटा स्टील के कॉर्पोरेट सर्विसेज के वाइस प्रेसीडेंट डी बी सुंदर रामम ने समर कैंप का उद्घाटन किया। पहले दिन बच्चों ने समर कैंप का आनंद लिया।

इस साल समर कैंप के साथ-साथ टाटा स्टील कलिंगानगर, टाटा स्टील मीरामंदली, रॉ मटेरियल लोकेशंस, टाटा स्टील ग्रोथ शॉप और टाटा स्टील गम्हरिया में भी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इनमें क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स आदि शामिल हैं। इस साल 4-6 साल के बच्चों के लिए एक नई श्रेणी जोड़ी गई है, जिसमें रोलर स्केटिंग, एथलेटिक्स, किड्स जुम्बा और फुटबॉल जैसी गतिविधियां शामिल हैं। रामम ने बच्चों से समर कैंप का पूरा लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ खेल और अभ्यास का मौका नहीं, बल्कि टीम वर्क, अनुशासन और दोस्ती को बढ़ावा देने का एक बेहतरीन अवसर है।

समर कैंप में मस्ती की पाठशाला कार्यक्रम से लगभग 100 बच्चों और अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदाय के 40 बच्चों को भी प्रायोजित किया जाएगा। इसके अलावा, बच्चों को स्विमिंग, आर्चरी, हॉर्स राइडिंग, वॉलीबॉल, हॉकी, रोलर स्केटिंग जैसे खेलों की ट्रेनिंग दी जाएगी। समर कैंप में गुड टच और बैड टच, मासिक धर्म स्वच्छता, पोषण और खेलों के लिए हाइड्रेशन जैसे महत्वपूर्ण सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। मौसम को ध्यान में रखते हुए, पानी के प्रबंधक और हाइड्रेशन सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं।

# बी एस एल की टाउनशिप में सिविल सम्बन्धित अनुरक्षण हेतु ‘शिकायत प्रबंधन’ नामक वेब आधारित एप्लिकेशन लॉन्च








**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 10 मई को बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी के द्वारा औपचारिक रूप से ‘शिकायत प्रबंधन’ नामक एक वेब आधारित एप्लिकेशन लॉन्च किया गया. इस मौके पर में अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रँगानी, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, मुख्य महाप्रबंधक (नगर सेवा) कुंदन कुमार, महाप्रबंधक-प्रभारी (नगर सेवा-सिविल) राज कुमार पात्रो के साथ वरीय अधिशासी उपस्थित थे. ‘शिकायत प्रबंधन’ नामक वेब आधारित एप्प का उद्देश्य टाउनशिप में सिविल अनुरक्षण से संबंधित शिकायतों का ससमय समाधान करना है. यह सुविधा उपयोगकर्ता को अधिक दक्षता के साथ अनुकूल डिजिटल प्लेटफॉर्म, पारदर्शिता और समय पर निवारण सुनिश्चित करते हुए रखरखाव से संबंधित शिकायतों को दर्ज करने, ट्रैक करने और हल करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने हेतु बनाया गया है.

यह पहल स्मार्ट प्रौद्योगिकी के माध्यम से कार्यस्थल के बुनियादी ढांचे और कर्मचारी सुविधा को बढ़ाने के लिए बीएसएल की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है."शिकायत प्रबंधन" नामक वेब आधारित एप्प एंड्रॉइड तथा आईओएस के प्ले स्टोर पर उपलब्ध है. बीएसएल, बीपीएससीएल, एसआरयू, जेजीओएम, कोलियरीज आदि जैसी सहयोगी इकाइयों के बीएसएल टाउनशिप में रहने वाले अधिकारी तथा कर्मचारी अपने स्टाफ नंबर/कर्मचारी आईडी के माध्यम से पंजीकरण कर सिविल अनुरक्षण से संबंधित दैनिक शिकायतों को हल करने हेतु "शिकायत प्रबंधन" नामक वेब आधारित एप्प का प्रयोग कर सकते हैं.

## मिथिला एकेडमी में साहित्य लोक का साहित्यिक समारोह आज

**बहुभाषी कवि सम्मेलन में साहित्यकार करेंगे काव्य पाठ**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** साहित्यिक संस्था साहित्य लोक एवं प्रतिष्ठित सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था मिथिला सांस्कृतिक परिषद, बोकारो के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल, सेक्टर-4 के विद्यापति सभागार में दिन में 10:30 बजे से साहित्यिक समारोह व बहुभाषी कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम में रांची से भारतीय वन सेवा के अवकाश प्राप्त वरिष्ठ अधिकारी व साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त साहित्यकार कुमार मनीष अरविंद बतौर मुख्य अतिथि जबकि हजारीबाग से वरिष्ठ साहित्यकार हितनाथ झा व धनबाद से उदयचंद्र लाल दास विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

शनिवार को उक्त जानकारी देते हुए साहित्यलोक के संयोजक अमन कुमार झा व प्रवक्ता अरुण पाठक ने बताया कि इस साहित्यिक समारोह में भव्य बहुभाषी कवि सम्मेलन का आयोजन होगा जिसमें बाहर से आमंत्रित कवियों सहित बोकारो के वरिष्ठ साहित्यकार बुद्धिनाथ झा, विजय शंकर मल्लिक सुधापति, रणधीर चंद्र गोस्वामी, डॉ परमेश्वर भारती, राजीव कंठ, राजेंद्र कुमार, सुनील मोहन ठाकुर, डॉ रणजीत कुमार झा, प्रदीप कुमार दीपक, करुणा कलिका, शैलजा झा, नीलम झा, अमृता शर्मा, ब्रजेश पांडेय, डॉ आर एन सिंह आदि काव्य पाठ करेंगे। उन्होंने सभी काव्य प्रेमियों से इस कार्यक्रम का आनंद लेने की अपील की है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल फोन नंबर- 9431145665 8210783623 आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655 E-mail- nbtimesbihar@gmail.com